# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | = ₹96534/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | = ₹117900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | = ₹128699/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand® Jewels

Pandri, Raipur

*Conditions apply






## मैच से पहले विराट, रोहित और साउथ अफ्रीका के स्टार्स ने मैदान में बहाया पसीना, दिखा जबरदस्त जोश

# बड़ा खुलासा...छत्तीसगढ़ में डिजीटल कालाबाजारी पहली बार, टिकट खरीदकर 10 गुना दाम तक बेच रहे



### केस 01

- रिपोर्टर- भाई टिकट मिल जाएगा क्या? बहुत जरूरी है।
- दलाल- हां मिल जाएगा। कितना चाहिए?
- रिपोर्टर- चार टिकट चाहिए। कितना रेट हैं?
- दलाल- 1500 का टिकट 6 हजार में रेट चल रहा है अभी
- रिपोर्टर- कम नहीं होगा?
- दलालः नहीं होगा। 3500 का 10 हजार में मिल रहा है। शाम तक ये और बढ़ जाएगा।

### केस 02

क्रिकेट मैच के सभी टिकटें टिकट जेनी वेबसाइट पर बेची गईं, लेकिन बुकिंग बंद होने के बाद वियागोगो ऐप लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। इस प्लेटफॉर्म पर यूजर्स अपने टिकटों को दो से तीन गुना दाम में बेचते नजर आए। जब ऐप पर टिकट की जांच की गई, तो पाया गया कि 1500 रुपये का टिकट 15,000 रुपये में और 3500 रुपये का टिकट 21,000 रुपये तक उपलब्ध था। यही नहीं, ऐप पर 15, 16, 17, 20, 21 हजार से लेकर 84 हजार रुपये तक के टिकटें भी लिस्टेड थे। ▶▶| शेष पेज 8 पर

*वियागोगो एप में अब भी हजारों टिकट उपलब्ध*

*छत्तीसगढ़ में पहली बार क्रिकेट मैच के टिकटों की कालाबाजारी डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए हो रही है। ऑनलाइन टिकट खरीदकर लोग 'वियागोगो एप' के माध्यम से 1500 रुपए के टिकट को 15 हजार में बेच रहे हैं। वहीं 3500 से 20 हजार तक के टिकट एप पर 84 हजार रुपए तक में लिस्ट किए गए हैं।*

ललित राठोड़ ▶▶| रायपुर

शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में बुधवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। मैच से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने नेट प्रैक्टिस में जमकर पसीना बहाया और इधर दूसरी ओर क्रिकेट प्रेमी दिनभर फिजिकल टिकट के लिए जद्दोजहद करते नजर आए। टिकटों की भारी मांग के कारण मंगलवार को दलालों द्वारा 1500 रुपये वाले टिकट को 6000 से लेकर 10000 रुपये तक बेचा गया। इस बार मेट्रो सिटी की तर्ज पर ब्लैक में टिकट वेबसाइट्स पर भी बेचे जाते दिखे, जहां पेवेलियन के एक टिकट की कीमत 84 हजार रुपये तक पहुंच गई।

हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि दलालों ने पहले से ही बड़ी संख्या में ऑनलाइन टिकट बुक कर रखे थे और उन्हें मंगलवार को इंडोर स्टेडियम के बाहर महंगे दामों में बेचा गया। हरिभूमि के स्टिंग में भी दलाल ने ऑनलाइन टिकट देने की बात कही। दिनभर इंडोर स्टेडियम में टिकट की तलाश में लोग पहुंचते रहे।




### विराट और रोहित ने जमकर की बल्लेबाजी मैदान में गूंजे शॉट्स

शाम 5 बजे स्टेडियम में टीम इंडिया ने नेट प्रैक्टिस की। इस दौरान विराट कोहली और रोहित शर्मा की बल्लेबाजी का शानदार नजारा देखने को मिला। विराट कोहली ने पहले करीब 40 मिनट तक ग्राउंड शॉट्स का अभ्यास किया। इसके बाद उन्होंने डिफेंसिव तकनीक पर काम किया और फिर तेज हिटिंग शुरू की। विराट के बल्ले से निकली एक गेंद स्टेडियम की दूसरी मंजिल तक पहुंच गई।

### साउथ अफ्रीका ने की पावर हिटिंग प्रैक्टिस लगाए लंबे छक्के

मैच से पहले साउथ अफ्रीका के खिलाड़ियों ने रायपुर स्टेडियम में दोपहर 1 बजे नेट सेशन के दौरान जमकर पसीना बहाया। बल्लेबाजी अभ्यास में टेंबा बावुमा, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, टोनी डी जोर्जी और डेवाल्ड ब्रेविस ने पावर हिटिंग पर खास फोकस किया। खिलाड़ियों ने बड़े-बड़े छक्के लगाए, खासकर उन हिस्सों में जहां बाउंड्री की दूरी ज्यादा थी।

**खिलाड़ियों के साथ दर्शकों के स्वास्थ्य का ध्यान**

## स्टेडियम के बाहर हेल्थ डिपार्टमेंट, भीतर रहेगी रामकृष्ण के डाक्टरों की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले क्रिकेट मैच के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम स्टेडियम के बाहर व्यवस्था संभालेगी और रामकृष्ण हॉस्पिटल के डाक्टर और एडवांस लाइफ स्पोर्ट सिस्टम वाली एंबुलेंस भीतर खिलाड़ियों के साथ दर्शकों के स्वास्थ्य का ख्याल रखेगी। इसके लिए हास्पिटल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलग-अलग इंतजाम किए गए हैं। शहीद वीरनारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम परसदा में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच होने ▶▶| शेष पेज 8 पर

### दर्जनभर सरकारी टीम

स्वास्थ्य विभाग के सरकारी डाक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ के साथ दर्जनभर टीमें बनाई गई हैं। यह स्टेडियम के बाहर यानी गेट तक किसी के बीमार होने पर उपचार सुविधा प्रदान करेंगी। जीवन रक्षक शासकीय दवाओं के साथ ▶▶| शेष पेज 8 पर

### *बाहर के शोर पर ध्यान नहीं दे सकता : हर्षित राणा*

*भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अब बुधवार को दूसरा वनडे मैच खेला जाएगा। इस मैच से पहले हर्षित ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हर्षित से जब पूछा गया कि वह सोशल मीडिया पर प्रशंसकों सहित अन्य लोगों की आलोचना से कैसे निपटते हैं? इस पर उन्होंने कहा, अगर मैं इन सब बातों को सुनना शुरू कर दूं और उन्हें अपने दिमाग में रखकर मैदान पर उतरूं, तो मैं क्रिकेट नहीं खेल पाऊंगा। मैं जितना हो सके इससे बचने की कोशिश करता हूं। मैं बस इस बात पर ध्यान देता हूं कि मुझे मैदान पर क्या करना है। मुझे इस बात* ▶▶| शेष पेज 8 पर



### *रायपुर का स्टेडियम बड़ा, बल्लेबाजों को रनिंग ज्यादा करनी पड़ेगी*

*नेट प्रैक्टिस से पहले दोपहर में साउथ आफ्रीका के कप्तान टेंबा बावुमा ने प्रेस कांफ्रेंस में अपनी रणनीति और पिच को लेकर चर्चा की। बावुमा के कहा कि ईडन गार्डन्स की पिच रांची की तुलना में साइड्स से अधिक बड़ी दिख रही है। इससे बल्लेबाजों को ज्यादा रनिंग करनी पड़ सकती है। गेंदबाज लंबे सीधे बाउंड्री का फायदा उठा सकते हैं। विकेट कैसा व्यवहार करेगा, यह आखिरी समय में तय करेगा कि रणनीति क्या होगी। उन्होंने रांची वनडे के फैसले का बचाव किया, जहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की थी। बावुमा ने कहा कि ओस और मैदान की* ▶▶| शेष पेज 8 पर



**खबर संक्षेप**

### ऑनलाइन सट्टेबाजी में अभिनेत्री नेहा से पूछताछ

**नई दिल्ली।** मॉडल और अभिनेत्री नेहा शर्मा ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच '1एक्सबेट' से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश हुईं। माना जा रहा है कि शर्मा कुछ विज्ञापनों के माध्यम से सट्टेबाजी मंच से जुड़ी हुई हैं। संघीय जांच एजेंसी ने इससे पहले इसी मामले में पूर्व क्रिकेटरों शिखर धवन और सुरेश रैना से इसी तरह पूछताछ के बाद उनकी 11.14 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी।

### आदमखोर हो चुका तेंदुआ पिंजरे में हुआ कैद

**बहराइच।** बहराइच जिले में करीब छह दिन पहले उमरी दहलो गांव में एक महिला पर जानलेवा हमला करने वाला नर तेंदुआ वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। प्रभागीय वन अधिकारी ने बताया कि महसी एवं कैसरगंज तहसीलों के आबादी वाले क्षेत्र में गत 26 नवम्बर की शाम उमरी दहलो गांव में शांति देवी (55) पर हमला कर उसे घायल किया था।

### मॉस्को संसद के निचले सदन ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के ठीक पहले मॉस्को की संसद के निचले सदन यानी स्टेट ड्यूमा ने भारत के साथ किए गए लॉजिस्टिक सहयोग से संबंधित पारस्परिक आदान-प्रदान से जुड़े हुए एक महत्वपूर्ण समझौते को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। जिसके जरिए दोनों देशों की नौसेनाएं भविष्य में लॉजिस्टिक्स आदान-प्रदान से जुड़ी तमाम गतिविधियों का संचालन करेंगी।

**वीपी सिंह सरकार छोड़े थे 5 आतंकी**

## मेहबूबा की बहन के अपहरण का मास्टरमाइंड 35 साल बाद गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

सीबीआई ने पूर्व गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी डॉ. रुबैया सईद अपहरणकांड में शामिल शख्स शफात अहमद को गिरफ्तार किया। यह किडनैपिंग केस 1989 में हुआ था और यह शख्स बीते 35 सालों से वॉन्टेड था। आरोपी शफात अहमद शांगलू को भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। उसके ऊपर 10 लाख रुपये का इनाम था। जेकेएलएफ के जेल में बंद प्रमुख यासीन मलिक इस मामले में मुकदमे का सामना कर रहे हैं।

### क्या है रुबैया अपहरण केस

रुबैया सईद मुफ्ती सईद की तीसरी बेटी हैं और पीडीपी अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बहन हैं। 1989 में वह 23 साल की थीं और एक मेडिकल इंटर्न थीं। जेकेएलएफ के आतंकवादियों ने 8 दिसंबर 1989 को जम्मू-कश्मीर के नौगाम स्थित उनके घर के पास से उनका अपहरण कर लिया था।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा**

## ईसाई बनने पर नहीं दिया जा सकता अनुसूचित जाति का फायदा

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा है कि जो लोग इसाई धर्म अपना



चुके हैं, उन्हें अनुसूचित जाति (एससी) का लाभ नहीं दिया जा सकता। कोर्ट ने ऐसे मामलों को "संविधान के साथ धोखाधड़ी" बताते हुए सभी जिलाधिकारियों को चार महीने के भीतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### सिर्फ इन्हें मिलेगा एससी का लाभ

कोर्ट ने कहा कानून के मुताबिक, अनुसूचित जाति का फायदा केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म के लोगों को मिलता है। धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों को यह लाभ नहीं दिया जाता। महराजगंज के रहने वाले जितेंद्र साहनी की याचिका खारिज करते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि अगर कोई ▶▶| शेष पेज 8 पर

**सहमति बनने के बाद लोकसभा में जारी गतिरोध खत्म होने के आसार हैं**

# एसआईआर पर हंगामा, दोनों सदन स्थगित, सरकार चुनाव सुधार पर चर्चा को तैयार, 9 दिसंबर तारीख तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

एसआईआर व संचार साथी एप समेत कुछ अन्य मुद्दों पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा व राज्यसभा की बैठक पहले दिन भर व बाद में बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं लोकसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में सोमवार आठ दिसंबर को राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' पर और मंगलवार नौ दिसंबर को चुनाव सुधार पर चर्चा ▶▶ शेष पेज 8 पर

### कुछ सांसदों की भाषा संसद व देशहित में नहीं : बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया तो विपक्षी सदस्य आसन के पास आकर नारेबाजी करने लगे। उन्होंने कुछ विपक्षी सदस्यों के आचरण पर चिंता जताते हुए यह भी कहा, "जिस तरह का आपका आचरण मैं संसद के अंदर देख रहा हूं।



### संचार साथी ऐप को लेकर क्या है विवाद

ज्ञात हो कि टेलिकॉम विभाग ने हाल ही में मोबाइल कंपनियों को निर्देश दिया है कि नए हैंडसेट में संचार साथी ऐप प्री-इंस्टॉल किया जाए। ऐप फोन सेटअप के समय दिखना, चलना और यूजर के लिए पूरी तरह एक्सेसिबल होना चाहिए। सरकार का कहना है कि ये कदम टेलिकॉम फ्रॉड रोकने और मोबाइल की असलियत पहचानने के लिए जरूरी है।

### ऐप को रखना या न रखना आपकी मर्जी

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने समाचार साथी ऐप को लेकर फैली गलतफहमियों को स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि यह ऐप उपभोक्ता की मर्जी के ऊपर निर्भर करता है कि वह इसे रखे या न रखे। इससे जासूसी का आरोप बिल्कुल निराधार है। यह ऐप जासूसी या आपकी कॉल्स मॉनिटर नहीं करता। ऐप पूरी तरह से वॉलंटरी है।

**'सेवा तीर्थ' परिसर में बनाई गई है तीन हाई-टेक इमारतें**

# 'सेवा तीर्थ' होगा पीएमओ का नाम, राजभवन कहलाएंगे लोकभवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदलकर सेवा तीर्थ कर दिया गया है। दशकों से दक्षिण ब्लॉक में संचालित हो रहा पीएमओ अब नए परिसर 'सेवा तीर्थ' में शिफ्ट होने की तैयारी में है। नया कार्यालय सेवा तीर्थ-1 में बनाया गया है, जो वायु भवन के पास निर्मित एक आधुनिक और सुरक्षित सरकारी कॉम्प्लेक्स का हिस्सा है। नई इमारतों को इंटेलिजेंस-प्रूफ, सुरक्षित संचार प्रणाली और आधुनिक तकनीक से लैस बनाया गया है। इसी प्रकार राज्यपाल और उपराज्यपालों के ऑफिस का नाम अब लोक भवन और लोक निवास होगा। इस बदलाव को सरकार की बड़े स्तर पर प्रशासनिक पुनर्गठन और केंद्रीय सचिवालय के एकीकरण की योजना का हिस्सा माना जा रहा है।

### सेवा तीर्थ-2 और 3 में होंगे प्रमुख कार्यालय

'सेवा तीर्थ' परिसर में कुल तीन हाई-टेक इमारतें बनाई गई हैं. सेवा तीर्थ-2 में कैबिनेट सचिवालय शिफ्ट होगा। सेवा तीर्थ-3 में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का कार्यालय स्थापित किया जाएगा। यह स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 14 अक्टूबर को कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन ने सेवा तीर्थ-2 में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और तीनों सेना प्रमुखों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की, जो नए परिसर की औपचारिक शुरुआत मानी जा रही है।




### राजभवन का नाम होगा लोक भवन

राज्यों के राज्यपालों के आधिकारिक आवास 'राजभवन' का भी नाम भी बदलकर 'लोक भवन' रखा जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शासन के क्षेत्रों को 'कर्तव्य' और पारदर्शिता को प्रतिबिंबित करने के लिए नया रूप दिया गया है। उन्होंने कहा, 'हर नाम, हर इमारत और हर प्रतीक अब एक सरल विचार की ओर इशारा करते हैं- सरकार सेवा के लिए है।

### अब तक आठ राजभवनों के बदले नाम

अब तक आठ राज्यों ने राजभवनों का नाम बदलकर लोकभवन कर दिया है। इन राज्यों में पश्चिम बंगाल, गुजरात, तमिलनाडु, त्रिपुरा, केरल, ओडिशा, असम, उत्तराखंड, शामिल हैं। इसके अलावा, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश में उपराज्यपाल के राज निवास का नाम लोक निवास कर दिया गया है।

### *केन्द्रीय सचिवालय का नाम कर्तव्य भवन*

*इसी प्रकार केंद्रीय सचिवालय का नाम कर्तव्य भवन है, जो एक विशाल प्रशासनिक केंद्र है, जिसका निर्माण इस विचार के इर्द-गिर्द किया गया है कि सार्वजनिक सेवा एक प्रतिबद्धता है। अधिकारियों ने कहा, 'ये बदलाव एक गहरे वैचारिक परिवर्तन का प्रतीक हैं। भारतीय लोकतंत्र सत्ता की बजाय जिम्मेदारी और पद की बजाय सेवा को चुन रहा है.' उन्होंने कहा, 'नामों में बदलाव मानसिकता में भी बदलाव है। आज, वे सेवा, कर्तव्य और नागरिक-प्रथम शासन की भाषा बोलते हैं।*




छत्तीसगढ़ विधानसभा के इतिहास में दर्ज विधायकों सवाल, मंत्रियों के जवाब और सरकार के फैसलों की फाइलें अब सिमट कर एक पुलिंदों में तब्दील होती जा रही हैं। इन फाइलों को अब नवा रायपुर स्थित नए विधानसभा भवन ले जाया जा रहा है।

# पुराने विधानसभा से सिमटने लगी सवालों-जवाबों और फैसलों की फाइलें

## नए भवन में शिफ्टिंग शुरू, सभी सेक्शन में फाइलों के बस्ते तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन की शिफ्टिंग दिसंबर के शुरू होते ही शुरू हो गई है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र को देखते हुए सभी सेक्शन को फाइलों के बस्ते बांधकर तैयार रहने कहा गया है। विधानसभा सचिवालय से विधानसभा की एक बस में फाइलों के बंडल रखकर नए विधानसभा में शिफ्ट किया जा रहा है। वहीं सेक्शन के अन्य सामान फर्नीचर, इलेक्ट्रानिक उपकरण और अन्य सामान भी मेटाडोर के माध्यम से शिफ्ट किए जा रहे हैं। मंगलवार को शुरू की गई शिफ्टिंग की प्रक्रिया को सचिवालय द्वारा मानिटरिंग किया जा रहा है। पहले दिन प्रतिवेदन और संदर्भ शाखा की फाइलों को बस्ता बांधकर शिफ्ट किया गया। शेष सभी सेक्शन को भी सामान बांधकर तैयार रहने कहा गया है। नए विधानसभा भवन में सभी सेक्शन को कमरों का आबंटन पूरा कर दिया गया है। विधानसभा सचिवालय ने इसके आदेश जारी करते हुए उन्हें अपना सामान वहां रखवाकर काम शुरू करने के निर्देश जारी किए गए हैं।





### 25 साल पहले विधानसभा बना था

पुराना विधानसभा भवन जो पहले केंद्रीय भू-जल सर्वेक्षण बोर्ड कार्यालय के लिए तैयार किया गया था, उसे नए राज्य के विधानसभा भवन के लिए चिन्हांकित किया गया था। तब से लेकर अब तक विधानसभा का संचालन यहीं से हो रहा था। राज्य के रजत जयंती वर्ष में नए भवन बनने के बाद इसे खाली किया जा रहा है। विधानसभा सचिवालय द्वारा इसे राज्य शासन को वापस किया जाएगा। राज्य सरकार इसके उपयोग के बारे तय करेगी।

### प्रधानमंत्री ने राज्योत्सव में किया था लोकार्पण

नवा रायपुर में नए विधानसभा भवन का 1 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकार्पण किया था। 2020 तक नए भवन का भूमिपूजन कांग्रेस सरकार के समय हुआ था। उसके बाद इसका निर्माण शुरू हुआ। कोरोना काल के समय इसका निर्माण करीब डेढ़ साल तक अटका रहा। उसके बाद निर्माण में तेजी आई। भाजपा सरकार आने के बाद पिछले दो साल में इसके निर्माण में तेजी लाते हुए पूरा किया गया। अब यहां पर शीतकालीन सत्र 14 दिसंबर से शुरू हो रहा है। सत्र शुरू होने के बाद यहां से कामकाज और कार्यालय गतिविधि बढ़ाने पर जोर देते हुए इसे शिफ्ट किया जा रहा है।

### सचिव ने किया मुआयना

विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने सभी विभागों में फाइलों के बंडल और फर्नीचर और अन्य सामान की पैकिंग का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि आने वाले सप्ताह के अंदर सभी सेक्शन को वहां पर कामकाज शुरू किया जाना है। सभी विभागों को 8 या 9 तारीख तक पूरा सामान शिफ्ट करने कहा गया है।

**फर्नीचर सहित सभी सामान जाएगा :** पुराने विधानसभा भवन में जो सामान है, उसे नए भवन में शिफ्ट करने के लिए 50 श्रमिकों को लगाया गया है। उसके माध्यम से बसों में फाइलें और मेटाडोर में फर्नीचर और अन्य सामान ले जाया जा रहा है। यहां से सामान लोड होने के बाद नए भवन में सामान उतारने के लिए इतने ही श्रमिक वहां पर लगाए गए हैं। सेक्शन प्रभारियों को अपने सामनों को सभी ढंग से रखवाने और व्यवस्थित करने की जिंम्मेदारी दी गई है।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार कार पलटने से चार घायल

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र के फुंडहर चौक के पास सोमवार शाम कार पलटने से कार चालक सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। साथ ही कार पलटने की किसी ने अब तक थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार कार फुंडहर टर्निंग में कार की गति पर कंट्रोल नहीं कर पाया। मोड़ने के दौरान कार पलट गई। घायलों को निजी वाहन से उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। कार में सवार ड्राइवर सहित सभी को चोटें आई है।

### चापड़ मारकर लूट, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने गुमटी में चाय-नाश्ता का दुकान लगाने वाले के साथ लूट के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जनक यादव की शिकायत पर पुलिस ने वीरेंद्र तथा महेश निर्मलकर को गिरफ्तार किया है। जनक ने 5 अक्टूबर को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी गुमटी में आए एक युवक ने सिगरेट खरीदी। इसके बाद एक अन्य युवक ने बिरगांव के एक युवक के बारे में जानकारी मांगी। जानकारी नहीं होने की बात कहने पर बदमाश ने जनक के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। इस दौरान एक युवक जेब से चापड़ निकालकर जनक के कंधे पर वार कर उसकी जेब से नकदी तीन हजार रुपए सहित अन्य सामान लूटकर फरार हो गया।

### सास की हत्या के आरोप में दामाद गिरफ्तार

**रायपुर।** माना पुलिस ने घरेलू विवाद के चलते बुजुर्ग महिला की हत्या के आरोप में पुलिस ने उसके दामाद को गिरफ्तार किया है। बरौद, फोकटपारा निवासी राजा बाई बांधे की हत्या के आरोप में पुलिस ने वीरेंद्र कुर्रे को गिरफ्तार किया है। वीरेंद्र ने 4 नवंबर को अपनी सास के चेहरे पर मुक्कों से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया था। घटना दिनांक को वीरेंद्र अपने ससुराल में किसी की लाश गिराने की बात कहते हुए गाली-गलौज कर रहा था। राजा बाई ने वीरेंद्र को गाली-गलौज करने से रोका तो वीरेंद्र ने अपनी सास के बाल पकड़कर उसके नाक, मुंह तथा आंख के पास मुक्कों से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

### राजधानी एक्सप्रेस में अब आधार ओटीपी से ही मिलेगा तत्काल टिकट, नया नियम लागू

**रायपुर।** रेलवे बोर्ड ने तत्काल टिकट योजना में संशोधन करते हुए आधार आधारित ओटीपी के वेरीफिकेशन को अनिवार्य कर दिया है। नए नियम से अब यात्रियों को तत्काल बुकिंग के समय आधार ओटीपी सत्यापन पूरा करना आवश्यक होगा। ट्रेन नंबर 12441 बिलासपुर–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की अगली यात्रा सोमवार 2 दिसंबर को है। इस ट्रेन में यात्रा के लिए तत्काल बुकिंग रविवार को हुई, जिसमें प्रमाण मांगे गए। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रबंधन ने यात्रियों से अपील की है कि वे निर्देशों का पालन करें और बुकिंग के समय आधार ओटीपी का प्रमाण दें, जिससे आगे किभी तरह की परेशानी न आए। तत्काल टिकटों में हो रही गड़बड़ी के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने यह निर्णय लिया है।

## सर्वर डाउन से कर्मचारी परेशान

# मंत्रालय बायोमेट्रिक सिस्टम से लैस कलेक्टोरेट में मोबाइल एप से अटेंडेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

सरकारी कामकाज में सख्ती और पारदर्शी बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने मंत्रालय में बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम एक दिसंबर से लागू कर दिया है। इसके बाद से मंत्रालय में अधिकारी-कर्मचारियों का अटेंडेंस बायोमेट्रिक सिस्टम से होने लगा है। इधर राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट के सभी विभागों के दफ्तरों में भी अब बायोमेट्रिक सिस्टम लगाने की मांग उठने लगी है। कलेक्टोरेट में वर्तमान में मोबाइल एप तथा अधीक्षक के कमरे में रखे कम्प्यूटर सिस्टम के माध्यम से कर्मचारियों की अटेंडेंस लग रही है। ये दोनों सुविधा होने के बाद भी कई अधिकारी-कर्मचारी जहां लेट से दफ्तर पहुंच रहे हैं, वहीं कई कर्मचारियों के ड्यूटी टाइम से 5 से 10 मिनट पूर्व पहुंचने के बाद भी उनका अटेंडेंस समय पर लग नहीं पा रहा है। इसका कारण मोबाइल डाटा सर्वर का लो होना है। कलेक्टोरेट के दफ्तरों में डॉटा सर्वर लो होने से मोबाइल एप के माध्यम से अटेंडेंस लगाने में कर्मचारियों को दिक्कत हो रही है, जिससे समय पर पहुंचने के बाद भी अटेंडेंस रिकार्ड में लेटलतीफी शो कर रहा है।

### दिनभर रहती है सर्वर की समस्या

कलेक्टोरेट के ज्यादातर विभागों के दफ्तरों के अंदर सर्वर की समस्या है। प्रशासन के निर्देश के अनुसार कर्मचारियों को दफ्तर पहुंचने के बाद अपने स्थान (कुर्सी) पर बैठकर लाइव फोटो को मोबाइल एप में अपलोड कर अपनी अटेंडेंस लगाना है। यह लाइव फोटो ही कर्मचारियों के ड्यूटी समय पर पहुंचने का प्रमाण है, लेकिन कलेक्टोरेट के दफ्तरों के अंदर नेट सर्वर की समस्या है। इसके कारण दफ्तर के अंदर लाइव फोटो को मोबाइल एप में अपलोड करने में बहुत परेशानी होती है। यह समस्या दिनभर बनी रहती है।




### मोबाइल से नहीं होने पर अधीक्षक के कमरे में जाकर लगानी पड़ती है अटेंडेंस

नाम नहीं छापने की शर्त पर कुछ विभागों के कर्मचारियों ने बताया कि नेट सर्वर के कारण कभी-कभी मोबाइल एप में लाइव फोटो अपलोड नहीं हो पाती है, जिसके कारण उन्हें अधीक्षक के कक्ष में लगे कम्प्यूटर सिस्टम में जाकर अटेंडेंस लगानी पड़ती है। वहां भी अटेंडेंस लगाने में 5 मिनट से अधिक समय लग जाता है। तब तक ड्यूटी टाइम में पहुंचने का समय भी खत्म हो जाता है और अटेंडेंस में लेट से आना रिकार्ड हो जाता है।

### दफ्तर के बाहर बायोमेट्रिक सिस्टम लगाना चाहिए

कर्मचारियों ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि ड्यूटी में आने-जाने के समय पर सख्ती करने के लिए मोबाइल एप और कम्प्यूटर सिस्टम लगाया गया है, लेकिन इन दोनों सुविधा से कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। सर्वर समस्या के कारण समय पर दफ्तर पहुंचने के बाद भी लेट से आना रिकार्ड हो रहा है, वहीं मोबाइल से अटेंडेंस नहीं होने पर एक मंजिल-दो मंजिल उतरकर अधीक्षक के कमरे में दौड़कर जाना पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि सभी विभागों के दफ्तरों के बाहर बायोमेट्रिक सिस्टम लगाना चाहिए, ताकि कर्मचारी समय रहते अटेंडेंस लगा पाएं और अधीक्षक के कमरे में जाना नहीं पड़े।

### 10-12 साल पहले लगा था बायोमेट्रिक सिस्टम

कलेक्टोरेट के कुछ सीनियर कर्मचारियों ने बताया कि 10 से 12 साल पहले कलेक्टोरेट में बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लगाने का प्रयास किया गया था। इसके लिए अधीक्षक के कमरे में करीब एक महीने तक सिस्टम भी लगा था, लेकिन कई कर्मचारियों के उंगलियों के निशान स्कैन नहीं होने के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका था।

### लेटलतीफी को सुधारने लाया गया मोबाइल एप

कलेक्टोरेट के विभागों में अधिकारी-कर्मचारियों की लेटलतीफी को सुधारने के उद्देश्य से मोबाइल एप लाया गया है, लेकिन यह एप अब कई कर्मचारियों के लिए ही परेशानी का सबब बन रहा है। खासकर समय पर ड्यूटी पहुंचने वालों के लिए यह एप समस्या का कारण बन रहा है, क्योंकि इसके कारण कर्मचारी समय पर पहुंचने के बाद भी लेटलतीफी का शिकार बन रहे हैं।

## 52 फॉर्मेसी कॉलेजों को वापस मिली सीटें, प्राध्यापकों की कमी बताकर यूनिवर्सिटी ने घटाई थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि को अब उन फॉर्मेसी कॉलेजों की सीट संख्या फिर से पहले की तरह करनी पड़ी है, जिनमें कटौती यह कहकर कर दी गई थी कि यहां प्राध्यापकों की कमी है। ऐसा डबल बेंच के आदेश के बाद किया गया है। इसके पूर्व उच्च न्यायालय बिलासपुर ने भी महाविद्यालयों के पक्ष में ही आदेश दिया था। सत्र प्रारंभ होने के पूर्व तकनीकी विवि ने 52 फॉर्मेसी कॉलेजों की सीटें आधी कर दी थी। विवि का तर्क था कि इन कॉलेजों में प्राध्यापकों की कमी है। कॉलेजों ने कोर्ट में याचिका दायर की थी। महाविद्यालयों का तर्क था कि फॉर्मेसी संस्थानों में सीट संख्या निर्धारित करने, उन्हें घटाने या बढ़ाने का अधिकार केवल फॉर्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया को ही है। काउंसिल निर्धारित मापदंड के आधार पर सीटों की अनुमति देता है। ऐसे में सीटों की संख्या घटाना या बढ़ाना विवि के अधिकार क्षेत्र के बाहर है। उसे केवल संबद्धता संबंधित अन्य शर्तों के आधार पर संबद्धता प्रदान करने का ही अधिकार है।



- फॉर्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ही तय करती है सीटों की संख्या

### प्रदेश का पहला प्रकरण

कॉलेजों की सीटों को पुनः फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया द्वारा दी गई सीट संख्या के आधार पर काउंसलिंग करवाने का निर्देश भी दिया गया। ऐसा बहुत कम देखने में आया है कि किसी विश्वविद्यालय ने हारने के बाद अपने सम्बद्ध कॉलेज के विरुद्ध अपील की हो। जानकारों के मुताबिक, यह संभवतः प्रदेश का पहला प्रकरण है। राहत केवल उन्हीं महाविद्यालयों को मिली है, जिन्होंने कोर्ट में याचिका दायर की थी। 52 महाविद्यालयों की सीटों को आधा किया गया है, इनमें से याचिका दायर करने वाले 30 कॉलेजों की सीटें ही पूर्ववत हुई हैं।


## छत्तीसगढ़ में बड़ा बदलाव, अब घरों के आसपास और कारोबार वाले इलाके में फैक्ट्री नहीं चलेगी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब जल्दी ही एक बड़ा बदलाव सामने आ सकता है, राज्य के आवासीय क्षेत्रों में जहां लोग मकान बनाकर रहते हैं वहां और कारोबार वाले क्षेत्र में किसी तरह के छोटे-बड़े कारखाने नहीं चल पाएंगे। सरकार के आवास एवं पर्यावरण विभाग ने यह बदलाव करने के लिए छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 में महत्वपूर्ण संशोधन प्रस्तावित किया है। इस पर 15 दिनों में दावा-आपत्ति बुलाई गई है। इसका निराकरण होने के बाद आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों में प्रदूषणकारी उद्योगों पर पूर्ण प्रतिबंध के प्रावधान लागू हो जाएंगे।

- भारत सरकार का रीफार्म होगा छत्तीसगढ़ में लागू

आवास एवं पर्यावरण विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों ने हरिभूमि को बताया कि यह दरअसल भारत सरकार का एक रीफार्म (सुधार) है जिसे राज्य में लागू करने की तैयारी है। अब नियमों में यह बदलाव किया जा रहा है। आवासीय उपयोग परिक्षेत्र में, रेड, ऑरेंज, ग्रीन एवं ब्लू श्रेणी में वर्गीकृत उद्योगों को अनुमति नहीं दी जाएगी। वाणिज्यिक उपयोग परिक्षेत्र में, रेड एवं ऑरेंज श्रेणी में वर्गीकृत उद्योगों को अनुमति नहीं दी जाएगी। उद्योगों का रेड, ऑरेंज, ग्रीन, व्हाईट और ब्लू श्रेणियों में वर्गीकरण, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए अनुसार होगा।



### होगा ये बदलाव

भारत सरकार के ये रिफार्म अगर छत्तीसगढ़ में सही तरीके से लागू हो पाए तो ये बदलाव हो सकता है। घरों वाली कॉलोनियों में अब कोई भी तरह की फैक्ट्री नहीं लगेगी, चाहे वो छोटी हो या बड़ी, चाहे वो कम प्रदूषण वाली हो या ज्यादा। मतलब लोहे की भट्टी, प्लास्टिक फैक्ट्री, केमिकल यूनिट, यहाँ तक कि छोटी-छोटी वर्कशॉप भी पूरी तरह बंद। दुकान-बाजार वाले इलाकों में बहुत ज्यादा प्रदूषण करने वाली (रेड और ऑरेंज कैटेगरी) फैक्ट्रियां नहीं चलेंगी। सिर्फ बहुत कम प्रदूषण करने वाली फैक्ट्रियां ही चल सकेंगी।

### रेड उच्च प्रदूषण श्रेणी

सीमेंट प्लांट, थर्मल पावर प्लांट, रासायनिक उद्योग, स्टील मेल्टिंग, पेट्रोकेमिकल्स,

### ऑरेंज- मध्यम श्रेणी

फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल डाइंग, ऑटो वर्कशॉप, पेपर मिल्स, बेकरी, ग्रीन कम प्रदूषण वाले असेंबली लाइन, प्रिंटिंग प्रेस, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, छोटे रिटेल आउटलेट,व्हाइट नगण्य प्रदूषण क्षेत्र- बिस्किट ट्रे मैन्युफैक्चरिंग, कैंडल मेकिंग, साबुन पैकिंग, आटा चक्की, ब्लू सेवा के उद्योग कचरा रिसाइक्लिंग प्लांट, सीवेज ट्रीटमेंट, बायोगैस प्लांट (घरेलू कचरे पर)

### अब हजार वर्ग मीटर जमीन पर लगेंगे प्रोजेक्ट

पहले कुछ खास जगहों पर 100 वर्ग मीटर में भी बड़ा प्रोजेक्ट बन सकता था, अब कम से कम 1000 वर्ग मीटर (लगभग एक एकड़ का दसवां हिस्सा) जमीन चाहिए होगी। **ये नियम कब से लागू होगा :** अभी ये सिर्फ प्रस्ताव है। अगर आपको कोई परेशानी है या सुझाव देना है, तो 17 दिसंबर 2025 तक लिखकर भेज सकते हैं। दावा आपत्ति आवास एवं पर्यावरण विभाग, महानदी भवन, नवा रायपुर में ली जाएगी। 17 दिसंबर तक जो भी सुझाव आएंगे, उनको देखकर सरकार अंतिम नियम बनाएगी।

## नर्सिंग प्रवेश की तारीख 31 दिसंबर करने डीएमई की चिट्ठी रवाना

**रायपुर।** नर्सिंग एडमिशन की तारीख को 31 दिसंबर करने के लिए चिकित्सा शिक्षा संचालक की चिट्ठी इंडियन नर्सिंग काउंसिल को रवाना कर दी गई है। पत्र में परसेंटाइल के नियम के कारण पात्र बच्चों के प्रवेश से वंचित होने का हवाला दिया गया है। इसमे परसेंटाइल के नियम को भी शिथिल किए जाने का प्रस्ताव दिया गया है। पत्र में निजी नर्सिंग महाविद्यालय संघ के निवेदन और स्वास्थ मंत्री के छात्रहित की भावनाओं का भी जिक्र किया गया है। संचालक चिकित्सा डा. यूएस पैकरा ने भेजे गए पत्र में तर्क दिया गया है कि आईएनसी द्वारा नर्सिंग प्रवेश के लिए सामान्य वर्ग के लिए फीजिक्स, केमेस्ट्री, बायोलॉजी में 45 तथा आरक्षित वर्ग के लिए 40 फीसदी अंक निर्धारित किया गया है। इसके बाद प्रवेश परीक्षा में परसेंटाइल का कटऑफ सामान्य वर्ग के लिये 50 एवं आरक्षित वर्ग के लिये 40 परसेंटाइल है। इस बाध्यता के कारण प्रतिवर्ष अधिकतर बच्चे जो आईएनसी की पात्रता की योग्यता को पूरा करते हैं, प्रवेश से वंचित रह जाते हैं।

## कार सवार से लूट, चंद घंटे के भीतर पुलिस ने बदमाशों को धर-दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खम्हारडीह थाना क्षेत्र में रविवार कार सवार युवक तथा उसके साथी से मारपीट कर सोने की चेन तथा नकदी लूट करने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कार सवार युवक तथा उसके साथी से लूट के आरोप में पुलिस ने जिन बदमाशों को गिरफ्तार किया है, वे सभी आदतन बदमाश हैं। बदमाशों ने कचना रेलवे फाटक के पास कार को बूलेट से ओवरटेक कर रोका, इसके बाद विवाद कर चाकू की नोक पर लूट की। राजेश महिलांगे की शिकायत पर पुलिस ने खम्हारडीह निवासी कामरान अली, रवि साहू, अंकित विभार तथा देवेंद्र नगर निवासी गजेंद्र चौहान को गिरफ्तार किया है। राजेश ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वह अपने दोस्त के साथ कचना जा रहा था। रेलवे फाटक बंद होने की वजह से राजेश ने कार की रफ्तार धीमी कर दी। इस दौरान बूलेट सवार दो युवक कार के पास पहुंचे और कार को ओवरटेक कर रोक लिया।

दोनों बदमाशों ने राजेश पर कार ठीक से नहीं चलाने का आरोप लगाते हुए विवाद किया। इसके बाद दोनों युवक कार का दरवाजा खुलवाकर कार के अंदर सवार हो गए।



### दूसरे भाई की तलाश में पुलिस ने सर्चिंग तेज की

# सूदखोर रोहित तोमर भगोड़ा, पता बताने वाले को पांच हजार का ईनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मारपीट, सूदखोरी, जबरन वसूली, अपहरण तथा हत्या जैसे संगीन अपराधों में शामिल वीरेंद्र के साथ रोहित तोमर की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही। वीरेंद्र तोमर के दबोचे जाने के बाद पुलिस ने रोहित तोमर को भी भगोड़ा घोषित कर दिया है। एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने रोहित तोमर का पता बताने वाले को पांच हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है। पूर्व में पुलिस ने वीरेंद्र तोमर के लिए भी पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। वीरेंद्र को पुरानी बस्ती थाना की पुलिस ने ग्वालियर से गिरफ्तार किया था। पुरानी बस्ती सीएसपी राजेश देवांगन के अनुसार वर्ष 2013 में हत्या के मामले में वीरेंद्र तोमर का बिलासपुर हाईकोर्ट ने रीव्यू पिटीशन खारिज कर दिया है। हत्या के प्रकरण में वीरेंद्र तोमर की निचली अदालत में अंतिम सुनवाई का रास्ता साफ हो गया है। सूदखोरी के विवाद में वीरेंद्र तोमर पर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। दोनों भाइयों के खिलाफ अलग-अलग थानों में 16 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

- नरेश सचदेवा को 2.5 लाख देकर 20 लाख रुपए वसूले
- गोपाल कुमार को 2 लाख देकर 28 लाख रुपए वसूले
- हरीश कछवाहा को 3.5 लाख देकर 50 लाख रुपए वसूले
- जयदीप बैनर्जी को 16 लाख देकर 52 लाख रुपए वसूले



### 15 गुना से ज्यादा की रकम वसूली

सूदखोर तोमर भाइयों के खिलाफ कर्ज देकर लोगों से 15 गुना से ज्यादा रकम वसूली करने का आरोप है। कर्ज की राशि नहीं देने पर तोमर भाई पर लोगों के साथ मारपीट तथा प्रापर्टी कब्जा करने के आरोप हैं। कर्ज के बदले जिन लोगों से 10 से 15 गुना ज्यादा राशि वसूली की है, उनमें प्रमुख रूप से इन पीड़ितों का नाम शामिल है।

### पुराने प्रकरण रीओपन

सूदखोर तोमर भाइयों के खिलाफ अलग-अलग थानों में जितने प्रकरण दर्ज हैं, पुलिस उन पुराने प्रकरणों को एक बार रीओपन कर नए सिरे से जांच करने की बात कह रही है। इनमें वित्तीय लेन-देन की शिकायतें ज्यादा हैं। पुलिस के अनुसार सूदखोर भाई छोटे कारोबारियों को शिकार बनाकर पैसा वसूलने के साथ उनकी प्रापर्टी तक कब्जा करते थे। बताया जा रहा है, वीरेंद्र तोमर के समर्थन में क्षत्रिय करणी सेना सात दिसंबर को प्रदर्शन करने की जो तैयारी कर रही है, इसके पूर्व पुलिस ने रोहित तोमर के खिलाफ कार्रवाई तेज की है।

बिलासपुर
बुधवार 3 दिसंबर 2025
अगहन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 25, अंक : 250
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 4.00***

मौसम
अधि. 27.7
न्यून. 14.2

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



9 वैभव ने 14 की उम्र में ठोका तीसरा टी20 शतक, बने दुनिया के पहले खिलाड़ी

विचार पेज
2 सुरक्षा कवच या निजता पर निगरानी




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## वन मंत्री कश्यप, मूणत ने नंदनवन पक्षी विहार का निरीक्षण किया, अधिकारियों को आवश्यक निर्देश

# पक्षियों पर चूहों का हमला-मौत की खबर से वन महकमे में मचा हड़कंप, मंत्री-विधायक पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के नंदनवन के पक्षी विहार में चूहों के हमलों से पक्षियों की मौत के बाद चोरी छिपे जंगल सफारी में पक्षियों की शिफ्टिंग की खबर से वन महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। हरिभूमि ने लगातार इन खबरों को प्राथमिकता से प्रकाशित की थी। इसका असर यह हुआ कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए वन मंत्री केदार कश्यप ने इस घटना को न केवल अपने संज्ञान में लिया, बल्कि मंगलवार को नंदनवन भी पहुंचे और पक्षी विहार का निरीक्षण किया। विधायक राजेश मूणत भी वहां पहुंचे। इस दौरान मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को सभी पक्षियों को सुरक्षित एवं स्वस्थ रखने के लिए उनकी नस्ल के अनुसार विशिष्ट आहार के साथ जरूरत पड़ने पर दवाइयां व खाद्य पदार्थ देने के सख्त निर्देश दिए।

### पक्षियों की मौत के बाद चोरी-छिपे किया जा रहा था शिफ्ट

नंदनवन के पक्षी विहार में चूहों ने आतंक मचा रखा है। चूहों के कुतरने से लगातार यहां पक्षियों की मौत हो रही थी। इसकी जानकारी मिलते ही हरिभूमि ने सबसे पहले इस खबर को प्रकाशित की। इस खबर के बाद वन विभाग के महकमे में हड़कंप मच गया। इससे पहले की मृत पक्षियों की मौत की वजह और चूहों के आतंक की घटना सामने आ पाती। उससे पहले ही वन विभाग के अफसरों ने आनन-फानन में चोरी छिपे बचे हुए पक्षियों को जंगल सफारी में शिफ्ट करना शुरू कर दिया।

हरिभूमि लगातार


पहला
रायपुर भूमि
नंदनवन में चूहे पहले पक्षियों का दाना खाते थे, अब कर रहे उनका शिकार, कई की मौत
दूसरा
तीसरा
विभाग का दावा- पक्षियों के साथ वन्यजीवों को तीन माह में शिफ्ट करने मिला है निर्देश



### पक्षी विहार में विदेशी नस्ल के कई पक्षी

नंदनवन पक्षी विहार में विदेशी सहित कई प्रकार के पक्षी रखे गए हैं। इस चिड़ियाघर में पक्षियों को देखने के लिए हर दिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। खासकर छुट्टियों के दिन में यहां सैकड़ों-हजारों की तादात में लोग पहुंचते हैं। यह चिड़ियाघर एक प्रकार से पिकनिक स्पॉट के रूप में भी जाना जाता है।

### ग्रामीणों की शिकायत पर शिफ्टिंग का फूटा भांडा

पक्षियों की मौत की खबर छपने के बाद वन अफसरों ने नंदनवन के पक्षी विहार में रखे पक्षियों की गलत तरीके से जंगल सफारी में शिफ्टिंग करने की जानकारी जैसे ही स्थानीय ग्रामवासियों हो हुई। उनके द्वारा इसका विरोध किया। इसके बाद भी जब अधिकारी नहीं माने तो ग्रामीणों ने आमानाका थाने में इसकी शिकायत की। इधर ग्रामीणों की नाराजगी के बाद भी अफसरों ने पक्षियों को जंगल सफारी में शिफ्ट कर दिए।

### ग्रामीणों ने किया था रोकने का प्रयास

आनन-फानन में पक्षियों के शिफ्ट करने के दौरान हड़बड़ी में वन कर्मचारियों ने पक्षियों के चूजे एवं अंडों को पक्षी विहार में ही छोड़ दिए। गांव के सरपंच के अनुसार ग्रामीणों ने कर्मचारियों को पक्षियों को जंगल सफारी ले जाने से रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन वे नहीं माने और हड़बड़ी में चूजे एवं अंडों को यहीं छोड़कर पक्षियों को ले गए।

### मंत्री ने दिए निर्देश- पक्षियों को उनकी नस्ल के अनुसार विशिष्ट आहार दें

वन मंत्री केदार कश्यप ने नंदनवन के पक्षी विहार के निरीक्षण के दौरान नंदनवन की टीम को सभी पक्षियों को सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिए उनकी नस्ल के अनुसार विशिष्ट आहार के साथ जरूरत पड़ने पर दवाइयां व खाद्य पदार्थ देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां रखे गए विदेशी पक्षी प्रजनन भी कर रहे हैं, उसका सतत मानिटरिंग कराएं। मंत्री के निरीक्षण के दौरान वन बल प्रमुख एवं पीसीसीएफ व्ही श्रीनिवास राव, पीसीसीएफ अरुण कुमार पांडे, रायपुर सीसीएफ मनिवासगन एस., सीसीएफ (वन्यजीव) सुश्री सतोविषा समाजदार, रायपुर डीएफओ लोकनाथ पटेल, जंगल सफारी संचालक थेइझस शेखर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### नंदनवन में 100 करोड़ के प्लान को मंजूरी, पर्यटकों के लिए बच्चों के लिए टॉय ट्रेन के साथ अन्य कई सुविधाएं

- विधायक मूणत की पहल पर वन मंत्री कश्यप ने लिया जायजा

नंदनवन जल्द ही एक नये रूप में विकसित किया जाएगा। विधायक राजेश मूणत की पहल तथा वन अधिकारियों के बनाए गए 100 करोड़ रुपए के प्लान को वन मंत्री केदार कश्यप ने मंजूरी दी है, जिसका मुख्य उद्देश्य नंदनवन की सघन हरियाली और नैसर्गिक सुंदरता को बनाए रखते हुए उसे आधुनिक सुविधाओं से लैस करना है। इसके तहत यहां पर्यटकों के लिए टॉय ट्रेन, उत्तम कैफेटेरिया सुविधा, आकर्षक लाइव लाइटिंग एवं सुगम पैदल पथ तैयार किया जाना है। मंत्री केदार कश्यप ने राजेश मूणत के साथ नंदनवन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारियों ने नंदनवन के चरणबद्ध पुनर्निर्माण के लिए तैयार किए गए करीब 100 करोड़

▶▶| शेष पेज 8 पर

### बच्चों के लिए टॉय ट्रेन की सुविधा

100 करोड़ के प्लान में बच्चों के लिए टॉय ट्रेन, उत्तम कैफेटेरिया सुविधा, परिवार के साथ आने वाले आगंतुकों के लिए उच्च गुणवत्ता की खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए अत्याधुनिक और सुविधाजनक कैफेटेरिया का निर्माण तथा सुंदर लाइटिंग और वॉकवे का निर्माण किया जाएगा। लाइटिंग और वॉकवे शाम के समय परिसर की खूबसूरती को बढ़ाएगा। वनमंत्री ने विजन डॉक्यूमेंट के अनुरूप अधिकारियों को कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### न्यायमूर्ति अरविंद वर्मा छग हाईकोर्ट के स्थायी न्यायाधीश नियुक्त



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने मंगलवार को न्यायमूर्ति अरविंद कुमार को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने यह निर्णय लिया।

### सैन्य मुख्यालय पर महिला ने किया आत्मघाती हमला

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अर्धसैनिक बल के मुख्यालय के प्रवेश द्वार पर प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी की एक महिला आत्मघाती हमलावर ने विस्फोट करके खुद को उड़ा लिया और इसके बाद काफी देर तक हुई मुठभेड़ में छह उग्रवादी मारे गए। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि हमलावर की पहचान जीनत रफीक के रूप में हुई।

### आईआईटी-जोधपुर के दुष्कर्मी प्रोफेसर को 10 साल की सजा

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के अपर सत्र न्यायाधीश एवं त्वरित न्यायालय द्वितीय की अदालत ने दुष्कर्म के एक मामले में आईआईटी-जोधपुर के सहायक प्रोफेसर विवेक विजयवर्गीय को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष की सजा तथा 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

### शादी के तीसरे दिन 'तीन तलाक' दिया, मामला दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की भिवंडी तहसील में उत्तर प्रदेश के एक निवासी के खिलाफ अपनी नवविवाहिता पत्नी को दहेज के लिए कथित तौर पर परेशान करने और शादी के तीन दिन के भीतर उसे 'तीन तलाक' देने को लेकर एक मामला दर्ज किया गया है।

## सीजेआई की याचिकाकर्ता को फटकार, केंद्र को नोटिस देने से किया इनकार

# सुप्रीम कोर्ट की फटकार- रोहिंग्याओं के लिए 'रेड कार्पेट' नहीं बिछा सकते, धर्मशाला नहीं है भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को रोहिंग्या शरणार्थियों से जुड़े एक मामले की सुनवाई हुई। कुछ रोहिंग्याओं के हिरासत में गायब होने (कस्टोडियल डिसअपीयरेंस) की जाँच के लिए यह याचिका दायर की गई थी। इस सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता पर कड़ा रुख अपनाते हुए फटकार लगाई। सीजेआई ने यह भी याद दिलाया कि भारत दुनिया की 'धर्मशाला नहीं बन सकता' जहाँ से चाहे शरणार्थी आ जाएँ। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई अब 16 दिसंबर तक के लिए टाल दी है। उसी दिन रोहिंग्या शरणार्थियों से जुड़े अन्य मामलों की भी सुनवाई होगी।



### सुरंग खोदकर आते हैं खाना-कपड़ा सब चाहिए

चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि घुसपैठिए सुरंग खोदकर या बाड़ काटकर आते हैं। फिर वे खाना, शिक्षा और रहने की जगह जैसे अधिकार माँगते हैं। सीजेआई ने सवाल किया कि क्या हम कानून को इतना ज़्यादा खींच दें। उन्होंने यह भी कहा कि देश में पहले से करोड़ों गरीब नागरिक हैं जिन पर ध्यान देना जरूरी है।

## ट्रांसफार्मर से टकराई बस, तीन नेपाली यात्री जिंदा जले, 24 गंभीर

**बलरामपुर।** उत्तरप्रदेश के बलरामपुर में एक बस के बिजली ट्रांसफार्मर से टकराने के बाद उसमें आग लगने से तीन नेपाली यात्रियों की मौत हो गयी तथा 24 अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने बताया कि सोमवार देर रात करीब दो बजे सोनौली से दिल्ली जा रही नेपाली यात्रियों से भरी एक बस फुलवरिया बाईपास पर एक कंटेनर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर बिजली के ट्रांसफार्मर से जा टकरायी। इससे बस में आग लग गई। इस घटना में तीन यात्रियों की झुलसकर मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि घटना में 24 अन्य यात्री भी झुलस गए हैं।



*बिजली बिल, प्रीपेड मीटर और सरकारी संपति 'बेचने' का विरोध*

## किसान मजदूर मोर्चा का 5 को 19 जिलों में रेल रोको आंदोलन

**चंडीगढ़।** किसान मजदूर मोर्चा (भारत), पंजाब चैप्टर, 5 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक 19 जिलों की 26 जगहों पर दो घंटे का सांकेतिक 'रेल रोको' आंदोलन करने जा रहा है। यह विरोध प्रदर्शन बिजली संशोधन विधेयक 2025 के ड्राफ्ट को रद्द करने, प्रीपेड मीटर हटाने और पुराने मीटरों को फिर से लगाने, भगवंत मान सरकार द्वारा सार्वजनिक संपत्तियों की जबरन बिक्री का विरोध करने और अन्य मुद्दों को उठाने के लिए किया जा रहा है। इस विरोध प्रदर्शन के कारण इन जगहों पर रेल सेवाएं प्रभावित होंगी। 5 दिसंबर को बिजली संशोधन विधेयक 2025 के ड्राफ्ट को रद्द करने की मांग को लेकर होने वाले दो घंटे के विरोध प्रदर्शन के दौरान यात्रियों को अपनी यात्रा में रुकावट का सामना करना पड़ेगा, और उन्हें सलाह दी जाती है कि वे उसी के हिसाब से अपनी यात्रा की योजना बनाएं।



### पंजाब के 19 जिलों में रोकी जाएगी ट्रेन

19 जिलों में कई जगहों पर ट्रेनों की आवाजाही रोकी जाएगी, जिनमें शामिल हैं: अमृतसर, दिल्ली-अमृतसर मुख्य रेलवे लाइन पर देवीदास पुरा और मजीठा स्टेशन; गुरदासपुर, अमृतसर-जम्मू और कश्मीर रेलवे लाइन पर बटाला रेलवे स्टेशन, गुरदासपुर रेलवे स्टेशन और डेरा बाबा नानक रेलवे स्टेशन; पठानकोट, परमानंद क्रॉसिंग; तरनतारन: तरनतारन रेलवे स्टेशन।

# छत्तीसगढ़ में भाजपा ने किए बदलाव कई प्रकोष्ठों में नए पदाधिकारी नियुक्त

**17 प्रकोष्ठों में नियुक्ति, 90 विधानसभा में भी प्रभारियों की नियुक्ति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी ने विभिन्न प्रकोष्ठों में नए संयोजक और सह-संयोजकों की नियुक्ति करते हुए संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत किया है। यह नियुक्तियां प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय द्वारा जारी आदेश के साथ तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं। वहीं प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने सभी 90 विधानसभा में प्रभारियों की नियुक्ति की है। इनमें कई पूर्व विधायक और भाजपा निगम मंडल के पदाधिकारी शामिल किए गए हैं।



### इन 17 प्रकोष्ठों में हुई नियुक्तियां

**मछुआरा प्रकोष्ठ :** प्रदीप निषाद संयोजक, आनंद निषाद और मोहन लाल धीवर सह संयाजक,
**झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ:** संजू नारायण सिंह संचोजक, पारेश्वर बाघ, आशीष तांड़ी और राजेश यादव सह संयोजक बनाए गए
**आर्थिक प्रकोष्ठ :** शिव चंद्राकर संयोजक मनीष पारख सह संयोजक
**एनजीओ प्रकोष्ठ :** दिनेश सिंह संयोजक ▶▶| शेष पेज 8 पर

### जहां भाजपा हारी उन विधानसभाओं में प्रभारियों की नियुक्ति

विधानसभा चुनाव में भाजपा जिन 35 सीटों पर हारी वहां पर संगठन पे प्रभारी की नियुक्ति की है। जारी सूची में प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने पूर्व विधायकों और निगम मंडल के अध्यक्षों को प्रभारी नियुक्त किया है। जारी सूची में रामसेवक पैकरा को कोटा, भूपेंद्र सवन्नी को जांजगीर-चांपा, चंदूलाल साहू को डौंडीलोहारा, संजय श्रीवास्तव को डोंगरगढ़, नीलू शर्मा को कसडोल, अनुराग सिंहदेव को मस्तुरी, सौरभ सिंह को रामपुर, राजीव अग्रवाल को पाटन, केदारनाथ ▶▶| शेष पेज 8 पर

## पैरी की हत्या के बाद गोल्डी बराड़ का खौफनाक ऐलान

# लॉरेंस ने कराई पैरी की हत्या, गोल्डी बोला- तेरी उल्टी गिनती हो गई है शुरू...

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

चंडीगढ़ में गैंगस्टर इंद्रप्रीत पैरी की हत्या के बाद, गोल्डी बराड़ और लारेंस बिश्नाई गैंग में एक बार फिर टकराव बढ़ गया है। माना जा रहा है कि पैरी लारेंस और गोल्डी बराड़ का खास आदमी था लेकिन दोनों में दुश्मनी हो जाने के बाद से कुछ दिनों से पैरी लारेंस के नाम से वसूली कर गोल्डी बराड़ को दे रहा था। इसी के चलते लारेंस ने पैरी की हत्या करवा दी। पैरी की हत्या के बाद लारेंस बिश्नोई के नाम से एक ऑडियो संदेश भी जारी किया गया जिसमें उसने पैरी की हत्या करवाने की जिम्मेदारी ली है। वहीं गोल्डी बराड़ ने भी लॉरेंस बिश्नोई को धमकी देते हुए कहा, यारी के नाम पर लॉरेंस कलंक है, और दुश्मनी के नाम पर भी यही है। अब उसकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है।



### 'तेरी लल्ली-शल्लियां भारत में हैं, पर मारेंगे नहीं

गोल्डी बराड़ ने वायरल ऑडियो में कहा है कि लॉरेंस की अब उल्टी गिनती शुरू हो गई है। ऑडियो में बराड़ ने पंजाबी भाषा में कहा, 'तेरी लल्ली-शल्लियां भारत में आजाद घूम रही हैं। हम उन्हें भी मार सकते थे, लेकिन हम नाजायज नहीं मारते। बताया जा रहा है कि ये लॉरेंस गुट में शामिल लड़कियों को लेकर बातें हैं। या फिर ये भी की गोल्डी ने लॉरेंस बिश्नोई के गर्लफ्रैंड की ओर इशारा करते हुए कोडवर्ड में बातें कर रहा है।

### पैरी गद्दार था इसलिए हत्या कराई : लॉरेंस

बता दें कि, गोल्डी बराड़ के गुट ने दुबई में लॉरेंस बिश्नोई गुट के सीपा की हत्या कर दी थी। जिसके बाद लॉरेंस बिश्नोई के गुट ने चंडीगढ़ में मौजूद गोल्डी बराड़ के आदमी पैरी की हत्या कर दी। जिसके बाद ही गोल्डी के नाम से ये ऑडियो बाहर आया है। लॉरेंस गुट ने पैरी की हत्या को लेकर कहा कि पैरी गद्दार था इसलिए उसको मौत के घाट उतारा गया।

### जिस मां ने संरक्षण दिया उसके ही बेटे की हत्या : गोल्डी

गोल्डी बराड़ ने संदेश की शुरुआत में कहा, "सत श्री अकाल सारे भाइयों को। मैं गोल्डी बराड़। आज एक वॉयस मैसेज देना था। इंद्रप्रीत पैरी का आज चंडीगढ़ में लॉरेंस ग्रुप ने मर्डर करवाया। बराड़ ने कहा सच्चाई यह है कि पैरी और उसका परिवार वर्षों से लॉरेंस के साथ खड़ा रहा। पैरी की मां ने जब लॉरेंस को कोई अपने घर नहीं रखता था, तब उसे अपने घर में पनाह दी। लारेंस ने आज उसी महिला के बेटे को मार दिया गया।

चिंतन

# अब सत्ता से सेवा की ओर सरकार

केंद्र सरकार ने पिछले एक दशक में कई बदलाव कर बड़े संदेश दिए हैं। इस बार राज्यों की राजधानियों में राज भवनों के नाम बदले जा रहे हैं। अब इन्हें राज भवन के स्थान पर 'लोक भवन' के नाम से जाना जाएगा। उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, केरल, तमिलनाडु समेत कई राज्यों ने यह बदलाव कर दिया है। कई राज्यपालों ने तो खुद ही सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। वहीं, केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का नाम बदलकर 'सेवा तीर्थ' कर दिया है। इसके अलावा, केंद्रीय सचिवालय को 'कर्तव्य भवन' के नाम से जाना जाएगा। इन नाम बदलने के पीछे सरकार की एक बड़ी सोच छिपी है। ऐसे बदलाव साफ संदेश देते हैं कि सत्ता पद केवल लाभ उठाने के लिए नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। ये नाम बदलाव बस दिखावे के लिए नहीं, बल्कि संदेश देते हैं कि सरकार की सोच में बड़ा बदलाव आया है। यह दर्शाता है कि सरकार जनता की सेवा करने वाली है, न कि सिर्फ सत्ता चलाने वाली। अब यह बदलाव केवल पीएमओ, राज भवनों का नाम बदलने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रदर्शन पहले भी कई अवसरों पर दिखाई दे चुका है। इससे पहले राजपथ का नाम बदलकर 'कर्तव्य पथ' किया गया था। पीएम का आधिकारिक निवास भी 'रेस कोर्स रोड' कहलाता था, जिसे 2016 में बदलकर 'लोक कल्याण मार्ग' किया गया था। अब पीएमओ के अफसरों ने कहा कि 'सार्वजनिक संस्थानों में बड़ा बदलाव हो रहा है। सरकार सत्ता से सेवा की ओर बढ़ रही है। ये बदलाव प्रशासनिक नहीं, सांस्कृतिक हैं।' बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल राज्यपालों के सम्मेलन में कहा था कि राज भवन नाम औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। इसलिए राज्यपालों और उप-राज्यपालों के कार्यालयों को अब 'लोक भवन' और 'लोक निवास' के नाम से जाना जाएगा। वहीं, अब पीएम नरेंद्र मोदी का दफ्तर (पीएमओ) भी 78 साल पुराने साउथ ब्लॉक से निकलकर 'सेवा तीर्थ' नाम वाले नए एडवांस कैंपस में शिफ्ट होने जा रहा है। यह बदलाव सेंट्रल विस्टा री डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का बड़ा हिस्सा है। अब पीएमओ सेवा तीर्थ-1 से काम करेगा, सेवा तीर्थ-2 में कैबिनेट सचिवालय होंगे, जबकि सेवा तीर्थ-3 में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) का दफ्तर होगा। इन बदलावों के पीछे पीएम मोदी की सोच है जो जन सेवा के लिए उनके दीर्घकालिक दृष्टिकोण को परिलक्षित करती है। पिछले एक दशक में कई मौकों पर इसका परिचय मिला है। शुरुआत खुद ही प्रधानमंत्री आवास के पते से हुई थी, जब दशकों से चले आ रहे पते को बदला गया था। पहले प्रधानमंत्री का सरकारी आवास सात रेसकोर्स रोड के नाम से जाना जाता था, लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 2016 में इसका नाम बदल कर लोक कल्याण मार्ग किया गया। इसके पीछे जनता की सेवा और कल्याण का उद्देश्य है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकारी कार्यस्थलों और सार्वजनिक स्थलों के नामकरण से कर्तव्य और पारदर्शिता की भावना प्रकट होती है। इसके पीछे का संदेश यही है कि सरकार का काम है जनता की सेवा करना, न कि सिर्फ सत्ता का सुख भोगना।

# सुरक्षा कवच या निजता पर निगरानी



संचार साथी
दिनेश शर्मा 'दिनेश'

इस बार संसद में पक्ष और विपक्ष के बीच जारी चर्चा का केंद्र-बिंदु बना है हमारा मोबाइल फोन। दरअसल, संसद के वर्तमान सत्र में सरकार द्वारा 'संचार साथी' एप को देश के हर स्मार्टफोन में अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव एक ऐसे विमर्श को जन्म दे रहा है, जो आधुनिक भारत में तकनीक और नागरिक अधिकारों के बीच के संवेदनशील द्वंद्व का कारण बन गया है। पर यह भी ध्यान में रखना आवश्यक है कि संचार साथी का यह विमर्श केवल एक एप का विवाद नहीं, बल्कि भारत के उस भविष्य की रूपरेखा है जहां हमें तय करना है कि हम तकनीक के साथ कितनी आजादी, कितनी सुरक्षा और कितनी निजता के साथ जीना चाहते हैं।

देश की सबसे बड़ी पंचायत यानी संसद भवन के गलियारों में आज जो कोलाहल गूंज रहा है, उसका सरोकार किसी सरहद के तनाव या सियासी बिसात से नहीं, बल्कि उस धड़कन से है जो हमारी जेब में धड़कती है। इस बार संसद में पक्ष और विपक्ष के बीच जारी चर्चा का केंद्र-बिंदु बना है हमारा मोबाइल फोन। दरअसल, संसद के वर्तमान सत्र में सरकार द्वारा 'संचार साथी' एप को देश के हर स्मार्टफोन में अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव एक ऐसे विमर्श को जन्म दे रहा है, जो आधुनिक भारत में तकनीक और नागरिक अधिकारों के बीच के संवेदनशील द्वंद्व का कारण बन गया है। यह मुद्दा महज एक एप्लीकेशन को डाउनलोड करने का नहीं, बल्कि उस लक्ष्मण रेखा का है जो राज्य की शक्ति और नागरिक की निजता के बीच खिंची होनी चाहिए। इस डिजिटल युग में, जहां डेटा ही नया ईंधन है, हमारा स्मार्टफोन वह तिजोरी बन गया है जिसमें हम अपने जीवन के सबसे निजी पन्ने, अपनी आर्थिक कुंजी और अपनी पहचान सहेजकर रखते हैं।

विडंबना यह है कि आज यही तिजोरी सबसे अधिक असुरक्षित है। जामताड़ा के बीहड़ों से लेकर मेवात की गलियों तक, और अब देश के सुदूर कोनों से संचालित साइबर अपराधों ने आम आदमी के जीवन को एक अनजाने भय से भर दिया है। सुरक्षा एजेंसियां जब तक घटित हुए अपराध निदान निकालती हैं, तब तक अपराधी नए रास्ते खोज लेते हैं। इसी पृष्ठभूमि में सरकार 'संचार साथी' को एक 'केंद्रीयकृत डिजिटल प्रहरी' के रूप में प्रस्तुत करना चाहती है। इसे एक ऐसी व्यवस्था माना जा रहा है जो अपराध के घटित होने की प्रतीक्षा नहीं करती, बल्कि उसे अंकुरित होने से पहले ही कुचल देने का दावा करती है। इस ऐप की कार्यप्रणाली को समझना किसी विज्ञान-गल्प कथा के सच होने जैसा है। सरकारी दावों के अनुसार, यह ऐप 'एस्त्र' नामक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रणाली से संचालित होगा। यह तकनीक किसी जादुई आईने की तरह काम करेगी, जो सेकंडों में पहचान लेगी कि कहीं किसी अपराधी ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे सिम तो नहीं लिया है। यदि कोई व्यक्ति चेहरे बदलकर या नाम बदलकर ठगी का जाल बुनता है, तो 'एस्त्र' उसके चेहरे का मिलान डेटाबेस से करते ही उन सभी नंबरों को तत्काल ब्लॉक कर देगा। यह प्रक्रिया इतनी त्वरित होगी कि अपराधी को संभलने का अवसर ही नहीं मिलेगा। मोबाइल चोरी, जो एक आम समस्या बन चुकी है, उसके लिए प्रस्तावित 'किल स्विच' भी एक क्रांतिकारी कदम बताया जा रहा है।

अब तक अपराधी आईएमईआई नंबर बदलकर फोन बेच देते थे, लेकिन इस नई व्यवस्था में फोन के हार्डवेयर हस्ताक्षर को सीधे नेटवर्क से जोड़ दिया जाएगा। छेड़छाड़ का तनिक भी संकेत मिलते ही फोन हार्डवेयर स्तर पर लॉक हो जाएगा और वह महंगा उपकरण महज कांच और प्लास्टिक के एक बेजान टुकड़े में बदल जाएगा। सरकार का मानना है कि जब चोरी किए गए फोन का कोई मूल्य ही नहीं बचेगा, तो चोरी की घटनाएं स्वतः समाप्त हो जाएंगी।

कल्पना कीजिए एक ऐसे अभेद्य सुरक्षा चक्र की, जहां हर कॉल सत्यापित हो, जहां 'घोस्ट सिम' का अस्तित्व न हो और जहां हम फर्जी संदेशों के जाल में फंसने से बचे रहें। निस्संदेह, एक सुरक्षित डिजिटल




भारत की यह तस्वीर अत्यंत मोहक है। किंतु, सुरक्षा के इस सुनहरे आवरण के पीछे निजता का एक घना और गहरा साया भी मंडरा रहा है और यही वह बिंदु है जिसने संसद से लेकर सड़क तक चिंता की लकीरें खींच दी हैं। एक अनिवार्य सरकारी ऐप, जो दिन-रात हमारे फोन में जागता रहे और हमारी गतिविधियों पर दृष्टि रखे, राज्य को एक असाधारण और असीमित शक्ति प्रदान करता है। कॉल लॉग्स, संदेश और लोकेशन- इन तक पहुंच की अनुमति भले ही सुरक्षा के नाम पर ली जाए, लेकिन इतिहास गवाह है कि निगरानी की शक्ति का दुरुपयोग अकसर राजनीतिक विरोधियों, पत्रकारों और असहमत स्वरों को दबाने के लिए किया जाता रहा है।

क्या हम एक ऐसे निगरानी घर (पेनोप्टिकॉन) का निर्माण तो नहीं कर रहे, जहां नागरिक हर पल संदेह के घेरे में होगा? इसके साथ ही, डेटा सुरक्षा का प्रश्न मुंह बाए खड़ा है। यदि सौ करोड़ से अधिक भारतीयों का रियल-टाइम डेटा एक केंद्रीय सर्वर पर एकत्र होता है, तो वह दुनिया का सबसे विशाल और संवेदनशील डेटाबेस होगा जो हैकर्स के लिए किसी 'सोने की खान' से कम नहीं होगा। आधार लीक और सरकारी पोर्टलों पर हुए पिछले हमलों ने यह सिद्ध किया है कि सरकारी साइबर सुरक्षा अभेद्य नहीं है। ऐसे में एक भी सेंध का अर्थ होगा - समूचे राष्ट्र की निजता का पतन। यह तकनीकी भाषा में 'विफलता का एकल बिंदु' (सिंगल पॉइंट ऑफ फेलियर) है, जो अत्यंत जोखिम भरा है। व्यावहारिक धरातल पर भी चुनौतियां कम नहीं हैं। भारत की एक बड़ी आबादी आज भी सीमित क्षमता वाले सस्ते स्मार्टफोन पर निर्भर है। क्या एक साधारण ग्रामीण का फोन इस 'हाई-टेक' पहरेदार का बोझ उठा पाएगा? परंतु, इन सबसे ऊपर एक दार्शनिक प्रश्न गूंज रहा है- लोकतंत्र 'विश्वास' के अनुबंध पर चलता है या 'संदेह' की बुनियाद पर? राज्य का दायित्व नागरिकों को सुरक्षा देना है, उनकी सांसों की गिनती रखना नहीं। सरकार का यह तर्क कि 'चूंकि आप अपनी सुरक्षा करने में सक्षम नहीं हैं, इसलिए हमें आपके घर (फोन) के भीतर आकर पहरा देना होगा,' आपातकाल में तो स्वीकार्य हो सकता है, लेकिन सामान्य जनजीवन में यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता की मूल भावना पर प्रहार अनुभव हो रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने निजता को मौलिक अधिकार माना है, ऐसे में किसी एप को 'अनिवार्य' बनाना संवैधानिक कसौटी पर कितना खरा उतरेगा, यह देखना शेष है।

संचार साथी पर जारी इस मंथन ने हमें दोराहे पर खड़ा कर दिया है। एक रास्ता पूर्ण सुरक्षा का है, जहां अपराध के लिए कोई जगह नहीं होगी और दूसरा रास्ता निगरानी का है, जहां स्वतंत्रता के लिए कोई जगह नहीं। समाज किस दिशा में जाएगा, यह तकनीक नहीं, बल्कि उसकी नियत तय करेगी। यदि सरकार वास्तव में नागरिकों की हितैषी है, तो उसे पारदर्शिता का मार्ग चुनना होगा। एप को 'ओपन सोर्स' किया जाए ताकि विशेषज्ञ उसकी जांच कर सकें, डेटा सुरक्षा के कड़े कानून बनें, और सबसे महत्वपूर्ण- इसे बाध्यकारी बनाने के बजाय इसकी उपयोगिता सिद्ध करके नागरिकों को इसे स्वेच्छा से अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। सुरक्षा अनिवार्य है, किंतु स्वतंत्रता उसकी आहुति नहीं हो सकती। बेशक साइबर सुरक्षा को लेकर कोई विवाद अथवा समझौता नहीं होना चाहिए। क्योंकि वर्तमान में साइबर सुरक्षा को लेकर कदम उठाना बहुत आवश्यक हो गया है। पर यह भी ध्यान में रखना आवश्यक है कि संचार साथी का यह विमर्श केवल एक एप का विवाद नहीं, बल्कि भारत के उस भविष्य की रूपरेखा है जहां हमें तय करना है कि हम तकनीक के साथ कितनी आजादी, कितनी सुरक्षा और कितनी निजता के साथ जीना चाहते हैं।

( लेखक शिक्षण क्षेत्र से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डॉ. रमेश ठाकुर



# दिव्यांगों के लिए लड़नी होगी सामूहिक रूप से लड़ाई

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस, विश्व भर के दिव्यांगजनों को सम्मान देने और उनके वैश्विक स्वास्थ्य सेवा के लिए समर्पित माना जाता है। शुरुआत 1992 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी। आज 33वां संस्करण समूचे संसार में मनाया जा रहा है। हर साल 3 दिसंबर को विभिन्न वैश्विक और स्थानीय संगठन, समाज के हर स्तर पर विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों, सम्मान और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए एक मंच पर जुटते हैं। भारत सरकार द्वारा अक्षमों को दिव्यांग कहा जाता है। उनको स्वावलंबी बनाने के लिए तमाम तरह की कल्याणकारी योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। साथ ही प्रत्येक सरकारी विभाग में उनके लिए आरक्षित सीटों का प्रावधान भी केंद्र सरकार की ओर से सुनिश्चित किया हुआ है। वर्तमान में दिव्यांग दिवस का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। यह न केवल दिव्यांग व्यक्तियों के योगदान को मान्यता देने का अवसर है, बल्कि समाज और सरकार को उनकी समस्याओं, जरूरतों और अधिकारों के प्रति सजग करने का भी माध्यम है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और दिव्यांग अधिकार अधिनियम जैसे कानून दिव्यांग व्यक्तियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में बराबरी सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए हैं। इतिहास में, दिव्यांग व्यक्ति अक्सर शिक्षा, रोजगार और सार्वजनिक जीवन में समान अवसरों से वंचित रहे हैं। इसके मद्देनजर, अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का महत्व केवल जागरूकता फैलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नीतिगत बदलावों और कानूनों को लागू करने की दिशा में भी एक प्रेरक शक्ति बन गया है। भारत में कई राष्ट्रीयकृत बैंक और वित्तीय संस्थान विकलांग व्यक्तियों को ऋण देते हैं। ये ऋण मुख्य रूप से राष्ट्रीय विकलांग वित्त एवं विकास निगम की योजनाओं के तहत दिए जाते हैं और कुछ बैंकों की अपनी विशेष योजनाएं भी हैं जैसे कि बैंक ऑफ इंडिया की स्टार मित्र पर्सनल लोन योजना। भारत में करीब 45 फीसदी दिव्यांगजन लोन लेकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। 2011 की जनगणना के मुताबिक हिंदुस्तान में करीब 2. 68 करोड़ दिव्यांगजनों की संख्या बताई गई थी जिनमें 1.50 करोड़ पुरुष और 1.18 करोड़ महिलाएं थीं। इनमें अधिकांश करीब एक तिहाई आबादी गांवों में बताई गई। गनीमन ये रही कि सफल 'पल्स पोलियो अभियान' के बाद दिव्यांगों की संख्या एकदम रुक गई। बीते दो दशकों में भारत में सिंगल केस भी सामने नहीं आया। इसे हुकूमत की बड़ी सफलताओं में गिना जाना चाहिए। वर्ष 2016 से भारत में अक्षम लोगों को नया नाम दिया गया था दिव्यांग। दिव्यांग दिवस अक्षमों विकलांग के अधिकारों और उनके कल्याण को बढ़ावा देने के अलावा उनके राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभावों के विषय में जागरूकता बढ़ाता है। 1976 में हुई संयुक्त राष्ट्र की आम सभा ने मिलकर विकलांगजनों के लिए आज का खास दिन मुकर्रर किया था। 2016 में भारत के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने विकलांग शब्द को हटाकर उसकी जगह दिव्यांग कहना प्रचलित करवाया था। तभी से बोलचाल की भाषा में अक्षमों को दिव्यांग कहना शुरू किया गया। वह इसलिए कि इस शब्द में सम्मान का भाव झलकता है। विश्व की बात करें तो विकलांगों की संख्या मामले में लातविया अभी भी अव्वल पायदान पर काबिज है, 41.2 आबादी दिव्यांगों की वहां वास करती है। वहीं, दूसरे स्थान फिनलैंड हैं जहां 34.9 दिव्यांग रहते हैं। आज का दिन दिव्यांगों के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा समाज में समावेशिता और भेदभाव समाप्त करने की ललक भी पैदा करता है। देश हो, चाहे विदेश, सरकार केंद्र की हो या राज्यों की, सभी को सामुहिक रूप से दिव्यांगों के प्रति लाचारी नहीं, बल्कि उनके मुकम्मल हकों के लिए लड़ना चाहिए। अफगानिस्तान, पाकिस्तान, ईराक जैसे मुल्कों में दिव्यांगों के हालात अभी भी बदतर हैं, इसलिए दिव्यांगों के लिए अभी और समावेशी लड़ाई लड़ने की जरूरत है। हालांकि, सरकारी सुविधाओं के मिलने के बाद भारत के ज्यादातर दिव्यांगजन साहस, संकल्प के बूते सफलता के नए आयाम गढ़ रहे हैं। खेलों के विभिन्न मंचों पर पैराओलंपिक खिलाड़ी वैश्विक स्तर पर स्वर्ण अक्षरों में नया इतिहास लिख रहे हैं। प्रसिद्ध दिव्यांग व्यक्तियों में वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग और अल्बर्ट आइंस्टीन, पर्वतारोही अरुणिमा सिन्हा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रेंक्लिन डी. रूज़वेल्ट, और भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी इरा सिंघल की कहानी दूसरे दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करती है। इन्होंने अपनी विकलांगताओं पर विजय प्राप्त कर अपने-अपने क्षेत्रों में असाधारण सफलता प्राप्त करके दूसरों को संबल दिया है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन बना और बिगाड़ सकती है ये चीजें



संकलित
दर्शन

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?


# ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जीएं



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान। ये दो हीरे मैंने पहले से बचाकर रखे हैं, इसलिए आपके पूरे 50 हीरे आपको वापस मिल गए है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्या मजबूत विपक्ष जरूरी नहीं

संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो चुका है और इसमें भी हंगामे और हो-हल्ला होने के चांस हैं, लेकिन संसद में हो हल्ला न हो ऐसे कैसे हो सकता है? क्या विपक्ष सरकार की तानाशाही नीतियों का विरोध नहीं करे? सरकार कोई ऐसा बिल संसद के किसी सत्र में पास करने की कोशिश करे जो आमजन के लिए लाभदायक कम और हानिकारक ज्यादा हो, उसका विरोध विपक्ष न करे? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब नोटबंदी का फैसला लिया था, तब वो कितने दिन संसद ही नहीं गए थे। शायद उनके पास इस फैसले से संबंधित विपक्ष के प्रश्नों के जवाब नहीं थे। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। नहीं तो संसद में सत्ताधारी पार्टी कोई भी मनमाना कानून पास कर देगी।

*- शरद काले, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### हार्दिक संवेदना व्यक्त



राष्ट्रपति दिसानायके से बात कर चक्रवात दित्वा से हुई दुखद जनहानि और व्यापक तबाही पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की। एक घनिष्ठ और विश्वसनीय मित्र के रूप में, भारत इस कठिन घड़ी में श्रीलंका और उसके लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


### वनभूमि कब्जामुक्त होगी



असम की वनभूमि पर जितने भी अवैध रूप से कब्जा जमाए बैठे लोग हैं, उन्हें हटाने के लिए हमारी सरकार कड़ी कार्रवाई करती रहेगी। यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक वनभूमि अवैध कब्जाधारियों से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाती।

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**


### एसआईआर पर चर्चा



आज हमने नियम 267 के तहत जो नोटिस दिया है, सदन में उसका उद्देश्य बताया जाना चाहिए। ये परंपरा रही है। हमारी अपील है कि एसआईआर पर तत्काल चर्चा होनी चाहिए। ये बहुत ही गंभीर मुद्दा है, क्योंकि देश में बीएलओज की जान जा रही हैं। हम इस मुद्दे पर चर्चा करने को तैयार हैं।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेसाध्यक्ष**

### उद्यमियों से प्रार्थना



सपने आप अकेले पूरे नहीं करते। जिस समाज ने हमें खड़ा किया, उसे कुछ लौटाना हमारी ज़िम्मेदारी है। यही मेरी सारे उद्यमियों से भी प्रार्थना है। आगे बढ़ रहे हो? बहुत अच्छा। अपने साथ लोगों को भी बढ़ाते चलो। यही असली विकास है।

**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

## करंट अफेयर

# ट्रंप के हृदय और पेट का एमआरआई सामान्य

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चिकित्सक ने कहा कि राष्ट्रपति का अक्टूबर में एहतियात के तौर हृदय और पेट का एमआरआई स्कैन कराया गया था जिसके परिणाम 'पूरी तरह सामान्य' पाए गए हैं।



अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस द्वारा चिकित्सक की ओर से जारी एक मेमो में यह जानकारी दी गयी है। डॉ. शॉन बारबाबेला ने सोमवार को एक बयान में कहा कि ट्रंप की शारीरिक जांच में 'एडवांस्ड इमेजिंग' शामिल थी, जो कि ट्रंप की आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए 'मानक शारीरिक परीक्षण' का हिस्सा है। डॉ बारबाबेला ने निष्कर्ष निकाला कि हृदय और पेट की इमेजिंग 'एकदम सामान्य' है। चिकित्सक ने लिखा, 'यह जांच निवारक तौर पर की गयी है ताकि समस्याओं की जल्द पहचान की जा सके, पूरी स्वास्थ्य स्थिति का पता लगाया जा सके और उनकी दीर्घकालिक जीवन शक्ति तथा कार्यप्रणाली बनी रहे।' ट्रंप द्वारा रविवार को स्कैन के परिणाम जारी करने की घोषणा के बाद व्हाइट हाउस ने बारबाबेला का ज्ञापन जारी किया। इससे पहले व्हाइट हाउस ने यह बताने से इनकार कर दिया था कि अक्टूबर में वॉल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में हुए इस शारीरिक परीक्षण के दौरान एमआरआई क्यों किया गया था।

## ऑफ बीट

# ब्रह्माण्ड स्वयं को क्यों खंडित कर रहा है?

ब्रह्मांड किससे बना है? यह प्रश्न सैकड़ों वर्षों से खगोलविदों को उद्वेलित करता रहा है। पिछली एक चौथाई सदी से, वैज्ञानिकों का मानना है कि परमाणु और अणु



जैसी 'सामान्य' चीजें जो आपको, मुझे, पृथ्वी और लगभग हर चीज को बनाती हैं जिसे हम देख सकते हैं, ब्रह्मांड का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा है। अन्य 25 प्रतिशत 'डार्क मैटर' है, एक अज्ञात पदार्थ जिसे हम देख नहीं सकते हैं लेकिन हम यह पता लगा सकते हैं कि यह गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से सामान्य पदार्थ को कैसे प्रभावित करता है। 1998 में खोजा गया, यह ऊर्जा का एक अज्ञात रूप है जिसके बारे में माना जाता है कि यह ब्रह्मांड का लगातार बढ़ती दर से विस्तार कर रहा है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में जल्द ही प्रकाशित होने वाले एक नए अध्ययन में, हमने डार्क एनर्जी के गुणों को पहले से कहीं अधिक विस्तार से मापा है। हमारे नतीजे दिखाते हैं कि यह एक काल्पनिक वैक्यूम ऊर्जा हो सकती है जिसके बारे में सबसे पहले आइंस्टीन ने प्रस्तावित किया था – या यह कुछ अजीब और अधिक जटिल हो सकता है जो समय के साथ बदलता रहता है। एक सदी पहले जब आइंस्टीन ने सापेक्षता का सामान्य सिद्धांत विकसित किया, तो उन्हें एहसास हुआ कि उनके समीकरणों से पता चलता है कि ब्रह्मांड को या तो विस्तारित होना चाहिए या सिकुड़ना चाहिए।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## पुतिन की 4 दिसंबर से प्रस्तावित भारत यात्रा के दौरान होंगे बड़े करार

# एस-400 डिफेंस सिस्टम, एसयू-57 लड़ाकू विमान की होगी डील!

## रूसी सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने दिए हैं संकेत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसंबर को दो दिवसीय भारत दौरे पर आ रहे हैं। इस बीच रूसी सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने पुष्टि की है कि सुखोई एसयू-57 स्टील्थ फाइटर जेट और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम सहित प्रमुख रक्षा समझौतों पर चर्चा होने की उम्मीद है। दिमित्री पेसकोव ने कहा कि मुझे कोई शक नहीं है कि यात्रा के दौरान इस पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि एसयू-57 का मुद्दा निश्चित रूप से पुतिन की भारत यात्रा के एजेंडे में होगा।

### हमें अपने संबंधों को सुरक्षित रखना होगा

पेसकोव ने बाहरी हस्तक्षेप से मुक्त द्विपक्षीय संबंधों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'हमें अपने संबंधों को सुरक्षित रखना होगा, हमें अपने व्यापार को सुरक्षित रखना होगा जिससे दोनों देशों को फायदा हो।' बता दें कि भारत अपने एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को मजबूत करने के लिए 300 रूसी मिसाइलें खरीदने की योजना बना रहा है और पांच अतिरिक्त एस-400 स्क्वाड्रन भी हासिल करना चाहता है।



### 5 दिसंबर को होगी बैठक

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार भारत इन मिसाइलों की खरीद के लिए मॉस्को को रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (**RFP**) जारी करने की तैयारी कर रही है, जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तैनात किया गया था। उम्मीद है कि इस मामले पर 5 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच होने वाली बैठक में चर्चा होगी। भारत और रूस ने पहली बार 2018 में एस-400 सिस्टम के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। यह डील एडवांस्ड एयर डिफेंस प्लेटफॉर्म की पांच यूनिट के लिए 5 बिलियन डॉलर की थी। अब तक पांच में से तीन स्क्वाड्रन पहले ही डिलीवर किए जा चुके हैं।

### लाल किले के पास हुए आतंकी हमले की निंदा

सुरक्षा चिंताओं पर बात करते हुए पेसकोव ने भारत में लाल किले के पास हुए आतंकी हमले की निंदा की और देश के प्रति एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'हमारे देश ने आतंकवादियों के हाथों बहुत कुछ झेला है। हम आतंकवाद की वजह से लोगों को खोने का दर्द जानते हैं,' उन्होंने आतंकवाद विरोधी प्रयासों में भारत के प्रति रूस के समर्थन की पुष्टि की।

महाराष्ट्र के रायगढ़ में कार्रवाई

## कैंसर फैलाने वाली इंडोनेशियाई सुपारी के 11 ट्रक जब्त, रैकेट पकड़ाया

एजेंसी ▶▶| रायगढ़

महाराष्ट्र के रायगढ़ में सीजीएसटी विभाग ने इंडोनेशियाई सुपारी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सुपारी को भारत में कैंसर के खतरे के कारण प्रतिबंधित किया गया है। जब्त की गई सुपारी की मात्रा रैकेट की व्यापकता का सिर्फ एक छोटा-सा हिस्सा हो सकती है, जिससे देश में कैंसर महामारी फैलने का खतरा है। अधिकारियों का कहना है कि अगर इतनी बड़ी मात्रा में कैंसर पैदा करने वाली घटिया सुपारी जमीनी स्तर तक पहुंचती है, तो देश में कैंसर महामारी फैल सकती है।



### गुटखा निर्माण में सुपारी का उपयोग

इंडोनेशिया की घटिया सुपारी भारत में बिक्री, वितरण और उपयोग के लिए प्रतिबंधित है, क्योंकि पान मसाला, गुटखा या पान के पत्तों में इसका उपयोग कैंसर का कारण बन सकता है। तस्करी करने वाले गिरोह इन सुपारी को मंगलूरु में कैंसरकारी सामग्री से पॉलिश करते हैं, जिससे यह हाई क्वालिटी वाली भारतीय सुपारी जैसी दिखे।

जेल से मिलकर लौटीं पाक पूर्व पीएम की बहन ने लगाए गंभीर आरोप

## सस्पेंस हुआ खत्म... 'जिंदा हैं इमरान लगातार किया जा रहा है मेंटल टॉर्चर'



एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लेकर सस्पेंस खत्म हो गया है। सोमवार को जेल में बंद इमरान खान से उनकी बहन उज्मा ने मुलाकात की है। उज्मा ने जेल से बाहर आने के बाद बताया है कि इमरान को जेल में लगातार मेंटल टार्चर किया जा रहा है और वे बहुत गुस्से में हैं। उज्मा ने बताया है कि जेल में उनकी इमरान खान से करीब 20 मिनट तक मुलाकात हुई है।

### 'मुनीर कर रहा है प्रताड़ित'

जेल से बाहर आने के बाद इमरान की बहन ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर पर भी बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, इमरान को आसिम मुनीर पूरे दिन कमरे में बंद रखता है। उन्हें किसी से मिलने नहीं दिया जाता है, वो बहुत परेशान हैं। इमरान खान को किसी के साथ किसी भी तरह के कम्यूनिकेशन की इजाजत नहीं है। उज्मा के मुताबिक इमरान ने उनसे कहा कि इन सारी परेशानी की वजह आसिम मुनीर है।

### रावलपिंडी और इस्लामाबाद में हंगामा

मंगलवार को पूरे दिन रावलपिंडी और इस्लामाबाद में हंगामा चलता रहा। पुलिस इमरान खान के समर्थकों को रोकती रही लेकिन इमरान के समर्थक पीछे हटने को तैयार नहीं हुए। आज अडियाला जेल से लेकर इस्लामाबाद हाई कोर्ट तक भारी बवाल मचा। पाकिस्तान में आज कुछ बड़ा होने वाला है..। इमरान के समर्थकों ने आज अडियाला जेल पर धावा बोलने के लिए कूच कर दिया था। उनके समर्थक कह रहे हैं कि एक महीने से उनके कप्तान की कोई खबर नहीं, कोई तस्वीर नहीं। ऐसे में इस बार वो तब तक अडियाला जेल के बाहर डटे रहेंगे, जब तक इमरान खान को उनकी फैमिली से मिलने नहीं दिया जाता।

### निकाय चुनावों की मतगणना आज नहीं, अब 21 को



**नागपुर।** मुंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग को सभी स्थानीय निकाय चुनावों की मतगणना तीन दिसंबर के बजाय 21 दिसंबर को कराने का मंगलवार को निर्देश दिया। अदालत ने 20 दिसंबर तक 'एग्जिट पोल' पर भी रोक लगा दी। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता फिरदौस मिर्जा ने बताया कि उच्च न्यायालय ने स्थानीय निकाय चुनावों की मतगणना 21 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी है। उच्च न्यायालय एसईसी के संशोधित चुनाव कार्यक्रम के खिलाफ याचिकाओं पर अगली सुनवाई 10 दिसंबर को करेगा।

# कार इंडस्ट्री में नए कैफे-3 नॉर्म्स को लेकर बड़ी फूट पड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की कार इंडस्ट्री में नए कैफे- 3 नॉर्म्स को लेकर बड़ी फूट पड़ गई है। ये नॉर्म्स अप्रैल 2027 से लागू होने वाले हैं। इस मामले में मारुति सुजुकी ने कुछ बड़ी और ज्यादा पेट्रोल पीने वाली गाड़ियां बनाने वालों पर गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया है। मारुति सुजुकी को इन नए नियमों से फायदा होने की उम्मीद है। यह पूरा मामला ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) की ओर से जारी किए गए ड्राफ्ट कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी (कैफे) 3 नॉर्म्स से जुड़ा है। इसमें एक नई 'मिनी लाइट-वेट' कैटेगरी बनाने का प्रस्ताव है। इस कैटेगरी की गाड़ियों को प्रति किलोमीटर सीओ2 उत्सर्जन की तय सीमा में ज्यादा छूट मिलेगी। आज तक ऐसी कोई कैटेगरी मौजूद नहीं है।



### गाड़ियों का वजन 909 किलो से कम होना चाहिए

अगर यह प्रस्ताव मान लिया गया तो लगभग 95 प्रतिशत मारुति की कारें इस कैटेगरी में आ जाएंगी। इस कैटेगरी की गाड़ियों को 909 किलो से कम वजन, चार मीटर से कम लंबाई और 1,200सीसी या उससे कम इंजन कैपेसिटी वाला बताया गया है। ड्राफ्ट नियमों के मुताबिक, इन गाड़ियों को सीओ2 उत्सर्जन के तय टारगेट में 3 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इस प्रस्ताव का इंडस्ट्री के एक बड़े हिस्से ने विरोध किया है। इसमें भारत की महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, कोरिया की हुंडई और किआ, जर्मनी की फॉक्सवैगन और जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर जैसी कंपनियां शामिल हैं।

### विरोध कर रही कंपनियों ने सरकार को लिखी चिट्ठी

विरोध करने वाली कंपनियों ने सरकार को चिट्ठियां लिखी हैं। यही नहीं, टॉप अधिकारियों से मुलाकात भी की है। उनका कहना है कि 909 किलो वजन की नई कैटेगरी तय करना 'मनमाना' है। यह ग्लोबल मानकों के खिलाफ है। उनका आरोप है कि इससे सिर्फ मारुति को फायदा होगा। एक कार निर्माता कंपनी ने कहा, '(यह) देश की सुरक्षित, स्वच्छ कारों की ओर प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। इंडस्ट्री के खिलाड़ियों के लिए खेल के मैदान को बदल सकता है।' उन्होंने यह भी बताया कि हल्की गाड़ियां यात्रियों के लिए असुरक्षित होंगी और यह सरकार की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने की कोशिशों के भी खिलाफ है। कारण है कि इलेक्ट्रिक गाड़ियों में बैटरी की वजह से वजन ज्यादा होता है।

### ज्यादा पेट्रोल पीने वाली गाड़ी बनाने वालों ने फैलाई अफवाह

मारुति सुजुकी ने जवाब दिया। मारुति सुजुकी के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर राहुल भारती ने कहा, 'कुछ गलत तथ्य और बातें बहुत गैर-जिम्मेदाराना तरीके से कुछ बड़ी और ज्यादा पेट्रोल पीने वाली गाड़ियां बनाने वालों की ओर से फैलाई जा रही हैं ताकि उनका ध्यान अपनी बड़ी और ज्यादा पेट्रोल पीने वाली गाड़ियों से हट जाए।' उन्होंने यह भी दावा किया कि मिनी कारों के लिए छूट चीन, कोरिया और यूरोप जैसे बाजारों में भी दी जाती है (हालांकि इन देशों में औसत कार का वजन लगभग 1,100 किलो है)।





# छत्तीसगढ़ अंचल में रहस की प्रस्तुति में रोमांचक नागलीला

लोक नाट्य

डा. उग्रसेन कन्नौजे



रहस का यह अदभुत दृश्य छत्तीसगढ़ अंचल में काफी लोकप्रिय है। नागलीला संध्या को होती है। इसमें दो दृश्य मुख्य होते हैं। एक तो गजग्राह युद्व और विष्णु अवतार कृष्ण द्वारा उद्धार। दूसरा कतिपय मर्दन गज और ग्राह बांस और रंगीन कागज से बनाए जाते हैं। नाव या कड़ाह में दो ओर से नाविकों द्वारा इनका युद्ध कराया जाता है। अन्त में विष्णु तीसरी नाव में जो कि गरुड़ के आकार का होता है आते हैं और ग्राह को मार कर गज का उद्धार करते हैं। इसका दूसरा रूप या दृश्य अत्यंत रोमांचकारी होता है। कहीं कहीं कलाकार खंभे से कोई तार किसी पेड़ की मजबूत डाल से बांध देते हैं और गरुड़ के रूप में वह डोली में कोई बालक कृष्ण के रूप में चक्र और गदा लिए सुशोभित रहता है। गज उद्धार के लिए गरुड़ के आकार की डोली रस्सी के सहारे हवा में चलने लगती है। चारों ओर तालियों की गड़गड़ाहट और जय जयकार होने लगती है। यह प्रदर्शन खतरे से खाली नहीं है। कभी कभी तार में आग भी पकड़ लेती है।

नागलीला का दूसरा भाग कालिया मर्दन है। इस स्वरूप के प्रदर्शन को प्रदर्शित करना बहुत कठिन होता है। नृत्य, संवाद और संगीत से युक्त होता है। इसमें हारमोनियम, तबला और झांझ प्रयुक्त होते हैं।

लोक साहित्य

डा. मंजू शर्मा

## छत्तीसगढ़ी पद्य में व्यंग्य विधा पर एक नजर



छत्तीसगढ़ी पद्य में व्यंग्य जितना प्रखर और विस्तृत है, गद्य में उतना मुखरित और व्यापक नहीं हो सका है। इसके प्रकाशन की समस्या भी है। इस दिशा में छत्तीसगढ़ी पत्र पत्रिकाओं में प्रयुक्त व्यंग्य को विवेचित किया जा सकता है, लेकिन समग्र प्रतिभा को समेटकर जय प्रकाश मानस की प्रथम पुस्तिका ' कलादास की कलाकारी ' उल्लेखनीय है, जो बीसवीं शताब्दी के अंतिम दशक के रूप में समादृत है। ' कुर्सी ' शीर्षक व्यंग्य रचना कुर्सी के महात्म्य को ही अनावृत नहीं करता, वरण आज की राजनीतिक विद्रूपता को भी प्रकट करता है। पंचायती राज के सपना आज की शासन प्रणाली और नौकरशाही के पाटों में पिसती जनता की आर्त वाणी है। महात्मा गांधी ने जो सपना देखा था, उसका दृश्य यहां दृष्टव्य है। प्रेमचंद के पंच अब नहीं रहे। यह सब सपने टूट बिखर गए। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जो मोहभंग हुआ, उसका एक प्रमुख कारण पंचायत की पवित्रता का प्रदूषित होना भी है। कबीर ने जिस सदगुरु को ईश्वर से भी ज्यादा महत्व दिया था, आज वह व्यवसायी और अवसरवादी हो गया है। कबीर ने जो भी सोच कर बलिहारी गुरु आपकी लिखी थी, आज उस गुरु की बलिहारी ही है। उसकी महिमा अनंत है , रहस्यमय है। प्रभुता ' माटी तेल के' शीर्षक व्यंग्य निबन्ध में मिट्टी तेल की महिमा के बहाने व्यंग्य का सुंदर वृत्त ही बना दिया गया है। भले यह वैदिक काल में उल्लेखित नहीं है, फिर भी कलयुग में इसका बखान है। यह राजा से देव तक सबके लिए उपयोगी है। देवता गण दुखी हैं कि सागर मंथन में यह उन्हें नसीब नहीं हुआ, लेकिन कलयुगी मनुष्य ने मिट्टी से इसे निकाल लिया।

परम्परा

दिनेश वर्मा

# रीति रिवाज से निभाई जाती है पानी लगिन



मान्यता है कि कार्तिक एकादशी को श्री विष्णु भगवान चार माह के योग निद्रा से जागृत होते है, इसे अंचल में देव उठनी, देवोत्थान व प्रबोधिनी एकादशी कहा जाता है । इस तिथि के पश्चात अंचल में मांगलिक कार्य आरंभ हो जाता है । मांगलिक कार्य हेतु शुभ तिथि (मुहूर्त )के लिये हिन्दू पंचांग ,जन्म कुंडली व अन्य दस्तावेज में देखा जाता है किन्तु गरियाबंद जिला के छुरा विकास खंड के गोंड़ आदिवासी समाज में शुभ मुहूर्त देखने के लिये ₹ पानी लगिन ( खरी चुनई ) करतें हैं, यह समाज द्वारा मान्य विधि है ।


पानी लगिन देखने के लिए आंगन को गोबर से लीप कर स्थल को शुद्ध किया जाता है, फिर उस स्थल के मध्य मे धान का चौक (यंत्र) बनाया जाता है। इस चौक के बीचों-बीच शुद्ध जल से भरे हुए फुलकांस के बटकी (पात्र) को रख दिया जाता है। इस क्रिया के बाद परिवार और समाज के लोग चौक के चारों ओर बैठकर भूमियार देव, कुल देव, ग्राम्य देव व गृह देव का आहवान कर बटकी के जल में खरी डालतें हैं। इसमें खरी चावल और उड़द के दाने होतें है। यह तीन बार विषम संख्या के क्रम में बटकी के जल में डाला जाता है पांच, सात या नौ की संख्या में प्रायः डाला जाता है। यदि बटकी के जल में चावल और उड़द के दाने डूब गए तो लगिन नहीं होता, पर यदि बटकी के जल में चावल के दाने जोड़ी-जोड़ी में तैरते रहे और उड़द अकेले रहे, तब पानी लगिन शुभ हो जाता है। बटकी के जल में खरी डालते समय देवों को पूछा जाता है ₹ इस आंगन में इन बच्चों (वर-वधु का नाम) का मड़वा गढ़ सकता है कि नहीं ? या फलां लोग (नाम) ढेड़हीन, सुवासिन बन सकते हैं कि नहीं ? आदि... आदि...। पानी लगिन को सर्व मान्य कर मांगलिक कार्य आरम्भ किया जाता है ।



ऐतिहासिक

डा. पुष्पा तिवारी


## अंचल में उत्तर वैदिक काल का प्रभाव



उत्तर वैदिक काल के आधार यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद की संहिताएं तथा ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद ग्रंथ हैं। यह वैदिक युग का ही परिमार्जित काल था। कतिपय कुछ विद्वानों का मत है कि ऋग्वेद के ही कुछ मंत्रों में कुछ गद्य रचनाएं मिलाकर यजुर्वेद बना तथा सामवेद भी ऋग्वेद के ही कुछ मंत्रों को चुन कर तैयार किया गया। चौथा अथर्ववेद जिसे अवार्चीन विद्वान अब तक जादू टोना, जंतर मंतर को अनार्यों की देन मानते हैं जिसे शनैः शनैः आर्यों ने अपनाया, वे इस मत के समर्थक हैं किन्तु प्रमाण बताते है कि यह वास्तव में आर्य ही हैं। आर्य सभ्यता धीरे धीरे दक्षिणी ओर फैल रही थी। इसका प्रमुख केन्द्र कुरुक्षेत्र बन गया। पूर्व में कोशल, काशि और विदेह आर्यों के नए केन्द्र बन गए। आंध्र, बंगाल, उड़ीसा और मध्यप्रान्त के नाम तथा ऐतरेय ब्राह्मण तथा जैमिनिय ब्राह्मणों के पिछले भाग में बरार का नाम आने से यह प्रमाणित हो गया है कि हिमालय और विंध्य के बीच का भाग आर्यों की ज्ञान परिधि में आ चुका था। इस काल को जीवन व्यवस्थित हो चुका था। ऋग्वेद के भरत का स्थान कुरु एवं पांचालों ने ले लिया था जो अपने शुद्ध आचरण और भाषण के प्रतीक माने जाते थे। राजनैतिक परंपरा में सार्वभौम अधिराज्य आदि विविध सत्ताओं का उदय हुआ। इस काल के राजा वाजपेय, राजसूय, अश्वमेध आदि यज्ञों का अनुष्ठान करते तथा अपना एन्द्रमहाभिषेक करवाते थे। राज्यों के विस्तार के साथ साथ राजा का महत्व भी बढ़ गया।

संस्कृतिः डा. सत्यभामा आडिल

# देवी का स्थान होता है माता देवाला




छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति में ग्राम देवी या ग्राम देवता के निवास के लिए तालाब के किनारे माता देवाला बना होता है, समय समय पर इसकी आराधना की जाती है। क्वांर मास में, दीवाली के अवसर पर और चैत्र मास में विशेष पूजा अर्चना की जाती है। ग्रामवासी अपने सुख के लिए विशेष मनौती मानते हैं। ग्राम देवता गांव का संरक्षक बन जाता है। छत्तीसगढ़ के ग्राम देवताओं में साहड़ा देव और ठाकुर देव का विशेष महत्व है। वट और पीपल वृक्ष में भी देवता का वास माना जाता है। चीथड़ा देव रिंगनी वृक्ष की शाखाओं पर चीथड़ा चढ़ा कर मानते हैं। चूरापाट में बेर वृक्ष की शाखाओं पर चूड़ी फुंदरा बांधा जाता है। जादू- टोना, बैगा का महत्व भी अनार्य संस्कृति से आयातित है। किंवदंतियों, दंतकथाओं और अनेक काल्पनिक विश्वासों का समुंदर बन गई छत्तीसगढ़ की संस्कृति।

सुरता


डुमन लाल ध्रुव

## छत्तीसगढ़ के जननायक के रूप में जाने गए शहीद रामाधीन गौड़




18 वीं और 19 वीं शताब्दी के दौरान छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में अंग्रेजों और सामंती व्यवस्था के शोषण से जनजातीय समाज त्रस्त था। बेगार प्रथा, भारी लगान, जबरन वसूली, जंगल जमीन से बेदखली जैसी समस्याओं ने गौड़ समुदाय के जीवन को संकट में डाल दिया। इन्हीं परिस्थितियों में गौड़ नायक जैसे शहीद वीर नारायण सिंह, गहिरा गुरु, गैंदसिंह, रघुनाथ शाह, शंकर शाह और शहीद रामाधीन गौड़ ने विद्रोह का बिगुल फूंका। रामाधीन गौड़ ने अपने क्षेत्र में किसानों और आदिवासियों को एकजुट किया। वे अंग्रेज सरकार की जुल्मी नीतियों और जमींदारों की मिलीभगत के खिलाफ खड़े हुए। उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक किया कि अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष ही मुक्ति का मार्ग है। अंग्रेज हुकूमत ने रामाधीन गौड़ के नेतृत्व और उनके बढ़ते प्रभाव को खतरे के रूप में देखा। उनके आंदोलनों और विद्रोही गतिविधियों को कुचलने के लिए अंग्रेज अधिकारियों ने उन्हें पकड़ने की योजना बनाई। उन्हें गिरफ्तार कर क्रूर यातनाएं दी गई। यातनाओं के बावजूद उन्होंने अंग्रेज सरकार के सामने घुटने नहीं टेके और अपने साथियों को बचाने के लिए सत्य और संघर्ष के पथ पर डटे रहे। अंततः वे शहादत के मार्ग पर शहीद हो गए और अपने प्राणों का बलिदान देकर स्वतंत्रता संग्राम की लौ को और अधिक प्रखर किया । रामाधीन गौड़ केवल एक जाति नहीं बल्कि गौड़ समाज के प्रतिरोध की आवाज थी।

गांव की कहानी : वीरेन्द्र बहादुर सिंह



# छुही मिलने के कारण छुईखदान हुआ नाम

छुईखदान रियासत छुईखदान, बोड़तरा, बिड़ोरा और समई से मिलकर बनी एक छोटी रियासत थी। छत्तीसगढ़ फ्यूडेटरी स्टेटस का कथन है कि छुईखदान रियासत का मूल केन्द्र बिन्दु कोंड़का था। चूंकि कोंड़का, परपोड़ी के अत्यंत निकट है और दोनों जमींदारियों के बीच शत्रुता की स्थिति निर्मित होती रहती थी। इसलिए इस जमींदारी के तीसरे प्रमुख महंत तुलसीदास ने इस स्थान को छोड़कर छुईखदान में अपना स्थाई निवास बना लिया था। छत्तीसगढ़ की 14 रियासतों में सबसे छोटी रियासत में जगह जगह चूने का पत्थर मिलता था, इनमें से संडी नामक गांव का पत्थर उच्च कोटि का माना जाता था। चूना पत्थर को छत्तीसगढ़ी बोली में छुही कहा जाता है जो मिट्टी के घरों की दीवार को पुताई करने के लिए काम आता है। इस मिट्टी की घोल से एक विशेष किस्म की मंद सुहानी सुगन्ध आती है। चूंकि रियासत में सफेद मटमैले रंग की छुही मिट्टी बड़ी मात्रा में मिलती थी, इस कारण इस स्थान का नाम छुईखदान पड़ा।



**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें– **Choupalharibhoomi@gmail.com**

चेन्नई का वाकया

अचानक बिजली जाने से टनल में फंसे रहे लोग

# टनल में फंसी मेट्रो, मची अफरातफरी, अंधेरे में ट्रैक पर चले यात्री

## चेन्नई मेट्रो की ब्लू लाइन में मंगलवार को आई तकनीकी खराबी

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के चेन्नई में मंगलवार सुबह ब्लू लाइन पर मेट्रो टनल में फंस गई और विमको नगर डिपो की ओर जा रहे यात्रियों को ट्रेन से उतरकर अंधेरे में रेल ट्रैक पर पैदल चलकर अगले स्टेशन तक जाना पड़ा. जानकारी के मुताबिक, विमको नगर डिपो से एयरपोर्ट की ओर जा रही मेट्रो ट्रेन सेंट्रल मेट्रो और हाई कोर्ट स्टेशन के बीच स्थित अंडरग्राउंड टनल में अचानक रुक गई थी। चेन्नई मेट्रो की ब्लू लाइन विमको नगर डिपो और चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच चलती है। इसमें मंगलवार तड़के तकनीकी खराबी आ गई। यात्रियों ने बताया कि मेट्रो में बिजली चली गई और वह करीब 10 मिनट तक फंसे रहे. इस दौरान लोग हैंडरेल पकड़कर बाहर झांकते हुए हालात समझने की कोशिश करते हुए भी दिखाई दिए। कुछ देर बाद मेट्रो प्रशासन की ओर से घोषणा हुई कि यात्रियों को लगभग 500 मीटर दूर हाई कोर्ट स्टेशन तक पैदल चलकर जाना होगा।

### सुरंग के अंदर से पैदल निकलते नजर आए लोग

सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में लोग कतार बनाकर सुरंग के अंदर से पैदल निकलते नजर आए। माना जा रहा है कि यह पावर आउटेज या तकनीकी खराबी की वजह से हुआ. हालांकि, स्थिति को जल्द ही ठीक कर लिया गया। चेन्नई मेट्रो रेल ने एक्स पर जानकारी दी कि एयरपोर्ट से विम्को नगर डिपो के बीच ब्लू लाइन की सेवाएं दोबारा सामान्य हो गई हैं। वहीं, सेंट्रल मेट्रो से सेंट थॉमस माउंट तक ग्रीन लाइन पर भी सेवाएं नियमित रूप से चल रही हैं।





### यात्रियों ने बताया अपना अनुभव

यात्रियों ने बताया कि खराबी आने के तुरंत बाद मेट्रो की बिजली भी कट गई थी, जिससे अंदर पूरा अंधेरा छा गया। लोग इंतजार करते रहे कि शायद ट्रेन फिर से शुरू हो जाए, लेकिन करीब 10 मिनट बाद अनाउंसमेंट की गई कि सभी यात्रियों को पैदल ही अगले स्टेशन तक जाना होगा।

### वायरल हुआ वीडियो

अब सोशल मीडिया पर मेट्रो के अंदर का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि ट्रेन के भीतर पूरी तरह अंधेरा है और लोग अपने मोबाइल फोन की लाइट जलाकर खड़े हैं। कई यात्रियों के चेहरों पर परेशानी साफ दिखाई दे रही है।

### मेट्रो ट्रेन सेवाएं सामान्य रूप से शुरू हो गईं

चेन्नई मेट्रो रेल ने एक्स पर लिखा, 'तकनीकी समस्या के कारण, मेट्रो ट्रेन हाई कोर्ट स्टेशन और पुरात्ची थलाइवर डॉ. एम.जी. रामचंद्रन सेंट्रल मेट्रो स्टेशन के बीच रुकी रही। तत्काल निकासी की गई और ट्रेन को लाइन से हटा लिया गया। सुबह 6:20 पर सामान्य परिचालन फिर से शुरू हो गया। ब्लू लाइन पर एयरपोर्ट और विम्को नगर डिपो के बीच मेट्रो ट्रेन सेवाएं सामान्य रूप से शुरू हो गई हैं।' चेन्नई मेट्रो ने अपने आधिकारिक X हैंडल पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा- 'यात्रियों को तुरंत सुरक्षित बाहर निकाला गया और खराब ट्रेन को लाइन से हटा दिया गया। सुबह 6:20 बजे से सामान्य संचालन फिर से शुरू कर दिया गया है।'

## खबर संक्षेप

### शिकायत दर्ज होने के बाद रणवीर सिंह ने माफी मांगी



**मुंबई।** एक्टर रणवीर सिंह के खिलाफ हिंदू जनजागृति समिति ने शिकायत दर्ज करवाई है। उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप लगे हैं। आरोप हैं कि रणवीर सिंह ने चावुंडी देवी को एक फिल्म फेस्टिवल में भूत कहा है। शिकायत दर्ज होने के बाद अब रणवीर सिंह ने सार्वजनिक तौर पर माफी मांगी है। रणवीर ने माफीनामा जारी कर आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से लिखा है-मेरा इरादा फिल्म कांतारा में ऋषभ की शानदार परफॉर्मेंस को उजागर करने का था। एक अभिनेता होने के नाते, मैं जानता हूं कि उस खास सीन को जिस तरह से उन्होंने निभाया, उसके लिए कितनी मेहनत लगती है और इसके लिए मैं उनका अत्यधिक सम्मान करता हू। मैंने हमेशा हमारे देश की हर संस्कृति, परंपरा और आस्था का गहरा सम्मान किया है। अगर मेरी किसी बात से किसी की भावनाएं आहत हुई हैं, तो मैं दिल से माफी चाहता हूं। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, हिंदू जनजागृति समिति ने लिखित शिकायत दर्ज करवाते हुए सख्त एक्शन लिए जाने की भी मांग की है। संगठन ने कहा कि अभिनेता को यह वचन देना चाहिए कि वह भविष्य में ऐसे बयान या प्रदर्शन नहीं करेंगे।

### आतंकियों ने जेहाद को गलत समझा : मदनी

**नई दिल्ली।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी जिहाद पर दिए बयान के बाद चौतरफा घिरते नजर आ रहे हैं। उनके बयान देने के बाद विरोध किया जा रहा है। जिसके बाद उन्होंने कहा है कि जिहाद एक पवित्र शब्द है। दरअसल आतंकवादियों ने इस्लामी शब्दावली को गलत समझा है। मदनी ने कहा कि हम जिहाद को आतंकवादियों से लड़ना मानते हैं। जिहाद पर अपनी टिप्पणी पर के बाद मौलाना महमूद मदनी ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बात की है। उन्होंने कहा, 'यह सही है कि कुछ भ्रम पैदा किया गया है।

### पाक को श्रीलंका की मदद से नहीं रोका : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने चक्रवात दित्वाह से प्रभावित श्रीलंका को मानवीय सहायता भेजने के लिए भारतीय हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करने के पाकिस्तान के अनुरोध पर सोमवार को त्वरित विचार किया। अधिकारियों ने पाकिस्तानी मीडिया में आई उन खबरों को फर्जी करार दिया जिनमें कहा गया है कि भारत ने श्रीलंका को मानवीय सहायता भेजने के लिए पाकिस्तान को अपने हवाई क्षेत्र से उड़ान भरने की इजाजत नहीं दी। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान ने सोमवार को दोपहर लगभग एक बजे (भारतीय समयानुसार) भारतीय हवाई क्षेत्र के ऊपर से उड़ान भरने की अनुमति मांगते हुए आधिकारिक अनुरोध किया था। अधिकारियों के मुताबिक, चूंकि अनुरोध श्रीलंका को मानवीय सहायता भेजने के लिए किया गया था इसलिए भारत ने इसे शीघ्रता से मंजूरी दे दी और सोमवार को शाम साढ़े पांच बजे (भारतीय समयानुसार) आधिकारिक माध्यम से पाकिस्तान को इसकी सूचना दे दी। उन्होंने बताया कि इस पर बेहद कम यानी मात्र चार घंटे की नोटिस अवधि में कार्रवाई की गई।

## प्रियंका गांधी सहित विपक्ष ने की सरकार के आए आदेश की आलोचना

# 'संचार साथी' है जासूसी ऐप, इससे निजता का हनन, देश को तानाशाही में बदल रही केंद्र सरकार

*सभी डिवाइसेज में संचार साथी को अनिवार्य करने के सोमवार को आए सरकारी आदेश पर राजनीतिक बहस छिड़ गई है। विपक्षी दलों और प्राइवेसी समर्थकों ने इस आदेश की कड़ी आलोचना की है। उनका कहना है कि यह ऐप एक 'जासूसी टूल' की तरह काम कर सकता है जो सरकार को भारत के लगभग 730 मिलियन (73 करोड़) स्मार्टफोन्स तक एक्सेस देने में सक्षम बना देगा। विपक्ष ने 'संचार साथी' को जासूसी ऐप करार दिया है। प्रतिष्ठित कंपनी एपल ने भी सरकार के हालिया आदेश के खिलाफ कोर्ट का रुख करने का मन बना लिया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मंगलवार को इस मामले पर सरकार ने इस मामले पर यूटर्न लेते हुए 'अनिवार्यता' खत्म करने की बात की है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने मंगलवार को संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए कहा, इस तरह का आदेश नागरिकों की निजता के अधिकार का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि 'हर व्यक्ति को अपने परिवार तथा दोस्तों को बिना डर के मैसेज भेजने का, बातचीत करने का अधिकार है – सरकार को हर बात देखना नहीं चाहिए।' प्रियंका ने कहा, 'वो इस देश को हर रूप में तानाशाही में बदलना चाहते हैं। संसद इसलिए काम नहीं कर पा रहा है क्योंकि वो किसी भी बात पर चर्चा नहीं करना चाहते। विपक्ष को दोष देना बहुत आसान है। एक स्वस्थ लोकतंत्र चर्चा की मांग करता है।'

**बवाल मचने पर इधर, सरकार का यू टर्न, कहा- 'डिलीट कर सकते हैं'**

**इस मुद्दे पर एप्पल कंपनी ने भी सरकार से दो-दो हाथ की कर ली थी तैयारी**

SANCHAR SAATHI



### फ्राड के बहाने जासूसी

सरकार का कहना था, संचार साथी ऐप का मकसद चोरी हुए फोनों को ट्रैक और ब्लॉक करना, साइबर फ्रॉड पर लगाम लगाना और डुप्लीकेट या स्पूफ किए गए आईएमईआई नंबर वाले डिवाइसेज के दुरुपयोग को रोकना है। ये सभी समस्याएं भारत के बड़े सेकंड-हैंड मोबाइल मार्केट में तेजी से बढ़ रही हैं। इस पर प्रियंका ने आगे कहा कि फ्रॉड की रिपोर्ट करने और यह देखने के बीच बहुत पतली लाइन है कि भारत का हर नागरिक अपने फोन पर क्या कर रहा है। इस तरह से काम नहीं करना चाहिए। फ्रॉड की रिपोर्ट करने के लिए एक असरदार सिस्टम होना चाहिए। हमने साइबर सिक्योरिटी पर इस पर बहुत डिटेल में बात की है।

### एप्पल ने भी बना लिया था विरोध का मन

एप्पल ने भी भारत में बेचे जाने वाले सभी आईफोन्स में इस सरकारी साइबर सुरक्षा ऐप को प्रीलोड करने के आदेश का विरोध करने का मन बना लिया था। राइटर्स ने सूत्रों के हवाले से लिखा, ऐप्पल यूजर्स की प्राइवेसी सुनिश्चित करने के अपने सिद्धांतों के तहत सरकार के इस निर्देश का विरोध कर सकती है और आईफोन निर्माता सरकारी अधिकारियों के सामने कड़ी आपत्ति दर्ज कराएगी। कंपनी के इस दलील देने की उम्मीद है कि वह दुनिया में कहीं भी ऐसे अनिवार्य आदेशों का पालन नहीं करती क्योंकि इससे उसके विशेष आईओएस ईकोसिस्टम में प्राइवेसी और सुरक्षा से जुड़ी गंभीर खामियां पैदा हो सकती हैं।

### सरकार का यूटर्न और सोमवार को आया आदेश

*बवाल मचने पर सरकार ने इस मामले में यू टर्न ले लिया है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि उपयोगकर्ता चाहें तो ही ऐप को सक्रिय करेंगे और वे इसे हटाने के लिए भी स्वतंत्र होंगे। आपको बता दें, सोमवार को दूरसंचार विभाग ने मोबाइल फोन बनाने वाली कंपनियों को निर्देश दिया है कि अगले 90 दिनों के भीतर भारत में बनने या आने वाले सभी नए मोबाइल फोन में 'संचार साथी' ऐप पहले से इंस्टॉल होना चाहिए। यह ऐप धोखाधड़ी वाली कॉल, खोए फोन और आईएमईआई नंबर की जांच करने में मदद करता है। पहले से बिक रहे फोन में सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए यह ऐप इंस्टॉल किया जाएगा। कंपनियों को 120 दिन के भीतर बताना होगा कि उन्होंने इस नियम का पालन किया है। नियम तोड़ने पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।*

# एसआईआर की वजह से बंगाल में अब तक 39 लोगों की हुई मौत

## ममता ने कहा, केंद्र सरकार जिम्मेदार



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

देश के कई राज्यों में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानि एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है। पश्चिम बंगाल में इसे लेकर जमकर विवाद हो रहा है। बंगाल सरकार केंद्र पर गंभीर आरोप लगा रही है। इन सब के बीच मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि प्रदेश में चल रहे एसआईआर की प्रक्रिया पर गंभीर चिंता जताते हुए दावा किया कि इसकी वजह से फैले डर और तनाव के कारण 39 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में चार बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ममता ने बताया कि हर मृतक परिवार को सरकार दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी।

### कई बीएलओ ने की आत्महत्या

मुख्यमंत्री ने बताया कि 4 नवंबर से शुरू हुए इस अभियान ने आम जनता में अनिश्चितता और डर का माहौल बना दिया है। ममता ने कहा कि 39 लोगों की मौतों में आत्महत्याएं भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 13 अन्य लोग, जिनमें तीन बीएलओ भी हैं, अपनी ड्यूटी के दौरान अचानक गिर पड़े या गंभीर रूप से बीमार हो गए। इन सभी को एक-एक लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। सरकारी रिपोर्टों के अनुसार, बीएलओ पर काम का दबाव भी एक बड़ा मुद्दा बनकर सामने आया है। ममता बनर्जी ने कहा कि ऐसे चार मामलों में मौत की जानकारी मिली है, जिनमें से दो परिवारों को सरकार पहले ही वित्तीय सहायता दे चुकी है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी पाक नेवी को किया मजबूर'



**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने मंगलवार को कहा कि मई में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान इंडियन नेवी के आक्रामक रुख के कारण पाकिस्तानी नौसेना को उसके बंदरगाहों के करीब रहने पर मजबूर होना पड़ा। भारतीय नौसेना ने पाकिस्तान के साथ तनाव के बाद पिछले सात-आठ महीनों में पश्चिमी अरब सागर सहित अन्य स्थानों पर उच्च पैमाने पर अपने जहाजों और पनडुब्बियों को तत्परता के साथ तैनात रखा है। 'ऑपरेशन सिंदूर' अब भी जारी है, लेकिन उन्होंने इस बारे में विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर दिया। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विमानवाहक पोत की तैनाती समेत आक्रामक रुख और तत्काल कार्रवाई ने पाकिस्तानी नौसेना को उसके बंदरगाहों या मकरान तट के पास रहने के लिए मजबूर कर दिया।'

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद सक्रिय किए 72 आतंकी लॉन्च पैड

**नई दिल्ली** ऑपरेशन सिंदूर के लगभग 7 महीने बाद पाकिस्तान ने एक बार फिर जम्मू के पास 70 से ज्यादा आतंकी लॉन्च पैड को सक्रिय कर दिया है। कई आतंकी लॉन्च पैड इंटरनेशनल बॉर्डर और लाइन ऑफ़ कंट्रोल के आसपास फिर से बन गए हैं और पाकिस्तान भी छोड़ी गई सैन्य चौकियों और ड्रोन के इस्तेमाल की रणनीति पर काम कर रहा है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने यह जानकारी दी है। बीएसएफ के उप महानिरीक्षक विक्रम कुंवर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत के द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की सैन्य चौकियों और वहां चल रहे आतंकी ढांचों को जबरदस्त नुकसान पहुंचा था।

**ACB (INDIA) LTD.(2X135MW TPP)**
**NOTICE INVITING TENDER**

Ref. No: ACBIL/2x135MW TPP/ASH TRASNPORTATION/2025-26/Dec_01

**Description of work:**
We ACB (INDIA) LTD., 2x135 MW Thermal Power Plant at Village- Kasaipali, Dist Korba (CG), require competent agency for Transportation of Fly Ash/Pond ash from Kasaipali to low lying area located around Katghora, Korba or nearby area for a distance within 50 Kms.

**Details as below:**
**Transportation of Ash by self-tippling Tipper/Trucks dully covered with Tarpaulin or Suitable mean as per applicable MOEF & CC Notifications and guidelines from Kasaipali to identified location at low lying area around Katghora/Korba and nearby area.**

**Total Quantity and Rates:**
Estimated quantity of ash to be transported is approximate basis which is initially about 1,20,000MT this may vary based on requirement at backfilling site and ash availability in ash dyke/pond and transit silo as per plant operation level. This quantity may further be increased or reduced subsequently as per mutual agreement.
Interested and eligible bidder may collect Detailed Tender Document with written request for issuance of tender document from below mentioned address & submit their bids. Please note that tender document will neither be issued over mail or whatsapp nor such requests will be entertained. Bidder shall quote the rate in INR in sealed envelope as below:
Transportation charges of fly ash /pond ash from Kasiapali to low lying area located around Katghora/Korba or nearby area for a distance within 50 Kms from Kasaipali Rs. Per MT Per Km **as per details mentioned in tender documents**
Above includes all expenses and complying all applicable terms and conditions of Pollution Control Boards, various applicable notifications, Orders, guidelines, etc..
**Tender will available:** from 03.12.2025 at 11.00 Hrs. to 08.12.2025 at 16.00 hrs.
**Last date of Bid submission:** 09.12.2025 at 15.00 Hrs.
**Contact person:** Nitesh Srivastava, Contact No: 9575904949, E-mail: civil.270MW@cg.acbindia.com
**Address:** ACB (India) Ltd. 2x135MW TPP, Village-Kasaipali, Teh- Katghora, Dist- Korba (CG)

**- S/d-**
**ACB (India) Ltd. (2X135MW TPP)**

**ACB INDIA LTD.(2X135MW TPP)**
**NOTICE INVITING TENDER**

Ref. No: ACBIL/2x135MW TPP/ASH loading_unloading/2025-26/Dec_02

**Description of work:**
We ACB (INDIA) LTD., 2x135 MW Thermal Power Plant at Village- Kasaipali, Dist Korba (CG), require competent agency for the work, as per below mentioned details:
A. Loading of fly ash from ash pond/ash mound by poklain/excavator.
B. Unloading, dozing & levelling of transported ash at identified location (low lying area) around Katghora/Korba or nearby area
C. Compaction and covering with soil of minimum 500 mm thick layer.

**Quantity and Rates:**
Estimated quantity of ash to be loaded and unloaded is approximate basis which is initially about 1,20,000MT this may vary based on requirement at backfilling site and ash availability in ash dyke/pond and/or transit silo as per plant operation level. This quantity may further be increased or reduced subsequently based on mutual agreement. Bidder shall quote the rate in INR in sealed envelope as below:
**A.** Loading of fly ash from ash pond/ash mound by Pocklain: **as per details mentioned in tender documents** (if fly ash loaded from silo, loading charge will be NIL)
**B.** Unloading, dozing & levelling: **as per details mentioned in tender documents**
**C.** Compaction & covering with soil of minimum 500mm thick layer including soil cost, transportation, and compaction by roller/dozer, water sprinkling by water tanker etc. complete-as **per details mentioned in tender documents**
Interested and eligible bidder may collect Detailed Tender Document with written request for issuance of bid from below mentioned address and submit their bids. Please note that tender document will neither be issued over mail or whatsapp nor such requests will be entertained
Above includes all expenses and complying all applicable terms and conditions of Pollution control Boards, various applicable notifications, Orders, guidelines, etc.
**Tender will available:** from 03.12.2025 at 11.00 Hrs. to 08.12.2025 at 16.00 hrs.
**Last date of Bid submission:** 09.12.2025 at 15.00 Hrs.
**Contact person:** Nitesh Srivastava, Contact No: 9575904949, E-mail: civil.270MW@cg.acbindia.com
**Address:** ACB (India) Ltd. 2x135MW TPP, Village-Kasaipali, Teh- Katghora, Dist- Korba (CG)

**- S/d-**
**ACB (India) Ltd. (2X135MW TPP)**

BAJAJ FINANCE

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**
**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालयः मुंबई - पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे - 411035**

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्ते ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्ते समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे - gold.auction@bajajfinserv.in

(12-01-26) भिलाई - जीई रोड; PBX2GOL14356337, 14807646. बिलासपुर - अग्रसेन चौक; PGJ8GOL14371215, 14536441, 14538107, 14602102, 14649772, 14693587, 14714705, 14714391, 14713935, 14798108, 14846153, 14847504, 14875029. (13-01-26) बिलासपुर - मुंगेली नाका; PCZ5GOL14459502, 14652824, 14659705, 14915769. (14-01-26) बिलासपुर - सरकंडा; P42HGOL14613681, 14606406, 14690460, 14774802, 14823178, 14843180, 14869735. दुर्ग - स्टेशन रोड; P08IGOL14633660, 14766558. (15-01-26) कटघोरा - BGL; P25EGOL14357798, 14390754, 14480357, 14554584, 14778619. कोरबा - सीएसईबी चौक; PEQ2GOL14480445, 14476219, 14609566, 14779163, 14846148, 14888034. (16-01-26) मनेन्द्रगढ़ - BGL; PV99GOL14357700, 14399109, 14437508, 14436622, 14463561, 14477187, 14633527, 14657454, 14738136, 14765013, 14840597, 14899045. (17-01-26) रायगढ़ - जगतपुर; PLI6GOL14612595, 14633979. रायपुर - पचपेड़ीनाका; PLI9GOL14583848. (19-01-26) रायपुर -पियांक टावर; PEN5GOL14412075, 14480003, 14693043, 14706566, 14829607. राजनांदगांव- जीई रोड; PEN6GOL14512265. (20-01-26) रायपुर - तेलीबांधा रोड; PF45GOL14444389, 14755622, 14823117, 14826693, 14833533, 14846377, 14891123, 14917559.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**

# जेम पोर्टल से सामग्री क्रय में अनियमितता, राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम की प्राचार्य सहित 3 प्राध्यापक निलंबित

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य सहित तीन प्राध्यापकों को जेम पोर्टल के माध्यम से सामग्री खरीदी में अनियमितता के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय रायपुर से आदेश जारी किए गए हैं।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम की प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा, सहायक प्राध्यापक डॉ. मोहन लाल वर्मा, सहायक प्राध्यापक देवेन्द्र देवांगन, सहायक प्राध्यापक मनीषा

### जेम पोर्टल के माध्यम से सामग्री क्रय में अनियमितता पर हुई

भोई के द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से की गई क्रय की गई सामग्री में आर्थिक अनियमितता में प्रथम दृष्टया संलिप्तता पाई गई है। जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय की गई सामग्री में इनके द्वारा छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं किया गया है। राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम की प्राचार्य तथा सहायक प्राध्यापकों को सिविल सेवा नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए इनका मुख्यालय क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय रायपुर रहेगा।

### बिना निविदा बांटे कार्य

बताया गया है कि 2 करोड़ से ज्यादा की गड़बड़ी के आरोपों की जांच के लिए गठित कमेटी के संयोजक अपर संचालक-उच्च शिक्षा संचालनालय डॉ. किशोर कुमार तिवारी को नियुक्त किया गया है। आरोप है कि कॉलेजों के जिम्मेदारों ने बिना निविदा अपने चहेतों को लाखों का कार्य बांट दिए।

### यहां पर भी गड़बड़ी की जांच

जांच में बिलासपुर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में एक करोड़ के टेंडर कार्य में गड़बड़ी के आरोप है। तो वहीं शासकीय कॉलेज महासमुंद द्वारा 1 करोड़ के 36 अलग-अलग कार्य आदेश देने का मामला है। इसके अलावा वीरांगना रमोतीन गवर्मेंट मॉडल कॉलेज, नारायणपुर भी एक ही फर्म 35 लाख का कार्य दिया गया।

# स्वदेशी बेचो, स्वदेशी खरीदो का संकल्प, स्वदेशी संकल्प यात्रा 9 को पहुंचेगी रायपुर

हरिभूमि न्यूज : रायपुर।

स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने और इसकी खूबियों को आम जनता तक पहुंचाने देशभर में स्वदेशी संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। 9 दिसंबर को यह यात्रा रायपुर पहुंचेगी। कैट एवं एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में संचालित इस यात्रा यात्रा के स्वागत एवं कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में मंगलवार पंडरी स्थित कैट प्रदेश कार्यालय में कैट, स्वदेशी जागरण मंच एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक हुई।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी एवं स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक

### तैयारी को लेकर पदाधिकारियों की बैठक हुई, कैट, स्वदेशी जागरण मंच और व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी हुए शामिल

जगदीश पटेल ने बताया कि स्वदेशी संकल्प यात्रा का उद्देश्य यह है कि स्वदेशी विचार को जमीनी स्तर तक ले जाया जाए और हर नागरिक को "स्वदेशी बेचो - स्वदेशी खरीदो" का संकल्प दिलाया जाए।

स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलता है और रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं। यह आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ाता है, आयात पर निर्भरता कम करता है। श्री पारवानी ने कहा कि स्वदेशी उत्पाद से स्थानीय संस्कृति तथा हस्तशिल्प को संरक्षित करने में मदद मिलती है। इसके अतिरिक्त, यह पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है, क्योंकि इससे परिवहन की आवश्यकता कम होती है, हम बाजार के दुकानदारों के साथ ग्राहकों से भी अपील कर रहे हैं कि स्वदेशी अपनाकर देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करें। जब देश का पैसा देश में रहेगा तभी सबकी उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

# 15 लाख 65 हजार टन की खरीदी, सोसाइटियों में आवक बढ़ने से डंप हो रहा धान



हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के 15 दिन बीतने के बाद अब तक 15.65 लाख टन की खरीदी हो चुकी है। सोसाइटियों में धान का स्टॉक लगातार बढ़ता जा रहा है। बेमेतरा और बलौदाबाजार जिलों में सबसे अधिक धान की खरीदी होने से यहां पर सोसाइटियों में बफर स्टॉक की स्थिति बनने लगी है। परिवहन किए जाने को लेकर मार्कफेड की ओर अब तक कोई दिशा निर्देश जारी नहीं होने के कारण जिलों से डीओ नहीं काटा जा रहा है। ऐसे में धान के उठाव में देर होने से सोसाइटियों को सूखत की मार झेलनी पड़ सकती है।

15 नवंबर से राज्य के सभी जिलों में एक साथ धान खरीदी शुरू होने के बाद अब किसानों के द्वारा प्रतिदिन भारी मात्रा में धान लाया जा रहा है। 2 दिसंबर को 1.89 लाख टन धान की खरीदी की गई। खरीदी के बाद धान की सुरक्षा को लेकर सोसाइटियों की चिंता बढ़ गई है। आने वाले दिनों में धान की मात्रा और तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। ऐसे में सोसाइटी में धान का स्टॉक जाम होने से खरीदी पर प्रभाव पड़ेगा। जिलों में अब तक डीएमओ द्वारा परिवहन के लिए डीओ नहीं काटा जा रहा है। बताया गया है कि मार्कफेड के द्वारा परिवहन के लिए किए जाने वाले अनुबंध की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। परिवहन कर्ताओं से अनुबंध होने के बाद उन्हें जिलों से उठाव के लिए लगाया जाएगा।

प्रदेश में धान खरीदी में बेमेतरा जिला सबसे आगे है। यहां पर 1.26 लाख टन की खरीदी की जा चुकी है। यहां पर कई सोसायटियों में बंफर धान की आवक हो रही है। जिला प्रशासन इस पर नजर बनाए हुए है। वहीं दूसरे स्थान पर बलौदाबाजार जिला है यहां पर 98 हजार टन की खरीदी हो चुकी है। वहीं बालोद जिले में 96 हजार टन से अधिक की खरीदी कर ली गई है। यहां पर धान के उठाव के लिए डीओ नहीं काटा गया है। रायपुर जिले में में 95 हजार टन की खरीदी पूरी कर ली गई है।

राजनांदगांव में 90 हजार टन की खरीदी अब तक हुई है। वहीं सबसे कम खरीदी सुकमा जिले में 1042 क्विंटल की खरीदी हुई है। खरीदी के बाद सोसायटी में धान डंप है।

## नए साल में रायपुर में होगा साहित्य उत्सव, जुटेंगे देशभर के 100 से अधिक साहित्यकार

**रायपुर।** नए वर्ष की शुरुआत के साथ छत्तीसगढ़ एक बार फिर साहित्यिक ऊर्जा से सराबोर होने को तैयार है। आगामी महीने रायपुर साहित्य उत्सव का आयोजन नवा रायपुर में 23 से 25 जनवरी तक होगा, जिसमें देशभर से 100 से अधिक प्रतिष्ठित साहित्यकार शामिल होंगे। राज्य स्थापना के रजत वर्ष पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा इस आयोजन की परिकल्पना की गई थी। उनकी यह परिकल्पना अब साकार रूप लेने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में रायपुर साहित्य उत्सव के लोगो का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शंशाक शर्मा, जनसंपर्क विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, वरिष्ठ साहित्यकार सुशील त्रिवेदी, डॉ. चितरंजन कर, गिरीश पंकज, डॉ. संजीव बक्शी, प्रदीप श्रीवास्तव और शकुंतला तरार उपस्थित थीं।

# नर्सिंग प्रवेश में जीरो परसेंटाइल के प्रस्ताव का विरोध, गुणवत्ता प्रभावित होने का हवाला

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

निजी नर्सिंग कालेजों में बीएससी की खाली सीटों में प्रवेश के लिए जीरो परसेंटाइल के प्रस्ताव का विरोध शुरू हो गया है। तर्क दिया गया है कि इससे नर्सिंग सेवा की गुणवत्ता प्रभावित होगी। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवाओं पर भी भविष्य में इसका गंभीर प्रभाव हो सकता है। नर्सिंग एसोसिएशन जीरो परसेंटाइल के प्रस्ताव को खारिज करने स्वास्थ्य सचिव को ज्ञापन सौंपा है।

निजी नर्सिंग महाविद्यालय महाविद्यालय संघ द्वारा की गई मांग के आधार पर चिकित्सा शिक्षा संचालक द्वारा इंडियन नर्सिंग काउंसिल को प्रवेश की तारीख 31 दिसंबर करने के साथ नियम में शिथिल करने का प्रस्ताव दिया था। इस मामले में द नर्सिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ ने आपत्ति की है। स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया को सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने तर्क दिया है कि नर्सिंग जैसे तकनीकी एवं उच्च जिम्मेदारी वाले क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। शून्य या अत्यल्प अंक प्राप्त अभ्यर्थियों को प्रवेश देने से नर्सिंग शिक्षा का स्तर गिर सकता है। प्रशिक्षण के दौरान मानकों का पालन कठिन हो सकता है। मरीजों को दी जाने वाली नर्सिंग सेवाओं की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है तथा संपूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्था की विश्वसनीयता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए प्रवेश के लिए जीरो परसेंटाइल के सिस्टम पर रोक लगाना चाहिए।

### नर्सिंग एसोसिएशन ने स्वास्थ्य सचिव के सामने जताई आपत्ति



### डीएमई के पत्र पर आपत्ति

नर्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष नजीब अशरफ एवं अमित रॉय ने डीएमई द्वारा आईएनएसी को भेजी की चिट्ठी पर आपत्ति जताई है। उनका आरोप है कि आयुक्त चिकित्सा शिक्षा के ट्रांसफर होते ही नर्सिंग महाविद्यालय एसोसिएशन ने संचालक चिकित्सा शिक्षा विभाग से परसेंटाइल की बाध्यता हटाने एवं प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसंबर करने पत्र लिखवा दिया। दूसरी ओर विभागीय मंत्री द्वारा अन्य राज्यों में प्रवेश की जानकारी देने निर्देश दिया था।

# प्रापर्टी रीएसेसमेंट के लिए नए साल में होगा लीडार सर्वे, जल्द तय होगी एजेंसी

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

रायपुर शहर के 70 वार्डो में मकानों, दुकानों, खाली प्लॉट सहित अन्य प्रापर्टी का रीएसेसमेंट सर्वे होगा। इसमें हर वार्ड की थ्रीडी मैंपिंग की जाएगी। इसके ही आधुनिक व बहुआयामी तकनीक की सहायता से लीडार सर्वे कर डॉटा जुटाया जाएगा। 7 साल बाद यह दूसरा मौका है, जब नगर निगम शहरभर की प्रापर्टी को खंगाल कर उसे कर के दायरे में लाने की तैयारी में है, क्योंकि जीआईएस सर्वे के बाद शहरभर में हुए नए निर्माण और पुराने मकान में अतिरिक्त निर्माण के साथ ही कई लोगों ने खुले भूखंड का क्रय किया है। इसका सटीक ब्योरा नगर निगम के पास नहीं है। लीडार सर्वे में छूटी हुई प्रापर्टी और नई प्रापर्टी की वर्तमान स्थिति की सटीक जानकारी जुटाकर उसे कर के दायरे में लाने की योजना है।

### ड्रोन सर्वे से बेहतर है लीडार सर्वे

70 वार्डो में स्थित आवासीय, व्यावसायिक परिसर, खुले भूखंड की वर्तमान स्थिति का अत्याधुनिक तकनीक से सर्वे कर निर्माण की जानकारी जुटाने पहली बार नगर निगम लीडार सर्वे कराएगा। इसमें 7.60 करोड़ रुपए का खर्च अनुमानित है। इसके लिए ऑनलाइन टेंडर कर बड़ी कंपनियों को आमंत्रित किया गया। इसमें देशभर के अलग-अलग राज्यों की 10 कंपनियों ने निविदा भरी। महात्मा गांधी सदन में महापौर, आयुक्त के समक्ष बारी-बारी से सभी कंपनियों ने अपने प्रोजेक्ट का पॉवर प्रेजेंटेशन भी दिया। इसमें सर्वे की तकनीक, तरीका और उसमें लगने वाला समय सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी दी। दस्तावेज परीक्षण तथा अन्य मापदंडों में परख करने के बाद 2 कंपनियां इसमें अपात्र करार दी गईं, 8 कंपनियां क्वालीफाई हुई हैं। चयनित कंपनियों के आरएफपी को नगर निगम की निविदा समिति ने सहमति दे दी है। महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप से एप्रूवल होना बाकी है। अब इन कंपनियों से फाइनेशियल बीड मंगाकर दर तय करने की प्रक्रिया की जाएगी।

निगम के आईटी सेल के अधिकारियों का कहना है कि ड्रोन सर्वे में एक सीमा तक लेयर कैप्चर कर सकते हैं, पर लीडार सर्वे में एक साथ मल्टीलेवल लेयर कैप्चर करना आसान होता है। इसमें ड्रेनेज, पीने के पानी की पाइपलाइन और प्रापर्टी की बहुत सूक्ष्मता से जानकारी चित्र के साथ कैप्चर की जा सकेगी। इससे पूरे शहरभर की प्रापर्टी का सटीक डाटा एकत्र करने में आसानी होगी। केंद्र सरकार द्वारा विश्वबैंक परियोजना के तहत देशभर के चुनिंदा निकायों में जीआईएस सर्वे कराया गया।

## सामान्य हुई रात की ठंड, गुरुवार रात से तापमान में पुनः गिरावट के आसार

**रायपुर।** धीरे-धीरे अपनी सामान्य स्थिति में आ चुकी रात की ठंड में पुनः वृद्धि होने की संभावना है। गुरुवार की रात से ठंड में वृद्धि शुरू होगी और दो से तीन दिनों तक तापमान एक से तीन डिग्री तक लुढ़केगा। अभी सरगुजा समेत पूरे प्रदेश में न्यूनतम तापमान अपनी सामान्य स्थिति से नीचे नहीं है। मंगलवार को दिन में हल्के बादल रहने की वजह से धूप असरदार नहीं थी।

बढ़ती ठंड के साथ मौसम में उतार-चढ़ाव की संभावना बनी रहने की उम्मीद है। दो-तीन दिनों से छाए बादलों की वजह से रात के तापमान में गिरावट का दौर रुक गया था। उल्टे नमी के प्रभाव से छाए बादलों के कारण दिन के मौसम में ठंडकता आ गई थी। नमी का कारण बनने वाला सिस्टम अब कमजोर हो गया है। अब राज्य में आने वाली हवा की दिशा में बदलाव होने की संभावना है। इससे रात के न्यूनतम तापमान में पुनः गिरावट का दौर शुरू होने के आसार हैं। अनुमान है कि गुरुवार की रात से पारा सामान्य से नीचे जाएगा।

## उरला इलाके में मर्डर, दो नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के उरला इलाके में एक युवक की हत्या का खुलासा पुलिस ने किया है। मृतक का शव तीन दिन पूर्व ग्राम गुमा स्थित सिंघानिया पेट्रोल पंप के पास रात के समय मिला था। इस वारदात को अंजाम दो नाबालिग सहित तीन लोगों ने मिलकर दिया था। पुलिस ने जांच करते हुए इन तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उरला थाना प्रभारी ने बताया कि 30 नवंबर की रात करीब 11.30 बजे ग्राम गुमा स्थित सिंघानिया पेट्रोल पंप के पास खून से लतपथ एक अज्ञात युवक की लाश मिली थी। उसके शरीर में पीठ के पास चाकू से वार किए जाने का निशान मिला था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया था। इस जांच में मृतक की शिनाख्त फुल्लम सिंह गोंड 24 वर्ष निवासी ग्राम चकमी रैयत थाना करंजिया जिला डिंडोरी मध्यप्रदेश के रूप में की गई। हाल में फुल्लम प्राइम इस्पात कंपनी ग्राम गुमा में काम करता था। पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तथा मृतक के परिचितों से पूछताछ की।

**आम सूचना**

ग्राम आमासिवनी, प.ह.नं. 42, रा.नि.मं. रायपुर-8- शंकर नगर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती परगुन छाबड़ा ने विक्रेतागण 1. श्री आलोक अग्रवाल 2. अंकित अग्रवाल दोनो पिता श्री विजय अग्रवाल दोनो निवासी एम.आई.जी.-109-110, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, टाटीबंध रायपुर छ.ग. वाले के स्वामित्व एवं आधिपत्य में "स्वर्ण भूमि फेस-।।" में स्थित परिवर्तित आवासीय खुली भूमि जिसका खसरा नंबर 15001/81, भू-खण्ड क्रमांक 2008 रकबा 0.1304 हे. याने 14038 वर्गफुट भूमि ग्राम आमासिवनी (स्वर्ण भूमि फेस- 1 1), प.ह.नं. 42, रा.नि.मं. रायपुर-8-शंकर नगर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में धारित की जाती है, को क्रय करने का सौदा कर इकरारनामा का निष्पादन करा लिया है, बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उक्त भूमि के सौदे/विक्रय के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, बैंक, संस्था, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अपनी लिखित उजर दावा या आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे, आम सूचना का खण्डन मात्र आपत्ति के रूप में स्वीकार नहीं होगा। बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त संपत्ति का पंजीयन अपने पक्ष मे करा लिया जावेगा एवं तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नहीं होगी। सो सूचना जाने।

स्थान- रायपुर छ.ग. दिनांक-02/12/2025

भवदीय
डी.पी.वर्मा / गणेश यादव (अधिवक्तागण)
पता- राज टॉकिज के पास, मल्टिलेवल पार्किंग के पीछे, होटल लक्ष्य रायपुर छ.ग.,
मो. नं. - 97707-88855, 98271-05350

**न्यायालय, आयुक्त, कर्मचारी प्रतिकर अधि. सह श्रम न्यायालय, जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

प्र.क्र.: 15/ई.सी.ए./सीओसी-1-बी/25 [एफ] डिपो.

**: सूचना पत्र :**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नियोक्ता AE [ci] offg officer commanding, 66 road const [GREF], c/o APO Pim-930066 c/o 56 के मातहत कार्य करते हुए कामगार बुधेल नेताम की कार्य के दौरान दुर्घटना होने से दिनांक 15.02.2024 को मृत्यु हो गई है, जिसका क्षतिपूर्ति धनराशि रूपए 1198500.00 (ग्यारह लाख अन्ठानबे हजार पांच सौ रूपए मात्र) वितरण की कार्यवाही के लिए दिनांक 05.01.2026 नियत है!

अत: जो भी व्यक्ति मृतक स्व. बुधेल नेताम का आश्रित कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम 1923 की धारा 2 [1] [डी] के अन्तर्गत होना समझता हो, वह न्यायालय के समक्ष दिनांक 05.01.2026 को दिन के 11 बजे उपस्थित होकर मृतक के आश्रित होने का साक्ष्य व प्रमाण पेश करें एवं मृतक के नियोक्ता द्वारा प्रमाणित स्वंय का फोटो तथा परिचय पत्र पेश करे !

आज दिनांक 29.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सीलमुद्रा से प्रसारित !

आयुक्त,
कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम,
श्रम न्यायालय, जांजगीर चांपा !

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# भारत-दक्षिण अफ्रीका वनडे मैच में आधा दर्जन आईपीएस अफसरों को मिली सुरक्षा की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

नया रायपुर के ग्राम परसदा स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले वनडे मैच के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। छत्तीसगढ़ पुलिस प्रशासन ने इस मैच की सुरक्षा के लिए पुलिस बल के साथ 6 आईपीएस अफसरों की भी ड्यूटी लगाई है। इन अफसरों को स्टेडियम के अलग-अलग 6 सेक्टर की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्टेडियम में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस विभाग के 1500 अधिकारी-कर्मचारी तथा पार्किंग सहित मुख्य मार्ग पर गाड़ियों का आवागमन बिना जाम लगे सुचारू रूप से हो, इसके लिए यातायात विभाग के 500 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### पुलिस विभाग के 1500 एवं यातायात के 500 अधिकारी-जवान रहेंगे तैनात

मिली जानकारी के अनुसार वनडे मैच सुरक्षा के प्रभारी बनाए गए डीआईजी गिरिजाशंकर जायसवाल ने स्टेडियम के अलग-अलग सेक्टर की सुरक्षा की जिम्मेदारी 6 आईपीएस अफसरों को सौंपी है।

इन अफसरों के मार्गदर्शन में सभी सेक्टरों में पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। स्टेडियम के साथ मेफेयर रिसोर्ट के चारों तरफ खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए सशस्त्र पुलिस जवान भी तैनात किए गए हैं।


### रिसोर्ट से स्टेडियम तक रूट सील

खिलाड़ियों सहित अन्य वीआईपी लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने रिसोर्ट से लेकर स्टेडियम तक के रूट को सील कर दिया है। इस रूट में जगह-जगह पुलिस अधिकारी-जवानों की ड्यूटी लगाई गई है।

### आईजी-डीआईजी ने सुरक्षा के मद्देनजर ली बैठक

वनडे मैच के एक दिन पूर्व भी आईजी अमरेश मिश्रा और डीआईजी गिरिजाशंकर ने सभी एएसपी, डीएसपी रैंक के अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने रिसोर्ट से लेकर स्टेडियम तक तथा स्टेडियम के अंदर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा की, साथ ही आवश्यक निर्देश दिए।

## शब्द पहेली - 6066




**बाएँ से दाए**

1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**

2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्णा-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

**शब्द पहेली- 6065 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6076

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6075 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# डिजिटलीकरण, कर सूचना की चुनौतियों से निपटने समन्वित कार्रवाई जरूरी : सीतारमण

- क्रिप्टो एवं स्टेबलकॉइन जैसे नए वित्तीय उत्पादों से मिल रही नई चुनौतियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण और क्रिप्टो एवं स्टेबलकॉइन जैसे नए वित्तीय उत्पादों के उद्भव से उत्पन्न नई चुनौतियों से निपटने की समन्वित कार्रवाई के लिए मंगलवार को वैश्विक सहयोग का आह्वान किया और देशों के बीच सूचनाओं का समय पर आदान-प्रदान सुनिश्चित करने पर बल दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यहां 18वीं 'ग्लोबल फोरम प्लेनरी' बैठक का उद्घाटन करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों के बीच कर सूचनाओं का आदान-प्रदान सुनिश्चित करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे प्रौद्योगिकी उपकरणों का उपयोग किया जाना चाहिए जिससे मापनीय परिणाम हासिल होंगे।

### साइबर सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत

सीतारमण ने कहा, "भविष्य में नई चुनौतियां सामने खड़ी हैं जिन पर मिलकर ध्यान देने की जरूरत है। अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण, नए वित्तीय उत्पादों के उद्भव एवं लाभकारी स्वामित्व की उभरती संरचनाओं के लिए विभिन्न न्याय-क्षेत्रों के बीच निरंतर सहयोग की जरूरत है। गोपनीयता एवं साइबर सुरक्षा पर भी काफी ध्यान देने की जरूरत है।"



### देश चुनौतियों का अकेले समाधान नहीं कर सकता

वित्त मंत्री ने कहा कि कोई भी देश इन चुनौतियों का अकेले समाधान नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, "इन चुनौतियों के लिए समन्वय, विश्वास और प्रासंगिक सूचनाओं का समय पर आदान-प्रदान आवश्यक है।"

### कई चुनौतियों को अनुकूल बनाना होगा

इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत साझा की गई जानकारी का प्रभावी ढंग से उपयोग भी सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों को डिजिटल अर्थव्यवस्था कराधान और 'क्रिप्टो संपत्ति सूचना ढांचा' सहित नई चुनौतियों के अनुकूल बनाना होगा। इसके लिए प्रौद्योगिकी नवाचार एवं समन्वित कार्रवाई दोनों की जरूरत होगी।

### ग्लोबल फोरम एक बहुपक्षीय ढांचा

श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले कुछ वर्ष में वैश्विक मंच ने वैश्विक कर परिदृश्य में बैंकिंग गोपनीयता एवं सीमित सहयोग से लेकर पारदर्शिता तथा सूचना आदान-प्रदान तक बदलाव लाने में मदद की है। कर उद्देश्यों के लिए पारदर्शिता एवं सूचना के आदान-प्रदान पर ग्लोबल फोरम एक बहुपक्षीय ढांचा है जिसमें 170 न्याय-क्षेत्र शामिल हैं।

### पारदर्शिता निष्पक्ष होने पर ही प्रभावी

यह पारदर्शिता और सूचना के आदान-प्रदान पर अंतरराष्ट्रीय मानकों के कार्यान्वयन की निगरानी एवं समीक्षा करता है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता तभी प्रभावी एवं निष्पक्ष हो सकती है जब वह स्पष्ट नियमों, पारस्परिक सम्मान और साझा उद्देश्यों द्वारा निर्देशित हो। भारत के संदर्भ में सीतारमण ने कहा कि पिछले एक दशक में स्वैच्छिक अनुपालन में स्पष्ट रूप से मजबूती आई है।

### कर जमा कराने में आया सुधार

मंत्री ने कहा, "कर जमा कराने में यह सुधार केवल प्रवर्तन से नहीं आया... निष्पक्षता एवं पूर्वानुमेयता, जब व्यवहार में प्रदर्शित होती है तो अनिवार्यता की तुलना में भागीदारी को कहीं अधिक प्रभावी ढंग से प्रोत्साहित करती है। हमारा मानना है कि यह सबक राष्ट्रीय सीमाओं से परे भी प्रासंगिक है।"

# सोना 1,670 रुपए टूटा चांदी 4,360 रुपए तेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोर कारोबार के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,670 रुपये टूटकर 1,31,530 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,33,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। हालांकि, चांदी में लगातार छठे दिन तेजी बनी रही और यह 4,360 रुपये बढ़कर 1,81,360 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज), सौमिल गांधी ने कहा, "पिछले सत्र में कीमतें कई सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद कारोबारियों की मुनाफावसूली से मंगलवार को सोने में गिरावट आई। इसके साथ इस सप्ताह के आखिर में आने वाले अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों के आने से पहले व्यापारियों के सतर्क रुख ने भी गिरावट में योगदान दिया।" सराफा संघ के अनुसार, हालांकि, चांदी में लगातार छठे सत्र में तेजी रही और यह 4,360 रुपये बढ़कर 1,81,360 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। सोमवार को यह 1,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# एयू स्मॉल बैंक ने रश्मिका को बनाया ब्रांड एम्बैसडर

**नई दिल्ली।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने फिल्म अभिनेता रणबीर कपूर और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना को अपना ब्रांड एम्बैसडर बनाया है। बैंक ने कहा कि यह भागीदारी शहरी, महानगर और भारत के दूसरे बाजारों में मजबूती से ध्यान में रखकर एक पसंदीदा राष्ट्रीय बैंकिंग ब्रांड बनाने की एयू एसएफबी की कोशिशों को मजबूत करती है। उसने कहा कि यह सहयोग एयू एसएफबी के बचत खातों और चालू खातों में अपने मुख्य उत्पाद की ताकत के लिए ज़्यादा पसंद को बढ़ावा देने पर ध्यान देने में मदद करता है।


**कार्यालय अधिष्ठाता**
**पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पत्र क्रं.-19642/निविदा/2025-26 — रायपुर, दिनांक 01/12/2025

पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) के केन्द्रीय ग्रंथालय के लिए आवश्यक पुस्तक (प्रिंट) क्रय हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी एवं निविदा प्रपत्र महाविद्यालय के वेबसाईट www.ptjnmcraipur.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा जमा की अंतिम तिथि — 02/01/2026 समय अपरान्ह 03:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि — 02/01/2026 समय सायं 4:00 बजे
स्थान : अधिष्ठाता कार्यालय, पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

अधिष्ठाता
पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

जी. 252605169/2



**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-अम्बिकापुर**

**आंशिक संशोधन (विज्ञापन क्रं. 149)**

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, वृत्त अम्बिकापुर के जिला-जशपुर अंतर्गत कुनकुरी, जशपुर, बगीचा, एवं पत्थलगांव, में महिला एवं बाल विकास विभाग हेतु परियोजना कार्यालय सह संसाधन केन्द्र भवन निर्माण कार्य हेतु निविदा दिनांक 28.11.2025 को हरिभूमि बिलासपुर एवं जशपुरांचल में प्रकाशित विज्ञापन क्र. 149 में आंशिक संशोधन करते हुए "निविदा दिनांक 12.11.2025" तक की जगह "निविदा दिनांक 12.12.2025" पढ़ा जावे। उक्त कार्य हेतु निविदा संबंधित शेष नियम व शर्ते पूर्वानुसार रहेंगी।

उपायुक्त

सं-46101


# एलन कोटा में एडमिशन शुरू, स्पेशल फी-बेनिफिट 20 दिसंबर तक

**कोटा।** एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। संस्था ने 20 दिसम्बर तक अर्ली फी बेनिफिट की घोषणा की है। इस अवधि में एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों को रियायती शुल्क पर प्रवेश मिलेगा, जबकि इसके बाद एडमिशन लेने पर छात्रों को बढ़ी हुई फीस देनी होगी। संस्थान के प्रेसिडेंट विनोद कुमावत ने बताया कि हाल ही में आयोजित टैलेंटेक्स परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर मिलने वाली स्कॉलरशिप के साथ विद्यार्थी अब अर्ली फी बेनिफिट का दोहरा लाभ उठा सकते हैं। ऐसे छात्र रियायती फीस में टैलेंटेक्स स्कॉलरशिप जोड़ते हुए एडमिशन ले सकेंगे। कुमावत के अनुसार इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए एलन देश के अग्रणी संस्थानों में शामिल है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर परिणाम देने के उद्देश्य से संस्था लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। जेईई एडवांस्ड, जेईई-मेन और मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी में एलन के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। वर्ष 2025 के परिणामों में आईआईटी में प्रवेश करने वाला हर चौथा विद्यार्थी एलन से बताया गया। जेईई एडवांस्ड 2025 में देशभर की 23 आईआईटी की 18,160 सीटों में से 4,226 सीटों पर एलन के विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त किया। वहीं प्रतिष्ठित आईआईटी बॉम्बे की कम्प्यूटर साइंस ब्रांच में भी 59 छात्रों ने स्थान बनाया।


**कार्यालय प्राचार्य**
**शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)**
**रजबंधा मैदान, रायपुर फोन - 0771 2222990**

www.govtdentalcollegeraipur.in /
Email-govdentalcollege@gmail.com
(GST-22JBPS02579D1D2)

क्रमांक / 4676/ जीडीसी/क्रय/ 2025 — रायपुर, दिनांक 26.11.25

**सुरक्षा कार्य संचालन हेतु जेम पोर्टल पर निविदा/बिड आमंत्रण सूचना जेम बिड क्रमांक - GEM/2025/B/6935684, Date- 26.11.2025**

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के लिये सुरक्षा कार्य संचालन हेतु जेम पोर्टल पर बिड के माध्यम से निविदा (तकनीकि / वित्तीय बिड अलग-अलग) आमंत्रित किया गया है उपरोक्तानुसार बिड प्रपत्र जेम पोर्टल www.gem.gov.in पर दिनांक 26/11/2025 से दिनांक 08/01/2026, दोपहर 12 बजे तक अपलोड किये जा सकते है।

बिड प्रपत्र में अंकित विवरण निविदा सूचना का अंश माना जावेगा और बिना किसी कारण बताये बिड निरस्त / संशोधन करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

अत: इच्छुक निविदाकार निर्धारित तिथि तक जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा/बिड भर सकते है। निविदा नियम एवं शर्ते जेम पोर्टल से प्राप्त किया जा सकता है।

GEM BID:- GEM/2025/B/6935684
DATE:- 26/11/2025

प्राचार्य
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय,
रायपुर

जी. 252605156/1



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)**

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**(द्वितीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 180490/निविदा सूचना क्र. 09/व.ले.लि./2025-26
दि. 01.12.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 19.12.2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम सुकमा जिले के विकासखण्ड सुकमा के गीदम नाला पर गुट्टागुड़ा एनीकट कम काजवे निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत रू. 206.71 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर) (एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 08.08.2025)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 08.12.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोट:** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, सुकमा
कृते मुख्य अभियंता गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, जगदलपुर, छ.ग.

जी. 252605161/2



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आंमत्रण सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निम्न निविदा सूचना क्रमांक में अपरिहार्य कारणों से निविदा की समय सारिणी में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है। निविदा की संशोधित समय सारणी निम्नानुसार होगी :-

| क्र. | निविदा सूचना क्रमांक एंव दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकास खण्ड | ग्राम | ठेके की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | बिड संबमिशन तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30 दिनांक 06.11.2025 | 179056 | मैनपाट | बरिमा | 249.35 | 15.12.2025 |
| 2 | 31 दिनांक 06.11.2025 | 179057 | सीतापुर | बेलजोरा | 217.09 | 15.12.2025 |
| 3 | 32 दिनांक 06.11.2025 | 179058 | मैनपाट | जजगा | 268.1 | 15.12.2025 |
| 4 | 33 दिनांक 06.11.2025 | 179059 | मैनपाट | कुदारीडीह | 229.48 | 15.12.2025 |
| 5 | 34 दिनांक 06.11.2025 | 179060 | मैनपाट | कुनिया | 132.86 | 15.12.2025 |
| 6 | 35 दिनांक 06.11.2025 | 179061 | सीतापुर | लिचिरमा | 135.53 | 15.12.2025 |
| 7 | 36 दिनांक 06.11.2025 | 179062 | मैनपाट | लुरेना | 166.37 | 15.12.2025 |
| 8 | 37 दिनांक 06.11.2025 | 179063 | सीतापुर | नवापारा | 173.35 | 15.12.2025 |
| 9 | 38 दिनांक 06.11.2025 | 179064 | मैनपाट | पिडिया | 171.99 | 15.12.2025 |
| 10 | 39 दिनांक 06.11.2025 | 179065 | बतौली | पोकसरी | 137.16 | 15.12.2025 |
| 11 | 40 दिनांक 06.11.2025 | 179066 | मैनपाट | रजखेता | 152.4 | 15.12.2025 |
| 12 | 41 दिनांक 06.11.2025 | 179067 | सीतापुर | रजपुरी | 167.08 | 15.12.2025 |
| 13 | 42 दिनांक 06.11.2025 | 179068 | मैनपाट | रोपाखार | 134.66 | 15.12.2025 |
| 14 | 43 दिनांक 06.11.2025 | 179069 | मैनपाट | सरभंजा | 209.76 | 15.12.2025 |
| 15 | 44 दिनांक 06.11.2025 | 179070 | बतौली | तेलाईधार | 164.87 | 15.12.2025 |
| 16 | 45 दिनांक 06.11.2025 | 179071 | लुण्ड्रा | झेराडीह | 277.68 | 15.12.2025 |

फाइनेंसियल बिड खोलने की तिथि 30.12.2025 तक। निविदा के सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) में देखी जा सकती है।

G.NO-252604797

कार्यपालन अभियन्ता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
अम्बिकापुर

जी. 252605186/5



## खबर संक्षेप



### एफडीआई 18% बढ़कर 35.18 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान 18 प्रतिशत बढ़कर 35.18 अरब डॉलर रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में अमेरिका से निवेश दोगुना से अधिक बढ़कर 6.62 अरब डॉलर हो गया। पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान विदेशों से निवेश 29.79 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान, निवेश प्रवाह सालाना आधार पर 21 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 16.55 अरब डॉलर रहा। कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) इस वित्त वर्ष के पहले छह महीनों के दौरान बढ़कर लगभग 50 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2024-25 की इसी अवधि में यह 42.3 अरब डॉलर था।

### हीरो मोटोकॉर्प की बिक्री नवंबर में 31 फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प ने कहा कि नवंबर में उसकी कुल बिक्री सालाना आधार पर 31 प्रतिशत बढ़कर 6,04,490 इकाई हो गई। दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी ने पिछले साल इसी महीने 4,59,805 इकाइयों की बिक्री की थी। हीरो मोटोकॉर्प ने बयान में कहा कि पिछले महीने घरेलू बिक्री 5,70,520 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी समय में यह 4,39,777 इकाई थी। इस दौरान निर्यात बढ़कर 33,970 इकाई हो गया, जबकि पिछले साल नवंबर में यह 20,028 इकाई था।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
**Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु दिनांक 08.12.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र./ दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 429 | कोटा अचानकमार मार्ग के कि.मी. 40 में पुलिया का विशेष मरम्मत कार्य, बुटेना धौराभाठा मार्ग के कि.मी. 2/4 में दायी ओर बाढ़ से हुये क्षतिग्रस्त का विशेष मरम्मत कार्य, सकरी सैदा मार्ग के कि.मी. 2/2 में तालाब के किनारे रिर्टनिंग वॉल का निर्माण कार्य लंबाई 3.00 कि.मी., बोड़सरा खरकेना मार्ग के कि.मी. 2/2 में रिर्टनिंग वॉल का निर्माण कार्य लंबाई 3.65 कि.मी., पोड़ी चोरभट्ठी मार्ग के कि.मी. 2/2 एवं 2/8 में विशेष मरम्मत कार्य, कोटा अमाली बिल्लीबंद मार्ग के कि.मी. 5/8 एवं 6/2, लिंक रोड कोटा मार्ग के कि.मी. 2/10 एवं बेलगहना कोंनचरा खोंगसरा मार्ग के कि.मी. 1/10, 1/6, 10/10 में पुलिया का विशेष मरम्मत कार्य। तृतीय आमंत्रण। संभाग क्र. 2, बिलासपुर। मद संख्या 24-5054-4090/7984 | 98.12 |
| 2 | 430 | तमनार-उरबा- लैलूंगा मार्गकि.मी. 6/2, 8/6 एम.डी.आर.- 282, पूंजीपथरा-तुमीडीह मार्ग कि.मी. 1/2(150) व्ही. आर.-05 में विशेष मरम्मत का कार्य। तृतीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग। मद संख्या 24-5054-4090 | 69.70 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

जी. 252605145/3



**कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी जिला रायपुर**

**दावा-आपत्ति**

1. बच्चे का नाम :- बालिका अन्वी (अनफिट गार्डियन)
2. बच्चे का प्राप्ति दिनाँक :- 24/10/2025
3. संस्था :- विशिष्ट दत्तक ग्रहण सेवाभारती मातृछाया कोटा, रायपुर
4. रंग :- गेहुंआ
5. उम्र :- 02 माह 10 दिन (लगभग)



बालिका अन्वी

उक्त बालिका दिनाँक 25/10/2025 को बाल कल्याण समिति, रायपुर के पत्र क्रं./1710/बा.क.स./ 2025-26 रायपुर दिनाँक 25/10/2025 से अस्थाई संरक्षण हेतु विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेन्सी, सेवाभारती मातृछाया, कोटा, रायपुर (छ.ग.) में रखा गया है।

सर्व संबंधित को जो कि बालिका के वैधानिक पालक / अभिभावक होने का दावा आपत्ति दर्ज कराना चाहते है, प्रकाशन दिनाँक से 30 दिवस के भीतर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, राज भवन के पास, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रोजगार कार्यालय के बाजू, जिला-रायपुर (छ.ग.) अथवा विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेन्सी, सेवाभारती मातृछाया, विवेकानंद स्टेडियम के पीछे कोटा, रायपुर (छ.ग.) में दर्ज करा सकते है। उक्त समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा तथा दत्तक ग्रहण की कार्यवाही की जावेगी। यह विज्ञापन मेरे द्वारा जारी किया गया।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला-रायपुर (छ.ग.)
संपर्क न.-07714280486

जी. 252605140/1



**"छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग"**
**धमतरी वनमंडल धमतरी**

**काष्ठागार नगरी का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि धमतरी वनमंडल धमतरी के अन्तर्गत नगरी काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ, जलाऊ एवं बल्ली का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय/वन काष्ठागार नगरी से प्राप्त की जा सकती है।

**नीलाम दिनांक-10 दिसम्बर 2025 नीलाम समय-प्रात: 9.00 बजे से**

| प्रजाति | नया वनोपज | | अविक्रित वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली डेंगरी (नग) | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली डेंगरी (नग) | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली डेंगरी (नग) |
| सागौन | - | - | 209.169 | 2575 | 209.169 | 2575 |
| साल | - | - | 121.727 | 107 | 121.727 | 107 |
| साजा | - | - | 28.614 | 217 | 28.614 | 217 |
| बीजा | - | - | 19.847 | - | 19.847 | - |
| हल्दू/मुण्डी/खम्हार | - | - | 27.901 | 39 | 27.901 | 39 |
| सलई/मोयन | - | - | 0.395 | - | 0.395 | - |
| धावड़ा | - | - | 21.563 | 120 | 21.563 | 120 |
| कर्रा/सेन्हा/अन्य | - | - | 10.198 | 1456 | 10.198 | 1456 |
| योग: | - | - | 439.414 | 4514 | 439.414 | 4514 |

**नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा**

टीप:- (1) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई- कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य हैं।
(2) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई- कार्मस पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते है।
(4) ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेंकड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट मे अन्य क्रेताओ द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।
फोन - 07722-238371
फैक्स 07722-236137

वनमंडलाधिकारी
धमतरी वनमंडल धमतरी

जी. 252605175/1



**Chhattisgarh Rural Roads Development Agency**
**VIKASH BHAVAN, CIVIL LINES, RAIPUR (C.G.)**

**E-Procurement Tender Notice**

NIT No. 1068/TC-T/CGRRDA/2025 — Dated 02/12/2025

The Chief Engineer (Tender Cell), CGRRDA on behalf of Governor of Chhattisgarh invites package wise bids in electronic tendering system for Consultants for Bridge & Survey, Study, Detail Investigation and Preparation of Detail Project Report for Rural Roads Under PMGSY-IV, sanctioned for different districts of the state as per B.O.Q. from the eligible contractors / Firms registered with unified registration system (e-registration) for the works mentioned below. Date of release of Invitation for Bids through e-procurement:

| S. No | NIT No. | Work Name | Districts | Rate invited |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 1068 | DPR Consultant for Bridge Under PMGSY-IV | All Districts in Chhattisgarh | Percentage Rate Tender |

Availability of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

Detailed NIT and other details be viewed can on our website https://eproc.cgstate.gov.in from 0.8.12.2025 from 5:30 PM & onwards. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of this website.

Chief Engineer (Tender Cell)
Chhattisgarh Rural Road Development Agency Civil Lines, Raipur (C.G.)
E-mail: pmgsyrc4@yahoo.co.in

S-46099



**कार्यालय प्राचार्य/नोडल अधिकारी**
**जिला नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, महासमुंद**
**जिला - महासमुंद (छ.ग.)**

पता:- बीज निगम के पास, लभराखुर्द, 493445
E-mail-itimhd@rediffmail.com

क्रमांक-औप्रसं./महा./स्थाप./मे.प्र./2025/1156 — महासमुंद, दिनांक 01.12.2025

**// विज्ञप्ति //**

संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा मेहमान प्रवक्ता आमंत्रित करने हेतु जारी विभिन्न आदेशों व निर्देशों तथा संयुक्त संचालक, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर क्षेत्र, रायपुर के आदेश के अनुशरण में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, महासमुंद के नोडल क्षेत्र के अंतर्गत जिला महासमुंद में संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, बसना, में प्रशिक्षण अधिकारी के स्वीकृत पद के रिक्त पद विरूद्ध व्यवसाय-ड्राफ्ट्समैन सिविल के लिए प्रशिक्षण सत्र 2025-2026 हेतु मेहमान प्रवक्ता (गेस्ट लेक्चरर) हेतु निर्धारित प्रारूप में **कार्यालय प्राचार्य, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, लभराखुर्द महासमुंद, जिला-महासमुंद (छ.ग.), पिन 493445** के पते पर केवल पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट के माध्यम से 11.12.2025 दिन गुरूवार अपरान्ह 05.00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है। केवल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त आवेदन ही स्वीकार किये जायेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त/जमा आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। रिक्त पदों की जानकारी, शैक्षणिक तकनीकी योग्यताएं एवं निर्धारित मापदंड, नियम एवं शर्ते की जानकारी एवं आवेदन पत्र की प्रारूप महासमुंद जिले के वेबसाईट https://mahasamund.nic.in/ या https://mahasamund.gov.in/ पर एवं जिले में संचालित समस्त शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के सूचना पटल पर देख सकते है।

**1. रिक्त पदों की जानकारी:**

| स. क्र. | आवेदित संस्था का नाम | व्यवसाय का नाम | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, बसना | ड्राफ्ट्समैन सिविल | 02 |

(घनश्याम साहू)
प्राचार्य/नोडल अधिकारी
जिला नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, महासमुंद
जिला-महासमुंद, छत्तीसगढ़

जी. 252605163/2



**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग, भानुप्रतापपुर काष्ठागार (पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल) के ई-नीलाम का संक्षिप्त विवरण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल अंतर्गत काष्ठागार: भानुप्रतापपुर एवं बांसागार कराठी/अंतागढ़ में संग्रहित ईमारती काष्ठ / बल्ली/औद्योगिक / व्यापारिक बांस का निम्न दर्शाये गये स्थल में भण्डारीत है। जिसका निर्वतन ई-नीलाम तिथि 08.12.2025 को किया जावेगा। जिसका विवरण साफ्टवेयर में अपलोड कर दिया जावेगा तदानुरूप इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि घोष विक्रय ई-नीलाम में भाग लेवें। नीलाम में प्रस्तावित मात्रा कम या अधिक हो सकती है। बोली लगाने से पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण कर लेवें। घोष विक्रय की शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

| वनमंडल का नाम | काष्ठागार का नाम | स्थान/नीलाम दिनांक व समय |
|---|---|---|
| पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल | काष्ठागार भानुप्रतापपुर | काष्ठागार भानुप्रतापपुर ई-नीलाम दिनांक 08.12.2025 प्रात: 09:00 बजे से |

**अनुमानित मात्रा काष्ठ एवं बल्लियां**

| अ. क्र. | प्रजाति | नया वनोपज | | अविक्रित वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | काष्ठ घ.मी. | बल्ली | काष्ठ घ.मी. | बल्ली | काष्ठ घ.मी. | बल्ली |
| 1 | सागौन | 31 | 228 | 162 | 1625 | 193 | 1853 |
| 2 | साल | 85 | - | 21 | - | 106 | - |
| 3 | बीजा | 33 | - | 13 | 64 | 46 | 64 |
| 4 | साजा | 104 | 241 | 80 | - | 184 | 241 |
| 5 | हल्दू/मुंडी | 2 | 36 | 49 | - | 51 | - |
| 6 | सलिहा/गोदे | 6 | - | 6 | - | 12 | - |
| 7 | तिन्सा | 3 | - | - | - | 3 | - |
| 8 | धावड़ा | 18 | 78 | 3 | - | 21 | 78 |
| 9 | कर्रा | 3 | - | - | - | 3 | - |
| 10 | तेन्दु | 15 | 74 | 17 | - | 32 | 74 |
| 11 | अन्य | 41 | 310 | 79 | - | 120 | 310 |
| | योग | 341 | 931 | 430 | 1689 | 771 | 2620 |

ई-नीलाम हेतु प्रस्तावित औद्यागिक / व्यापारिक बांस

| क्र. | वनमण्डल | बांसागार भानुप्रतापपुर | बंडल | नो. टन | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्व भानुप्रतापपुर | औद्योगिक बांसागार भानुप्रतापपुर (नया बांस) | 3286 | 47.452 | E-Auction |
| 2 | | व्यापारिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना बांस) | 1700 | 24.000 | |
| 3 | | व्यापारिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना बांस) | 7090 | 21.452 | |

**दूरभाष क्रमांक पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल (07850-252223)**

1. प्रत्येक क्रेता को ई-नीलाम में बोली लगाने के पूर्व अपने वाइलेट में प्रत्येक लॉट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है. उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1,000/- रूपये इसमें जो भी अधिक हो, जमा करना अनिवार्य है। 2. विनिर्माता / उपभोक्ता / व्यापारी लायसेंस / जी.एस.टी. पंजीयन नम्बर की छायाप्रति एवं आयकर पेन कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही कार्य आदेश जारी किया जावेगा। 3. अन्य जो भी जानकारी जो आवश्यक हो वनमंडल कार्यलय से सम्पर्क स्थापित कर प्राप्त कर सकते है।

वनमंडलाधिकारी
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल भानुप्रतापपुर

जी. 252605159/4

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### केस 02 ....

गौरतलब है कि महानगरों में इस तरह की रीसेल वेबसाइट्स के ज़रिए ब्लैक टिकट बेचना आम बात है, लेकिन इस बार रायपुर में भी वियागोगो ऐप की जमकर चर्चा रही, जो एक नई और चौंकाने वाली बात रही।

### स्टेडियम के बाहर ....

वाले वनडे मैच के दौरान भारी भीड़ जुटेगी। भीड़ के बीच किसी का स्वास्थ्य खराब और अप्रिय स्थिति ना हो इसके लिए हेल्थ सेक्टर से डाक्टरों की तैनाती की गई है। क्रिकेट संघ से मिले पत्र के आधार पर शासन के स्वास्थ्य विभाग ने स्टेडियम के बाहर और पार्किंग एरिया में चिकित्सकीय स्टाफ का इंतजाम किया है। मैच शुरू होने के पहले और समाप्ति के बाद बाहर निकलने वाली भीड़ को स्वास्थ्य संबंधित किसी तरह की दिक्कत होती है तो दवा के साथ आवश्यक उपचार की जिम्मेदारी सरकारी डाक्टरों की टीम और अन्य चिकित्सकीय स्टाफ उठाएंगे। इस दौरान समस्या गंभीर होने पर उन्हें सरकारी अस्पताल तक पहुंचाने के लिए 108 संजीवनी एंबुलेंस को वहां पूरे मैच के दौरान तैनात रखा जाएगा। दूसरी ओर 50-50 ओवर के मैच के दौरान क्रिकेट मैदान में किसी खिलाड़ी को चोट लगती है अथवा दर्शक दीर्घा में मौजूद किसी को स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी होती है तो उनके जरूरी इलाज के लिए रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के डाक्टरों की आधा दर्जन टीम वहां मौजूद रहेगी। स्टेडियम के भीतर अस्पताल की एएलएस सिस्टम वाली एंबुलेंस को भी तैनात रखा जाएगा। यह एंबुलेंस स्वास्थ्य संबंधी किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए आधुनिक उपकरणों से लैस है।

**संबंधों के आधार पर तैनाती-**

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा. संदीप दवे ने बताया कि क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों से संबंध के आधार पर स्टेडियम में उनकी टीम तैनात रहेगी। इस दौरान एएलएस एंबुलेंस की व्यवस्था भी रहेगी। उन्होंने बताया कि यहां होने वाले हर मैच में हास्पिटल की टीम आपात स्थिति से निपटने के लिए तैनात रहती है।

### दर्जनभर सरकारी...

विभागीय टीम दर्शकों के पहुंचने से पहले ड्यूटी पर उपस्थित होगी। मैच समाप्ति होने के बाद सभी दर्शकों के वापस लौटने के बाद वे वापस लौटेंगे। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल ऑफिसर के नेतृत्व में अन्य स्टाफ की टीम बनाकर उन्हें सूचीबद्ध किया गया है।

### बाहर के शोर...

की परवाह नहीं है कि बाहर क्या हो रहा है या कोई मेरे बारे में क्या कह रहा है। मैं बस अपनी कड़ी मेहनत और मैदान पर क्या करने वाला हूं इस पर ध्यान देता हूं।

कौशल सुधारने के लिए मोर्कल-अर्शदीप के साथ कर रहे काम

हर्षित ने कहा कि वह नई गेंद से अपने कौशल को सुधारने के लिए भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल और अर्शदीप सिंह के साथ काम कर रहे हैं। हर्षित ने कहा, नई गेंद से मैं मोर्ने मोर्कल के साथ बहुत अभ्यास कर रहा हूं और मैं अर्शदीप से बहुत बात करता रहता हूं। मुझे लगता है कि अर्शदीप के पास बहुत अनुभव है और वह अभ्यास के दौरान मेरी मदद और मार्गदर्शन करते रहते हैं। आप जानते हैं कि आजकल के क्रिकेट में गेंदबाज को इतनी मदद नहीं मिलती इसलिए यह नियम हमारे लिए बहुत मददगार है और यह हमेशा दिमाग में रहता है कि कौन सी गेंद पुरानी हो रही है। और हर कोई उस गेंद को चुनने में शामिल होता है।

### रायपुर का स्टेडियम...

साइज़ को देखते हुए पहले बल्लेबाज़ी करना सही निर्णय था गेंद स्किड हो रही थी और फील्डिंग मुश्किल थी।

**भारत के खिलाफ तैयारी और मानसिकता-**

बावुमा ने साफ कहा कि भारत के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी टीम को मजबूत बनाती है, लेकिन इससे उनकी मानसिकता नहीं बदलती। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यह वही स्थिति है जैसे न्यूजीलैंड के खिलाफ "केन विलियम्सन हों या न हों, हमारा लक्ष्य हमेशा जीतना है।" उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ खेलना हमेशा रोमांचक रहा है, चाहे टी-20 विश्व कप ही क्यों न हो। कोच की टेस्ट सीरीज के बाद की टिप्पणियों पर सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि टीम इस पर ध्यान नहीं दे रही और पूरा फोकस मैदान पर है। बावुमा ने टीम में डेप्थ बढ़ाने पर जोर दिया। बल्लेबाज़ी क्रम में उन्होंने खुद को, मैथ्यू ब्रीट्ज़के को नंबर 4 पर और टोनी डी ज़ोरज़ी को नंबर 5 पर रखने की रणनीति बताई।

### सिर्फ इन्हें ...

व्यक्ति इसाई धर्म अपना चुका है, तो वह एससी श्रेणी में नहीं रह सकता, क्योंकि इसाई धर्म में जाति व्यवस्था नहीं होती।

### एसआईआर पर...

करने का निर्णय लिया गया है। यह भी तय किया गया कि आगामी सोमवार को सदन में वंदे मातरम पर चर्चा की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं की बैठक में यह सहमति बनने के बाद लोकसभा में जारी गतिरोध खत्म होने के आसार हैं। संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भी लोकसभा में गतिरोध की स्थिति बनी रही और सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजकर पांच मिनट पर दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों का शोर-शराबा जारी रहा। वे 'एसआईआर पर चर्चा हो' के नारे लगा रहे थे। पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने विपक्षी दलों के सदस्यों से अपनी-अपनी सीट पर बैठने का आग्रह करते हुए कहा कि उनके जो भी मुद्दे हैं, उन पर सदन में चर्चा कराई जाएगी। हंगामा नहीं थमने पर, उन्होंने अपराह्न दो बजकर पांच मिनट पर सदन की कार्यवाही बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे शुरू होने पर विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के निकट पहुंच गए।

**मर्यादा और शालीनता बनाए रखें : ओम बिरला-**

बिरला ने शोर-शराबा कर रहे सदस्यों से कहा, ''संसद के अंदर विरोध और असहमति लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन मर्यादा और शालीनता बनाए रखें। मैं हमेशा हर मुद्दे पर बात रखने के लिए पर्याप्त समय, पर्याप्त अवसर देता हूं, लेकिन आग्रह है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में, दुनिया को मार्गदर्शन देने वाले लोकतंत्र में आपका आचरण विशेष रूप से संसद की मर्यादा के अनुरूप हो।

**आप जिम्मेदार विपक्ष हैं, कृपया बैठ जाइए : सभापति-**

पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने कहा कि ''देश की जनता अपने मुद्दों पर यहां चर्चा चाहती है। आप सब जिम्मेदार विपक्ष हैं। कृपया बैठ जाइए।'' सैकिया ने विपक्षी सदस्यों का शोरगुल जारी रहने पर कहा, ''यह तरीका जनता पसंद नहीं करती। ऐसा मत कीजिए। आप सुनियोजित तरीके से बार-बार सदन को बाधित कर रहे हैं, यह ठीक नहीं है।

**आप सदन का समय बर्बाद मत कीजिए-**

पीठासीन सभापति ने कहा आपके जो भी मुद्दे हैं उस पर चर्चा करने के लिए सदन तैयार है। पिछले सत्र में भी आपने सदन का समय बर्बाद किया। आपके कारण सदन नहीं चल पा रहा। उन्होंने कहा, ''आप क्यों बार-बार एसआईआर पर बोल रहे हैं। एसआईआर पर चर्चा होगी.....बोला गया है। बिहार में एसआईआर हुआ, परिणाम आपने देखा। जनता को बिहार में अच्छा लगा। एसआईआर का जनता ने भरपूर स्वागत किया।

**विपक्ष हार का ठीकरा एसआईआर पर फोड़ना चाहता है-**

भाजपा सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा, सरकार हमेशा नियमों के अनुसार किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार रहती है। बिहार के लोगों ने पहले ही एसआईआर मुद्दे का निपटारा कर दिया है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटा नहीं है। विपक्ष अपनी हार का ठीकरा एसआईआर पर फोड़ना चाहता है। उन्हें इसके बजाय यह सोचना चाहिए कि उन्हें जनादेश क्यों नहीं मिल रहा।

**ऐप की मदद से यूजर्स कर सकते हैं ये काम -**

मोबाइल की आईएमईआई नंबर का रिएलिटी चेक। फर्जी या संदिग्ध नंबर की शिकायत। खोया/चोरी हुआ फोन ब्लॉक। अपने नाम पर चल रहे सभी मोबाइल कनेक्शनों की जानकारी।
बैंकों/फाइनेंशियल संस्थानों के विश्वसनीय नंबर देखना।

### नंदनवन में 100 करोड़ ...

के विस्तृत प्लान को मंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। इस प्रस्ताव पर मंत्री और विधायक ने स्थानीय ग्रामवासियों से भी चर्चा की। ग्रामीणों ने अपनी पुरानी यादों को साझा करते हुए नंदनवन को जल्द से जल्द विकसित करने की मांग की, जिस पर मंत्री ने आश्वस्त किया कि उनके सुझावों को पुनर्निर्माण योजना का अभिन्न अंग बनाया जाएगा।

### इन 17 प्रकोष्ठों...

**बुनकर प्रकोष्ठ :** हेतराम देवांगन संयोजक, नरेंद्र देवांगन सह संयोजक

विधि प्रकोष्ठ बृजेश पांडेय, संयोजक, गोपाल दीक्षित सह संयोजक

चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. देवेंद्र कश्यप संयोजक डॉ. रजनीश पांडेय, सह संयोजक

शिक्षा प्रकोष्ठ कांतिलाल जैन संयोजक, टेशुलाल धुरंधर, सह संयोजक

व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक सुभाष अग्रवाल, सह संयोजक रमन अग्रवाल, नितिन अग्रवाल

व्यवसायिक प्रकोष्ठ कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, सह संयोजक दीपक खटवानी

आरटीआई प्रकोष्ठ संजय कोपुलवार संयोजक, पेशी राम जायसवाल सहसंयोजक बनाए गए।

**सहकारिता प्रकोष्ठ की प्रवीण को कमान -**

सहकारिता प्रकोष्ठ प्रवीण कुमार दुबे, संयोजक, मुरलीधर सिन्हा, सह-संयोजक, अनुपम पाल – संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, शरद श्रीवास्तव – सह-संयोजक, बी. जयराम – सह-संयोजक पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ, संतोष साहू – संयोजक, पवन कुमार निषाद, सह-संयोजक पंचायत प्रकोष्ठ में पवन गर्ग, संयोजक, गीता घासी साहू सह-संयोजक, किशोर राय– संयोजक नगरीय निकाय प्रकोष्ठ, अंबिका यदु – सह-संयोजक, चन्द्रकुमार पटेल – सह-संयोजक सत्कार (प्रोटोकॉल), आकाश बिग – संयोजक, पुष्पेंद्र सिंह – सह-संयोजक आदेश की प्रतिलिपि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष, राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों को भेजी गई है।

### जहां भाजपा हारी...

गुप्ता को भानुप्रतापपुर, श्रीनिवास राव भद्दी को बीजापुर, राकेश पांडेय को गुंडरदेही, संदीप शर्मा को खैरागढ़, राजापांडेय को पामगढ़, विकास मरकाम को धमतरी, दीपक महस्के को संजारी बालोद, लोकेश कावडिया को चंद्रपुर, शालिनी राजपूत को सिहावा, प्रदीप नामदेव को जैजपुर, भरत मटियारा को कोंटा, कमल गर्ग को सारंगढ़, चंद्रहास चंद्राकर को बिलाईगढ़, प्रफुल विश्वकर्मा को खल्लारी, अमरजीत चावला को सरायपाली, प्रहलाद रजक कोभाटापारा, बिसेशर पटेल को मोहला-मानपुर , रूपसाय सलाम को बस्तर, शशांक शर्मा को अकलतरा, सुरेंद्र कुमार बेसरा को धरमजयगढ़, विश्वविजय सिंह तोमर को पाली तानाखार, जितेंद्र कुमार साहू को डोंगरगढ़, इंद्रजीत सिंह गोल्डी को भिलाईनगर, शंभूनाथ चक्रवर्ती को लैंलुंगा, राजेंद्र सिंह राजपूत को सक्ती, रजनीश सिंह को खरसिया और नेहरू निषाद को बिंद्रानवागढ़ की जिम्मेदारी दी गई है।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids
• दंत रोग
• मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • केमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिए। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- नर्सरी में काम करने हेतु मेहनती युवक युवती की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 8269771107 (39303)

आवश्यकता है- एसएस पब्लिक स्कूल, खमतराई, सरकण्डा बिलासपुर में सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। सैलरी 12000 सम्पर्क करें-8349651229 (39282)

आवश्यकता है- (1) सिविल साइट इंजीनियर, सुपरवाइजर (ऑटोकैड, स्ट्रक्चरल अनुभवी साइट चलाने योग्य) (2) ऑटोमैटिक कार हेतु अनुभवी लाइसेंसी, मेहनती, नशामुक्त ड्राइवर चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी योग्यतानुसार। सम्पर्क करें- 9770770000, 98270 72000 (39304)

आवश्यकता है- मेडिकल एजेन्सी में बिलिंग एवं एकाउंटिंग, माल पैकिंग करने, ट्रांसपोर्ट लेजाने, आर्डर एवं वसूली करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार (पढ़ाई बाध्य नहीं है) सम्पर्क करें- 9111000629 (39307)

आवश्यकता है- कार वाश करने हेतु अनुभवी लड़का चाहिए जो डेली घर आके कार वाश करे जिसे कार वाश का अनुभव हो संपर्क करे रिंग रोड-2 शांती नगर मंगला 97533 30000 (39304)

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान में कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- नितिन मेडिकल एजेन्सी 34, मेडिकल काम्पलेक्स तेलीपारा बिलासपुर 7430000011 (39308)

आवश्यकता है- सर्वमंगला टेन्ट हाउस में काम करने हेतु लड़कों एवं सुपरवाइजर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- कुम्हारपारा रोड राजीव गांधी चौक बिलासपुर 62602 73334, 9826601147 (39306)

आवश्यकता है- सुरक्षागार्ड सिक्युरिटी सुपरवाइजर गनमैन फिल्ड ऑफिसर कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई। वेतन 8000-20000, आवास फ्री। पता- साईं सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जे.जे. हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 80852 33213, 8253010291, 8889 997826 (39295)

आवश्यकता है- पद जूनियर केमिस्ट योग्यता B.Sc. (Honors) in Chemistry, फ्रेशर से 2वर्ष तक का अनुभव। पुरुष/ महिला दोनों आवेदन कर सकते है। पता- श्याम फेरो, इंडस्ट्रियल एरिया खरमोरा कोरबा 97557 85037, 9827921986 (20981)

आवश्यकता है- हाऊस कीपिंग के लिए स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- हॉटल शिवनेरी, सीएमडी कॉलेज ग्राउंड के सामने, लिंक रोड, बिलासपुर 7776864202 (1483)

आवश्यकता है- लिंक रोड एवं सिरगिट्टी में दुकान में कार्य करने हेतु लड़के चाहिए। वेतन- 8000 से 12000 सम्पर्क करें- टायर सेन्टर विनायक नेत्रालय के बाजू में लिंक रोड, अग्रसेन चौक, बिलासपुर (39299)

आवश्यकता है- तखतपुर स्थित राइस मिल में कार्य हेतु न्यूनतम 10वर्ष अनुभवी मशीन ऑपरेटर (मिस्त्री) की आवश्यकता है जिसे अच्छा वेतन एवं रहने की सुविधा प्रदान की जाएगी सम्पर्क करें- 8754507712, 78699 55482 (39287)

आवश्यकता है- स्वयं सेवी संस्था (NGO) में कार्य करने के लिए कोऑर्डिनेटर, एकाउंटेंट डॉक्यूमेंटेशन एमआईएस, कार्यकर्ता की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7974526737 90390 82801, 9303978314 (39291)

आवश्यकता है-पेन, पेन्सिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 9631470837 (757)

आवश्यकता है- दोसा इडली छोले भटूरे पराठा चाट गुपचुप भेल मंचुरियन वड़ा पाव डाब जूस सेन्टर में कार्य हेतु अनुभवी मिस्त्री, हेल्पर चाहिए (सुबह 6बजे से शाम 4बजे एवं दोपहर 2बजे से रात 11बजे तक) सम्पर्क- 9098859081 (39296)

आवश्यकता है- साफ सफाई हेतु लड़के-2, गेस्ट हाउस में ऑफिस कार्य हेतु लड़का-1 (रहने खाने की सुविधा) एवं एक खाना बनाने वाली बाई पता- रामा मैग्नेटो मॉल के सामने बिलासपुर 88391 69907, 8988888542 (39283)

आवश्यकता है-एरिया सिक्युरिटी ऑफिसर (ASO) सुरक्षागार्ड, की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- ए1 जीत सिक्युरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, मंगला चौक सीएलसी प्लाजा बिलासपुर 7247247744, 9981210369 (39258)

आवश्यकता है-औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुपरवाइजर 16000 फील्ड ऑफिसर 15000 कम्प्यूटर ऑपरेटर 3, सुरक्षा गार्ड 56, वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited, FF-6 जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर 7747000019, 77470 00016, 7746000016, 7746000019 (348)

आवश्यकता है- शॉप में कार्य हेतु मेहनती लड़का चाहिए योग्यता 10वीं समय सुबह 10 से रात 8.30 तक सम्पर्क करें- मोटवानी होटल एण्ड किचन वेयर्स नियर दीनदयाल गार्डन व्यापार विहार बिलासपुर 9329477657 (39302)

आवश्यकता है- कांट्रेक्टर फॉर्म बिलासपुर में एकाउंटेंट, कम्प्यूटर में डाटा एंट्री आपरेटर एवं स्टोर इंचार्ज अनुभवी युवक की आवश्यकता है समय 11 से 7 सैलरी- योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9203390737, 9755181716 (39290)

आवश्यकता है-14 चक्का डाला बॉडी एवं 18 चक्का ट्रेलर चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवरों की आवश्यकता है वेतन 30000+, हैवी ड्राइविंग लाइसेन्स, आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें- 96857 58881, 8889655533, 70000 56718 (39257)

आवश्यकता है- दो पहिया वाहन मैकेनिक की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- शुभम ऑटोमोबाइल्स राजकिशोर नगर बिलासपुर 9981479125, 07752 406052 (39301)

आवश्यकता है- प्लांट में निर्माण कार्य हेतु दैनिक वेतन पर मिस्त्री 100 पद, कुली 200 पद बढ़ई 200 पद, लोहार 200 पद की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7000087500, 86020 02511, 8234976143 (39274)

आवश्यकता है- अनुभवी रिसेप्शनिस्ट हॉस्पिटल मैनेजमेंट, अनुभवी PRO (पब्लिक रिलेशन ऑफिसर फील्ड वर्क अनुभवी) अनुभवी फार्मासिस्ट (मेडिकल स्टोर हेतु) चाहिए सम्पर्क करें- प्रभा हॉस्पिटल, महामाया चौक, रतनपुर रोड, लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 74709 46314 (39300)

आवश्यकता है-फोर व्हीलर वर्कशॉप में लड़के/ लड़कियों, सुपर डिजायनर, कम्प्यूटर ऑपरेटर सेल्समैन प्यून चाहिए वेतन योग्यता अनुसार आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- बालाजी सेल्स एण्ड सर्विसेज मगरपारा रोड बिलासपुर (39197)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य एवं टेलीकॉलिंग हेतु अविवाहित उत्साही लड़को की आवश्यकता है उम्र 18-28, वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, ट्रेनिंग के पश्चात कमाये 15-20 हजार प्रतिमाह, रहना फ्री सम्पर्क करें- 78701 92397, 779688012 (385)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5-G कंपनी में पार्ट टाईम / फुल टाईम SMS करके लड़के लड़कियां गृहणियां कमाए घर बैठे ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 9798544556, 9296821428 (1243)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है-रियल एस्टेट कम्पनी में कार्य का सुनहरा अवसर टेलीकॉलिंग हेतु लड़की, मार्केटिंग हेतु लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अम्बे कंस्ट्रक्शन मोपका चौक AGFG चर्च के पास बिलासपुर 79872 36607, 7898744079 (39263)

## बेचना है

बेचना है- बिलासपुर सीपत में मेन रोड पर सीमांकन किया हुआ 8850 वर्ग फीट प्लॉट फ्रंट 150 फीट एक साथ या टुकड़े में रजिस्ट्री पश्चात डायवर्सन कर दिया जावेगा मो. 63991 66000 (39292)

बेचना है-परसदा (सकरी) कोटा मोड़ दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से लगे सर्व सुविधा युक्त 2BHK मकान 26लाख एवं 3BHK मकान 27लाख में उपलब्ध हैं। बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 98842 61185, 9827404638 (39217)

बेचना है- बिलासपुर रेलवे स्टेशन से 7KM दूर सिलपहरी में नेशनल हाईवे से लगा 47 डिसमिल 20500 वर्गफुट कमर्शियल प्लॉट बेचना है डबल रोड पर स्थित फ्रंट 300फीट सम्पर्क करें- 9111117776 9993079730 (39289)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

## किराया

किराया - रिंग रोड नम्बर 2 में कालिन्दी कुंज में स्थित 3BHK सर्वसुविधायुक्त मकान किराये से देना है शासकीय या बैंक अधिकारी कर्मचारी को प्राथमिकता संपर्क करें 9630407271, 87706 59923 (39285)

## फायनेंस

फायनेंस- विजया फाइनेंस कंपनी द्वारा सभी प्रकार के लोन आधारकार्ड लोन, बिजनेस, पर्सनल, होम, कृषि, महिला ग्रुप लोन, 40% छूट, आसानी से घर बैठे लोन, 2% ब्याज दर पर संपर्कः- 7750826959, 9424164185 (404)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

# वैभव ने 14 की उम्र में ठोका तीसरा टी20 शतक, बने दुनिया के पहले खिलाड़ी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वैभव सूर्यवंशी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में महाराष्ट्र के खिलाफ मुकाबले में शतक ठोका। इस खिलाड़ी ने 58 गेंद में करियर का तीसरा टी20 शतक पूरा किया। सूर्यवंशी 61 गेंद में सात छक्कों व इतने ही चौकों से 108 रन बनाकर नाबाद रहे। सूर्यवंशी इस शतक के साथ दुनिया के पहले टीनऐजर (किशोर) बन गए, जिन्होंने 14 की उम्र में तीन टी20 शतक लगा दिए। उन्होंने अभी केवल 17 ही टी20 मैच खेले हैं।

वैभव ने पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शतक लगाया। इस फॉर्मेट मे बिहार के लिए यह उनका पांचवां ही मैच था। उनकी पारी से बिहार ने कोलकाता में खेले गए मुकाबले में पृथ्वी शॉ की कप्तानी वाली महाराष्ट्र टीम के सामने तीन विकेट पर 176 का स्कोर बनाया। वैभव ने इससे पहले आईपीएल 2025 में शतक लगाकर कमाल किया था। फिर एशिया कप राइजिंग स्टार्स में यूएई के खिलाफ भी शतक बनाया था।

### सूर्यवंशी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महाराष्ट्र के खिलाफ 58 गेंद में मारी सेंचुरी



### वैभव का सबसे धीमा टी20 शतक

वैभव की यह सबसे धीमी सेंचुरी रही। उन्होंने एशिया कप राइजिंग स्टार्स में यूएई के खिलाफ 32 गेंद में ही सैकड़ा पूरा कर लिया। यह संयुक्त रूप से भारतीय बल्लेबाजों में तीसरा सबसे तेज शतक रहा।वैभव ने इससे पहले आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 35 गेंद में शतक पूरा किया था।

### पहली बार त्रिपुरा से हारा दिल्ली


**अहमदाबाद।** दिल्ली का मौजूदा घरेलू सत्र में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप डी मैच में आईपीएल खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद उसे त्रिपुरा की कमजोर मानी जाने वाली टीम के खिलाफ पहली बार 12 रन से हार का सामना करना पड़ा। त्रिपुरा के 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली के बल्लेबाजों ने धीमी पिच पर निराश किया और मणिशंकर मूरासिंह (19 रन पर दो विकेट) तथा विक्की साहा (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 145 रन ही बना सके। मूरासिंह ने इससे पहले 18 गेंद में नाबाद 25 रन की पारी भी खेली, जिससे त्रिपुरा ने पांच विकेट पर 157 रन बनाए। दिल्ली की टीम में शामिल नितीश राणा (40 गेंद में 45 रन), आयुष बडोनी (13 गेंद में 14 रन) और प्रियांश (10 गेंद में आठ रन) जैसे आईपीएल खिलाड़ी भी टीम को जीत नहीं दिला पाए।



### पंड्या ने ढाई महीने बाद आते ही लूटी महफिल, बनाए 77 रन

**हैदराबाद।** हार्दिक पंड्या ने दो महीने बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए नाबाद 77 रन बनाए, जिसकी मदद से बड़ौदा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप सी के मैच में पंजाब को सात विकेट से हराया। पंड्या ने 42 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से यह पारी खेली। पंजाब ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 222 रन बनाए थे, जिसमें अभिषेक शर्मा के 19 गेंद में 50 रन शामिल है। पंड्या की पारी के दम पर बड़ौदा ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 224 रन बनाए। उन्होंने चार ओवर गेंदबाजी करके 52 रन दिए और एक विकेट भी लिया।

## खबर संक्षेप



### 7 दिसंबर से एशियाई पैरा खेल, दल को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने दुबई में 7 से 14 दिसंबर तक होने वाले एशियाई युवा पैरा खेलों के लिए 161 सदस्यीय भारतीय दल को मंजूरी दे दी लेकिन अतीत में विदेश में कुछ अधिकारियों और खिलाड़ियों के गायब होने की घटनाओं को देखते हुए सभी की पृष्ठभूमि की जांच भी अनिवार्य कर दी है। सूची में 99 खिलाड़ियों (61 पुरुष और 38 महिलाओं) , 62 कोचों, सहयोगी स्टाफ और दल के अधिकारियों के नाम है । मंत्रालय ने दल के लौटने के 30 दिन के भीतर प्रदर्शन पर भी विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जिसमें एक्शन फोटो और अन्य विजुअल शामिल हैं। भारतीय पैरालम्पिक समिति (पीसीआई) को भेजे पत्र में कहा गया,'अतीत में विदेश में कुछ अधिकारियों और खिलाड़ियों के गायब होने की घटनाओं के कारण मंत्रालय का मानना है कि दल के सदस्यों और अधिकारियों की पृष्ठभूमि की भारतीय खेल प्राधिकरण या राष्ट्रीय खेल महासंघों की ओर से पूरी जांच कराई जाए।'

### दिल्ली हाईकोर्ट ने की बजरंग विनेश की याचिका खारिज




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ के दिसंबर 2023 में हुए चुनाव को चुनौती देने वाली बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और सत्यव्रत कादियान की याचिका खारिज कर दी क्योंकि अलग अलग तारीखों पर भी वे अदालत के समक्ष पेश नहीं हुए। इन तीनों ओलंपियनों की उम्मीदवार अनिता श्योराण को हराकर संजय सिंह उस समय अध्यक्ष बने थे। न्यायाधीश मिनी पुष्करना ने 27 नवंबर को मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि सुनवाई के दौरान एक भी याचिकाकर्ता मौजूद नहीं था और पिछली दो सुनवाई में भी वे नहीं आए। अदालत ने अपने फैसले में कहा,'लगता है कि इस मामले को आगे ले जाने में याचिकाकर्ताओं की कोई रुचि नहीं है।' पहलवानों ने आरोप लगाया था कि डब्ल्यूएफआई चुनाव अच्छे और पारदर्शी माहौल में नहीं हुए थे।

### फ्रांस क्वार्टर फाइनल में, बांग्लादेश को हराया



**चेन्नई।** पिछले सत्र के रजत पदक विजेता फ्रांस ने बांग्लादेश को 3-2 से हराकर अपना अजेय क्रम जारी रखते हुए एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ ही फ्रांस की टीम पूल 'एफ' में अधिकतम नौ अंक लेकर शीर्ष पर रही। फ्रांस ने इससे पहले कोरिया को 11-1 और ऑस्ट्रेलिया को 8-3 से हराया था। टूर्नामेंट के अपने शुरुआती दो मैचों में शानदार प्रदर्शन करने वाले फ्रांस ने बांग्लादेश के खिलाफ भी मैच के अधिकांश समय अपना नियंत्रण बनाए रखा।

**रायपुर वनडे :** आज दोपहर 1.30 बजे से दो दिग्गज टीमों के बीच कांटे का मुकाबला

# द. अफ्रीका पर श्रृंखला जीत के लिए रो-को पर टिकी भारत की उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

ड्रेसिंग रूम के माहौल को लेकर अफवाहों के बीच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को दूसरा वनडे और श्रृंखला जीतने के लिए भारत की उम्मीदें विराट कोहली के शानदार फॉर्म और रोहित शर्मा की दमदार मौजूदगी पर लगी होंगी। कोहली के 52वें वनडे शतक और रोहित की 57 रन की आक्रामक पारी के दम पर भारत ने रांची में पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराया। वनडे विश्व कप 2027 में अभी दो साल है और ऐसे में कोहली और रोहित के लिए हर मैच अपनी फिटनेस और फॉर्म को साबित करने का जरिया है। मुख्य कोच गौतम गंभीर से लगातार बढ़ते मतभेदों का मसला भी अहम है। इसे लेकर लग रही अटकलों के बीच लगता है कि बीसीसीआई को कहीं न कहीं दखल देना होगा।



### रोहित-कोहली ने किया विश्व कप के लिए अपना दावा पुख्ता

पिछले दो वनडे में भारत की जीत के सूत्रधार रहे रोहित और कोहली ने दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्व कप के लिए अपना दावा पुख्ता कर दिया है। रोहित के शानदार प्रदर्शन से भारत ने अक्टूबर में आस्ट्रेलिया को सिडनी वनडे में नौ विकेट से हराया था। चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर और गंभीर ने विश्व कप में दोनों की भागीदारी को लेकर कुछ नहीं कहा है, जो शायद तनाव की वजह हो सकता है । पहला मैच जीतने के बावजूद भारत की चिंता कम नहीं हुई है। लिस्ट ए क्रिकेट में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले रुतुराज गायकवाड़ को चौथे नंबर पर भेजा गया लेकिन वह इसके लिये तैयार नहीं दिखे। कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल छठे नंबर पर उतरे। वॉशिंगटन सुंदर को बल्लेबाजी क्रम में प्रयोगों की आदत हो चुकी है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट में तीसरे नंबर पर उतरने के बाद उन्हें पहले वनडे में पांचवें नंबर पर भेजा गया लेकिन वह बड़ी पारी नहीं खेल सके। गेंदबाजी में उन्होंने तीन ही ओवर डाले और 18 रन दिए।

### रायपुर वनडे में बावुमा और महाराज की वापसी

मार्को यानसेन ने 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और 39 गेंद में 70 रन बनाये ।मैथ्यू ब्रीज्के ने भारत के खिलाफ पहला वनडे खेलते हुए 72 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका ने पहला वनडे कप्तान तेम्बा बावुमा और स्पिनर केशव महाराज के बिना खेला, जिन्हें आराम दिया गया था। अब दोनों की वापसी से टीम को मजबूती मिलेगी। शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम पर एकमात्र वनडे जनवरी 2023 में खेला गया था जब पिच से मिलने वाली सीम की मदद से मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज ने न्यूजीलैंड टीम को 108 रन पर आउट कर दिया था। भारत ने 30 ओवर बाकी रहते आठ विकेट से जीत दर्ज की थी। यहां दिसंबर 2023 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 मैच में भी भारत ने 20 रन से जीत दर्ज की थी।

### संभावित टीमें

**भारत :** केएल राहुल (कप्तान), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋषभ पंत, वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, रुतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मारक्रम, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, क्विंटन डी कॉक, मार्को यानसन, टोनी डी जॉर्जी , रुबिन हरमन, ओटनील बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्जके, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेलटन, प्रेनेलन सुब्रायन।

**आईपीएल 2026**

# नीलामी में शामिल नहीं होंगे मैक्सवेल, नाम लिया वापस




एजेंसी ▸▸| सिडनी

आईपीएल में एक दशक के कैरियर में कुछ खास नहीं कर सके ग्लेन मैकसवेल ने अबुधाबी में 16 दिसंबर को होने वाली मिनी नीलामी से नाम वापिस ले लिया। 'बिग शो' के नाम से मशहूर 37 वर्ष के मैक्सवेल ने 2012 से हर आईपीएल (2019 को छोड़कर) खेला है। वह 141 मैचों में 2819 रन ही बना सके और उनका औसत 24 से भी कम रहा। उन्होंने अपनी आफ ब्रेक गेंदबाजी से 8.30 की इकॉनामी रेट से 41 विकेट लिए।

> ■ आईपीएल ने मुझे एक क्रिकेटर और इंसान के तौर पर निखारा

### भारत की ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रहेंगी : मैक्सवेल

मैक्सवेल ने इंस्टाग्राम पर लिखा,'आईपीएल में कई यादगार सत्रों के बाद मैंने इस साल नीलामी से नाम वापिस लेने का फैसला किया है। यह बड़ा फैसला है और लीग से जो कुछ भी मिला है, उसके प्रति कृतज्ञता जताते हुए लिया है।' उन्होंने लिखा,'आईपीएल ने मुझे एक क्रिकेटर और इंसान के तौर पर निखारा है। मैंने कई विश्व स्तरीय खिलाड़ियों और टीमों के साथ खेला और क्रिकेट के लिए असाधारण जुनून रखने वाले दर्शकों के सामने खेला है। ये यादें, चुनौतियां और भारत की ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रहेंगी।' मैक्सवेल ने कोई कारण नहीं बताया लेकिन अधिकांश बड़ी टीमें उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए इंतजार से थक चुकी हैं। अक्सर महंगे दामों पर बिकने के बावजूद वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

**क्रिकेट**

# वनडे और टेस्ट क्रिकेट मेरे खेल के मुताबिक : तिलक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा को लंबे प्रारुपों में खेलना रास आता है



और वह विराट कोहली से फिटनेस और विकेटों के बीच दौड़ के बारे में सलाह ले रहे हैं ताकि आने वाले मौकों का पूरा फायदा उठा सकें।

तेइस वर्षीय इस खिलाड़ी ने अब तक सिर्फ चार वनडे खेले हैं जबकि उन्हें टेस्ट टीम में मौका मिलने का इंतजार है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वनडे श्रृंखला में टीम में कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों की मौजूदगी से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। तिलक ने कहा, ' वनडे और टेस्ट क्रिकेट मेरे खेल के मुताबिक है और मैं इसका अधिक लुत्फ उठाता हूं। मैं और वनडे खेलने के लिए उत्साहित हूं। जब रोहित भाई और विराट भाई एक ही टीम में होते हैं, तो आत्मविश्वास का स्तर बिल्कुल अलग होता है।' उन्होंने रोहित और कोहली की तारीफ करते हुए कहा, 'उनके पास अपार अनुभव और ज्ञान है। मैं बेहतर होने के लिए उनसे ज्यादा से ज्यादा सलाह लेने की कोशिश करता हू।' तिलक ने कहा, 'मैं विराट भाई से काफी बात करता हूं, खासकर फिटनेस और विकेटों के बीच दौड़ के बारे में उनकी सलाह लेता हूं। मुझे भी दौड़ना पसंद है और मुझे लगता है कि इस मामले में मैं काफी तेज हूं।'

### यानसन बेहतरीन ऑलराउंडर : कैलिस

**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर जाक कैलिस ने कहा कि मार्को यानसन ने हाल के महीनों में अपनी बल्लेबाजी में जो सुधार किया है, वह उन्हें आधुनिक क्रिकेट के शीर्ष हरफनमौला खिलाड़ियों में जगह बनाने में मददगार होगा। यानसन ने भारत दौरे पर आक्रामक बल्लेबाज के तौर पर अपनी साख को मजबूत करते हुए गुवाहाटी में टेस्ट और फिर रविवार को रांची में पहले वनडे में तेजी से अर्धशतक बनाए। कैलिस ने कहा, 'उसका साल शानदार रहा है, है ना? उसमें हमेशा से क्षमता थी। बस उसे अपने खेल को समझने की जरूरत थी। जाहिर है अब वह इसे समझ गया है और अच्छा संतुलन बना रहा है'। कैलिस ने कहा, ' यानसन की गेंदबाजी हमेशा शानदार रही है। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने बल्ले से अपनी प्रतिभा का पूरा इस्तेमाल नहीं किया था लेकिन अब उन्होंने निश्चित रूप से इसमें सुधार किया है। वह अब एक बेहतरीन हरफनमौला हैं। मुझे लगता है कि वह एसए20 में एक बड़ी भूमिका निभाएंगे।''




### आयरलैंड को 8 विकेट से हारकर बांग्लादेश ने जीती 2-1 से सीरीज

**चटगांव।** बांग्लादेश ने आयरलैंड के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है। मेजबान टीम ने मतिउर रहमान स्टेडियम में खेले गए सीरीज के अंतिम मुकाबले में 8 विकेट से जीत दर्ज की। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन तमीम को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जिन्होंने 7 बाउंड्री के साथ 55 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, मेहदी हसन को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। चटगांव में खेले गए इस मुकाबले की बात करें, तो टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए आयरलैंड की टीम 19.5 ओवरों में महज 117 रन पर सिमट गई। इस टीम को कप्तान पॉल स्टर्लिंग और टिम टेक्टर की जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 4 ओवरों में 38 रन टीम के खाते में जोड़े। टिम टेक्टर 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उनके आउट होने के बाद विकेटों का पतझड़ लग गया।

**न्यूजीलैंड-वेस्टइंडीज पहला टेस्ट**

# विलियमसन की वापसी, लगाया अर्धशतक ब्रेसवेल-स्मिथ की शानदार साझेदारी

एजेंसी ▸▸| क्राइस्टचर्च

केन विलियमसन ने टेस्ट क्रिकेट में वापसी करते हुए अर्धशतक जड़ा, जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन 9 विकेट पर 231 रन बनाए। विलियमसन ने 102 गेंद में छह चौकों की मदद से 52 रन की पारी खेली।

उन्होंने सलामी बल्लेबाज और कप्तान टॉम लैथम (24) के साथ दूसरे विकेट के लिए उस समय 93 रन की साझेदारी की जब टीम ने मैच की तीसरी गेंद पर ही डेवोन कॉनवे (00) का विकेट गंवा दिया था। विलियमसन




हालांकि 33 गेंद के निजी स्कोर पर भाग्यशाली भी रहे जब वह ओजाय शील्ड्स की गेंद पर बोल्ड हो गए थे लेकिन यह नोबॉल हो गई।

**एशेज श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई ओपनर उस्मान ख्वाजा बाहर**

# इंग्लैंड ने ब्रिसबेन टेस्ट के लिए वुड की जगह जैक्स को दिया मौका

एजेंसी ▸▸| ब्रिसबेन

एशेज श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में चोटिल तेज गेंदबाज मार्क वुड की जगह स्पिन गेंदबाजी करने वाले विल जैक्स के रूप में एकमात्र बदलाव किया गया है। हरफनमौला विल जैक्स को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से ब्रिसबेन में शुरू हो रहे दिन-रात्रि मैच के लिए एकादश में शामिल किया गया है। जैक्स को पिछले दो साल से टीम के नियमित स्पिनर रहे शोएब बशीर पर तरजीह दी गई है। जैक्स ने तीन साल पहले पाकिस्तान में दो टेस्ट मैच खेले थे। उन्होंने उसके बाद से ज्यादातर सीमित ओवरों के मैच खेले हैं।





**दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम:** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर।

### टेस्ट में इंग्लैंड के लिए पहली पसंद बशीर

वुड के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड ने जोश टंग और मैथ्यू पॉट्स जैसे तेज गेंदबाजों पर एक स्पिन गेंदबाजी करने वाले को प्राथमिकता दी है। बशीर पिछले दो वर्षों में टेस्ट में इंग्लैंड के लिए पहली पसंद के स्पिनर रहे हैं। उन्होंने 19 मैचों में 68 विकेट लिए हैं। 22 वर्षीय बशीर पहले टेस्ट में टीम के 12वें खिलाड़ी थे। इंग्लैंड इस टेस्ट मैच को दो दिन के अंदर हार गया था। इस बीच एशेज से जुड़ी एक अन्य खबर में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा पीठ की चोट के कारण ब्रिसबेन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। इस चोट ने पहले मैच में भी उन्हें परेशान किया था।




## 50,000 रोमन सिक्के... समंदर में मिला खजाना



**रोम।** कहा जाता है कि कभी-कभी किस्मत इंसान को वहीं ले जाती है, जहां इतिहास छुपा बैठा होता है। इटली के सार्डीनिया के पास ऐसा ही एक चमत्कार हुआ है, जब एक साधारण डाइविंग कर रहे व्यक्ति की नजर पानी के अंदर चमकती हुई किसी चीज पर पड़ी, पहले तो उसे लगा कि यह कोई कचरा होगा, लेकिन पास जाकर उसने देखा तो प्राचीन रोमन साम्राज्य के सिक्कों का ढेर था। जिसे देखकर वे हैरान हो गया। बताया जा रहा है कि यहां 30,000 से 50,000 तक कांस्य के सिक्के दबे हुए हो सकते हैं। यानी यह रोमन इतिहास का सबसे बड़ा सिक्कों का खजाना माना जा रहा है।

### कैसे मिला यह खजाना?

डाइवर ने जैसे ही सिक्के देखे, वह तुरंत तट पर पहुंचा और अधिकारियों को सूचना दी, इसके बाद सांस्कृतिक विरासत टीम, पुलिस डाइवर्स और पुरातत्व विशेषज्ञ वहां पहुंचे और पूरे इलाके को सुरक्षित कर लिया, यह जगह बीच और समुद्री पौधों के बीच की रेत में स्थित है। माना जाता है कि यहीं किसी रोमन जहाज का हादसा हुआ था और जहाज का माल समुद्र में फैल गया था। इन सिक्कों पर उस समय के रोमन सम्राटों की तस्वीरें बनी हैं। विशेषज्ञों के अनुसार ये चौथी सदी ईस्वी (324 से 340 ईडी) के हैं। ये फोलिस नाम के कांस्य सिक्के हैं। इन्हें आम लोगों और सैनिकों की रोजमर्रा की लेन-देन में इस्तेमाल किया जाता था। इन सिक्कों पर लिखे छोटे-छोटे अक्षरों से पता चलता है कि ये अलग-अलग शहरों में बनी टकसालों से आए थे। यानी यह माल किसी लंबी व्यापारिक यात्रा पर निकला था।

**चमत्कार**

# दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची रेल लाइन पर बना रहस्यमय पुल

**मानव साहस और तकनीकी कौशल की मिसाल**

दुनियाभर में कई ऐसी जगहें हैं, जिनके बारे में जानकर हैरानी होती है। इनमें से कहीं पर पहाड़ों का जंगल है, तो कहीं पर कोई ट्रेन बादलों के बीच से होकर गुजरती है। इतना ही नहीं, एक ब्रिज तो ऐसा भी है, जहां पर कुत्ते सुसाइड कर लेते हैं।

**लिमा।** दलेकिन, आज हम आपको दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची रेलवे लाइन पर बने उस रहस्यमयी पुल के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे 'छोटा नर्क भी कहा जाता है। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर ये पुल कहां पर है और इसका नाम क्या है।

ऐसे में बता दें कि इसका नाम है 'इनफर्निलो ब्रिज' यानी 'छोटा नर्क'। यह एंडीज पर्वत की ऊंची-ऊंची चोटियों के बीच बना है, जिसे देखकर इंसान की रूह कांप उठती है। जहां इतनी ऊंचाई पर हवा में सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है, वहां बना यह पुल किसी इंजीनियरिंग का चमत्कार ही नहीं, बल्कि मानव साहस और तकनीकी कौशल की एक जीती-जागती मिसाल है।



**एक सुरंग से निकलकर दूसरी सुरंग में प्रवेश करती है ट्रेन**

दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची रेलवे लाइन 'फेरोकारिल सेंट्रल एंडिनो' का यह हिस्सा समुद्र तल से 3,300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। पेरू की राजधानी लिमा से करीब 130 किलोमीटर दूर यह पुल दो विशाल चट्टानों के बीच बनी एक संकरी घाटी पर बना हुआ है। 1908 में अमेरिकन ब्रिज कंपनी द्वारा निर्मित इस 62.78 मीटर लंबे पुल की सबसे डरावनी विशेषता है इसके दोनों ओर बनी सुरंगें। इस पुल के निर्माण में आने वाली चुनौतियां अविश्वसनीय थीं। 20वीं सदी के शुरुआती दौर में बिना आधुनिक मशीनों के इंजीनियरों ने इस कठिन इलाके में स्टील के इस पुल को बनाया। पुल के दोनों सिरों पर बनी सुरंगें इसकी संरचना को और भी जटिल बनाती हैं- ट्रेन एक चट्टान की सुरंग से निकलकर सीधे पुल पर आती है और तुरंत दूसरी सुरंग में प्रवेश कर जाती है।

### क्यों कहते हैं छोटा नर्क?


यह पुल एंडीज पर्वतमाला की एक बहुत ही संकरी और गहरी घाटी में स्थित है। इसका नाम 'इनफर्निलो' (स्पेनिश में छोटा नर्क) इसकी भौगोलिक स्थिति के कारण पड़ा। पुल के नीचे गहरी खाई में रियो रिमैक नदी गर्जन करती हुई बहती है, जबकि ऊपर से ट्रेन गुजरती है तो पूरी संरचना कांप उठती है। पुल के एक तरफ 'कारेटेरा सेंट्रल' राजमार्ग है, जहां से यह नजारा और भी डरावना लगता है। इस तरह के बीहड़, दुर्गम स्थानों को पारंपरिक रूप से डरावना या 'नर्क जैसा' माना जाता रहा है। इसके अलावा जब 1908 में इसे बनाया गया था, तब इतनी ऊंचाई पर और ऐसी दुर्गम जगह पर काम करना बेहद खतरनाक था। इंजीनियरों और मजदूरों के लिए यह जगह सचमुच 'छोटा नर्क' बन गई थी, जहां उन्हें जान जोखिम में डालकर काम करना पड़ा था।

## 2,000 साल पुरानी रहस्यमयी पाण्डुलिपि! ममी के साथ दफन था परलोक का राज

**काहिरा।** कहा जाता है कि प्राचीन मिस्र में लोग मौत को अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत मानते थे। इसी विश्वास से जुड़ी एक चौंकाने वाली खोज मिस्र के सक्कारा क्षेत्र में हुई है। जब पुरातत्वविदों ने एक पुरानी लकड़ी की ताबूत खोली, तो उन्हें उम्मीद थी कि अंदर सामान्य ममी, पट्टियां और कुछ तावीज मिलेंगे. लेकिन उन्हें जो मिला, उसने सबको हैरान कर दिया है। ताबूत के अंदर एक बेहद सुरक्षित और खूबसूरत तरीके से लपेटी 2,000 साल पुरानी पाण्डुलिपि मिली है। यह पाण्डुलिपि इतनी अच्छी हालत में थी कि मानो समय ने इसे छुआ ही न हो, इसे पेपायरस ऑफ अहमोस नाम दिया गया है।

पाण्डुलिपि में बार-बार लिखे नाम से पता चलता है कि यह एक व्यक्ति के लिए खास बनवाई गई थी, जिसका नाम अहमोस था। माना जाता है कि वह एक सम्पन्न व्यक्ति था क्योंकि इतनी लंबी और निजी धार्मिक पुस्तक केवल अमीर लोग ही बनवा सकते थे। इसमें उनका नाम करीब 260 बार लिखा गया है, ताकि मरने के बाद भी देवता उनका नाम पुकारें और उनकी आत्मा सुरक्षित बनी रहे।







| MODEL | 125 CF | 150 | NS 125 | N160 | NS 200 | PLATINA 110 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 100% GST लाभ | ₹8 045/-* | ₹10 249/-* | ₹9 376/-* | ₹11 640/-* | ₹13 017/-* | ₹6 342/-* |
| PF + इंश्योरेन्स सेविंग्स | ₹2 900/-* | ₹3 700/-* | ₹3 400/-* | ₹4 200/-* | ₹4 700/-* | ₹2 400/-* |
| हैट-ट्रिक सेविंग्स | ₹10 945/-* | ₹13 949/-* | ₹12 776/-* | ₹15 840/-* | ₹17 717/-* | ₹8 742/-* |

**Authorized Dealers for BAJAJ Auto Ltd.: Bilaspur**: Tifra Over bridge TRIPUR BAJAJ 9752133444, 9754033444 • Naya Sarkanda KHANDELWAL BAJAJ 9300998989, 9165555222 • Old Bus Stand TRIPUR BAJAJ 7999848912, • **Mungeli** : KHANDELWAL BAJAJ 9399021705, 07755299124 • **Lormi** : KHANDELWAL BAJAJ 9399021701 • **Ambikapur** LAXMI BAJAJ 9074816511, 9754830536 • **Janjgir** SHREE SALASAR BAJAJ 9179981000 • **Champa** 8319235702 • **Korba** TIRUPATI BAJAJ 6232103042, 7879313041 • **Dipka** TIRUPATI BAJAJ 9302444204, **Jamnipali** TIRUPATI BAJAJ 6232123757 • **Raigarh** JINDAL BAJAJ 9589905646,7067109202 • **Jashpur** JINDAL BAJAJ 8817775566, **Baikunthpur** KOREA BAJAJ 9752949291.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com